वर्ष 72 अंक 129 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 06 फरवरी, 2025
माघ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हम जब भी क्रोधित होते हैं,
सत्य का मार्ग त्याग देते हैं।
- भगवान बुद्ध

## संक्षिप्त खबरें

### 25 पैसे गिरकर रुपया ऑल टाइम लो पर आया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रुपया एक बार फिर अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। बुधवार को कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिरकर 87.37 के स्तर पर पहुंच गया। यह इसका सबसे निचला स्तर है। यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा रहा। इससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ेगा। नवंबर में भारत का व्यापार घाटा 37.8 बिलियन डॉलर (करीब 3.31 लाख करोड़ रुपए) और दिसंबर में 21.94 बिलियन डॉलर (करीब 1.92 लाख करोड़ रुपए) रहा। अब यह और बढ़ेगा, क्योंकि सरकार को विदेशी देनदारी डॉलर में चुकानी पड़ती है।

#### वित्त मंत्रालय की सलाह

### चैटजीपीटी व डीपसीक से दूर रहें कर्मचारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने अपने कर्मचारियों को चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई ऐप से दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि ऑफिस के कंप्यूटर और डिवाइस में एआई टूल और एआई ऐप दस्तावेजों की गोपनीयता के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। बता दें कि इससे पहले आईटी मंत्रालय ने कहा था कि डीपसीक जैसे एआई टूल्स से संबंधित गोपनीयता संबंधी चिंताओं को भारतीय सर्वरों पर ओपन-सोर्स मॉडल की मेजबानी करके प्रबंधित किया जाना चाहिए। डीपसीक एक चीनी एआई ऐप है, जो दुनिया ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**एक्जिट पोल:** कुल सीटें 70, बहुमत-36 **पोल ऑफ पोल्स** भाजपा 39 आप 30 कांग्रेस 01

# 27 साल बाद दिल्ली में बनती दिख रही भाजपा की सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विधानसभा की 70 सीटों पर आज शाम को वोटिंग खत्म होने के बाद 11 एक्जिट पोल आए। 9 में भाजपा को बहुमत तो 2 में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने का अनुमान है। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, आप को 30 और कांग्रेस को एक सीट मिलती दिख रही है। जेवीसी और पोल डायरी ने अपने एक्जिट पोल में अन्य को भी 1-1 सीट मिलने के आसार हैं।

अगर भाजपा को बहुमत मिलता है तो वह 27 साल बाद सत्ता में लौटेगी। इससे पहले 1993 में भाजपा ने 49 सीटें जीतीं और 5 साल में 3 सीएम बनाए थे, मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज। एक्जिट पोल के अनुमान पर भाजपा ने खुशी जताई है। उधर, आप नेता सुशील गुप्ता ने कहा, यह हमारा चौथा चुनाव है और हर बार एक्जिट पोल में आप की सरकार बनते हुए नहीं दिखाई गई। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों के लिए काम किया है। 8 फरवरी को नतीजे आप के पक्ष में आएंगे।

### एक्जिट पोल्स का अनुमान

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | आप | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| माइंड ब्रिंक | 21-25 | 44-49 | 0-1 |
| पीपुल्स सनसाइट | 40-44 | 25-29 | 0-1 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 39-44 | 25-28 | 2-3 |
| जेवीसी पोल्स | 39-45 | 22-31 | 0-2 |
| पी. मार्क | 39-49 | 21-31 | 0-1 |
| पोल डायरी | 42-40 | 18-25 | 0-2 |
| डीवी रिसर्च | 36-44 | 26-34 | 0-0 |
| वीप्रिसाइड | 18-23 | 46-52 | 0-1 |
| एसएएस | 38-41 | 27-30 | 1-3 |
| मैट्रिज | 35-40 | 32-37 | 01 |
| पीपुल्स पल्स | 51-60 | 10-19 | 0-0 |

### तमिलनाडु उपचुनाव: 64.02% मतदान

**चेन्नई।** तमिलनाडु की इरोड ईस्ट विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 64.02 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 53 जगहों के 237 बूथों पर वोटिंग हुई। चुनाव आयोग सीसीटीवी और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से वोटिंग पर नजर बनाए रहा। यह सीट 2024 में कांग्रेस विधायक ईवीकेएस एलंगोवन के निधन की वजह से खाली हुई थी। यहां डीएमके और एआईएडीएम के बीच मुकाबला है। भाजपा ने चुनाव लड़ा नहीं है।


### दिल्ली में 60.42% वोटिंग पिछले तीन चुनावों से कम



महरौली के एक केंद्र पर मतदान करते वोटर।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 60.42 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 66.25 और सबसे कम साउथ-ईस्ट में 56.16 प्रतिशत मतदान हुआ। यह भाजपा सांसद मनोज तिवारी का संसदीय क्षेत्र है। पिछले 12 सालों में यह सबसे कम वोटिंग है। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण रहा। उधर, दिल्ली के सीलमपुर इलाके में पोलिंग बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यहां बुर्के की आड़ में फर्जी वोटिंग हो रही है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा के पिछले 3 चुनावों के मुकाबले इस बार कम वोटिंग हुई है। यहां साल 2013 में 65.63 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2015 में 67.12 और 2020 में 62.59 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। तीनों बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी।

### 'संगम में डुबकी लगाकर करोड़ों लोगों की तरह मैं भी धन्य हुआ'



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मंत्रोच्चार के बीच अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद पीएम ने सूर्य को अर्घ्य दिया। करीब 5 मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य की पूजा की।

संगम स्नान के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- महाकुंभ में आज पवित्र संगम में डुबकी लगाकर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन्य हुआ। मां गंगा सभी को असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दें।

(प्लेन से पहुंचे प्रधानमंत्री, स्टीमर से संगम में जाकर लगाई डुबकी, पेज-8 पर)

# स्कूल मास्टर के पास 52 प्लॉट, 21 दुकानें

## 25 लाख के जेवर व 4.71 लाख कैश भी मिले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईओडब्ल्यू ने शिवपुरी के भौंती कस्बे में जब बुधवार को एक प्राइमरी टीचर के ठिकानों पर छापा मारा तो वहां से मिली संपत्ति देख अफसरों की भी आंखें फटी रह गईं। सुरेश सिंह भदौरिया नाम के इस प्राइमरी टीचर के यहां छापे के दौरान 52 प्लॉट, 21 दुकानें, 25 लाख के सोने-चांदी के जेवर समेत कुल 8 करोड़ 36 लाख की संपत्ति बरामद हुई है। इसके साथ ही 4 लाख 71 हजार कैश भी घर से मिला है।



आरोपी

प्राइमरी सहायक शिक्षक के पद पर तैनात भदौरिया को लगभग 20 साल की सर्विस के दौरान वेतन के रूप में केवल 38 लाख रुपए ही मिले। छानबीन के बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने भदौरिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में धारा 13 (1) और धारा 13 (2) के तहत केस दर्ज किया है। सुरेश सिंह भदौरिया के घर छापे के बाद शुरू हुई प्रारंभिक जांच में उजागर हुआ है कि उसने यह संपत्ति अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी है। संपत्ति के पेपर्स भौंती कस्बे में स्थित उसके घर से ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### घर से मिली दौलत का विवरण

- भौंती कस्बे में रिहायशी मकान और 11 दुकानें - कीमत 1 करोड़
- पिछोर रोड पर 10 दुकानें - कीमत 1 करोड़
- 52 प्लॉट की रजिस्ट्री - कीमत 5 करोड़
- 4 लाख 71 हजार कैश
- 371 ग्राम सोना और दो किलो चांदी के जेवर - कीमत 25 लाख
- एक ट्रक, एक स्कॉर्पियो, एक ट्रैक्टर, 5 थ्रेसर, एक टैंकर, चार ट्रॉली - कीमत 50 लाख
- 44 भू-अधिकार पुस्तिका और 12 बैंक खाते

### थाने की जमीन पर कर लिया था कब्जा, 6 केस पहले से दर्ज

सुरेश सिंह भदौरिया के बारे में प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार वह पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू का बेहद करीबी रहा है। उसके खिलाफ पहले से 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। सुरेश नजदीक के ही कैडर नाम के गांव में पदस्थ है। भौंती निवासी शिवम गुप्ता ने भदौरिया के पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत ईओडब्ल्यू को की थी। टीचर बनने से पहले भदौरिया किराने की दुकान चलाता था। टीचर बनते ही उसने जमीन खरीदने और बेचने का धंधा शुरू कर दिया था। सुरेश ने भौंती थाने की जमीन को भी अपना बताते हुए उस पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वह यह केस कोर्ट में हार गया था।

### रीवा में चार हजार की रिश्वत लेते रीडर गिरफ्तार

इधर, बुधवार को ही ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने सतना जिले के बिरसिंहपुर में पदस्थ तहसीलदार के रीडर राकेश त्रिपाठी को 4 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। राकेश ने नीलेश लोधी नाम के किसान से पारिवारिक जमीन के बंटवारे का आदेश जारी करने के एवज में 5 हजार की घूस मांगी थी। इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई थी, जिसके बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। बुधवार को जैसे ही तहसील कार्यालय में राकेश त्रिपाठी ने रिश्वत के रुपए लिए, नजदीक ही मौजूद टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

### शराब पीने से रोकने पर एसआई को पीटा माफी भी मंगवाई, वीडियो किया वायरल



एसआई तेरेश्वर

**जागरण, इंदौर।** शहर में बदमाशों की दबंगई का एक और चौंकाने वाली मामला सामने आया है। शराब पीने से रोकने पर बाणगंगा थाने में पदस्थ एसआई तेरेश्वर इक्का के साथ चार युवकों ने जमकर मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने जबरन माफी मंगवाते हुए एसआई का वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने एसआई से मारपीट करने वाले चार में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक जोबट जेल में पदस्थ है। यह घटना मंगलवार सुबह 5 बजे अरविंदो अस्पताल के पास हुई। पुलिस ने एसआई का मेडिकल परीक्षण कराया और गाड़ी नंबर के आधार पर मुख्य आरोपी विकास और उसके साथी को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक चारों बदमाश थार जीप में शराब पी रहे थे। एसआई तेरेश्वर इक्का ने जब उन्हें शराब पीने से रोका तो आरोपी विकास और उसके तीनों साथी विवाद करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने एसआई का बैच और वायरलेस सेट भी छीन लिया और उस पर हमला कर दिया। विकास और उसके साथियों ने एसआई को जबरन अपनी जीप में बैठाकर मजदूरों के सामने माफी मंगवाई और उस पर वसूली का आरोप भी लगाया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**वायरलेस पर मदद की गुहार लगाता रहा एसआई :** बदमाशों द्वारा की जा रही मारपीट के दौरान एसआई ने वायरलेस सेट पर कई बार मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। सड़क से गुजर रहे लोग भी केवल तमाशबीन बने रहे। रुककर एसआई की मदद करने न कोई रुका और न आगे ही आया। इस पर सवाल उठ रहे हैं कि वायरलेस पर मदद की गुहार के बावजूद पुलिस का एसआई को फौरन सहयोग क्यों नहीं मिला।


#### बैडमिंटन खेलते समय आया हार्ट अटैक

### परंपरा के चलते उगल दी दवा, कोर्ट में ही मौत!

**जागरण, इंदौर।** जाने-माने दवा व्यापारी की बैडमिंटन खेलते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। दवा व्यापारी अमित चेलावत मूलतः श्वेतांबर जैन थे और नवकासरी परंपरा के मुताबिक सुबह आठ बजे के पहले अन्न-जल भी नहीं लेते थे। इसी के चलते अटैक आने पर जब कोर्ट पर मौजूद लोगों ने तात्कालिक उपचार के तौर पर सॉर्बिट्रेट टेबलेट अमित के मुंह में डाल दी, लेकिन उन्होंने दो बार दवा उगल दी। इस बीच लोगों ने सीपीआर देने की कोशिश की, मगर वे जान बचाने में नाकाम रहे। सेवाभावी परिवार ने निधन के बाद अमित की आंखें और स्किन दान की है। इंदौर के साउथ तुकोगंज के रहने वाले अमित चेलावत (45) रोजाना की तरह बुधवार को भी सुबह अभय प्रशाल में बैडमिंटन खेल रहे थे। खेल के दो राउंड पूरे हो चुके थे, तभी अमित के सीने में दर्द शुरू हुआ। वे एक ओर जाकर बैठ गए। कुछ ही देर में उनको बेहोशी छाने लगी। साथियों ने सीपीआर दिया तो वे उठकर बैठ गए। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



अमित जैन




**आश्चर्यजनक** | गाय के दामों में खरीदी जा सकती हैं एक दर्जन से ज्यादा लग्जरी कारें

# ब्राजील में 41 करोड़ में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

**ब्राजीलिया, जेएनएन।** ब्राजील में नेलोरे नस्ल की वियातिना-19 नामक एक गाय की कीमत इतनी मिली, जिसके एवज में दर्जन भर से अधिक वर्ल्ड क्लास लग्जरी कारें एक साथ खरीदी जा सकती हैं। यह गाय रिकॉर्ड 4.8 मिलियन डॉलर यानी 41 करोड़ 80 लाख रुपए में बिकी। मूल रूप से भारत की नेलोर नस्ल की यह गाय गर्मी के प्रति अपनी सहनशीलता, रोग प्रतिरोधक और प्रजनन क्षमता की वजह से अत्यधिक मूल्यवान मानी गई है। इस गाय की कीमतें उसकी अनूठी आनुवंशिकी, बेहतर गुणवत्ता वाले जीन और अद्वितीय गुणों के कारण भी आसमान छूती हैं। गाय दुग्ध उत्पादन और कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है पर कुछ गायों की कीमत बहुत अधिक होती है। सबसे महंगी गायों में जापान की वाग्यू और भारत की ब्राह्मण शामिल हैं, जो अत्यधिक गर्म और बार-बार बदलने वाली जलवायु के अनुकूल होती हैं। हालांकि, ब्राजील की वियातिना-19 गाय ने 4.8 मिलियन में बिककर एक नया रिकॉर्ड बना दिया है।



### 19वीं सदी में ब्राजील पहुंची थी यह नस्ल

नेलोर नस्ल की उत्पत्ति भारत में हुई थी और इसे पहले ओंगोल मवेशी के रूप में जाना जाता था। इसे 1800 के दशक में ब्राजील लाया गया था। ओंगोल या नेलोर गायो की जन्मभूमि आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले का ओंगोल क्षेत्र है। दक्षिण भारत के गर्म और आर्द्र जलवायु के अनुकूल ये मवेशी आसानी से ऐसे वातावरण में जीवित रह सकते हैं, जहां अन्य नस्लों को संघर्ष करना पड़ता है। इसलिए क्रॉसब्रीडिंग कार्यक्रमों में भी इनका इस्तेमाल किया जाता है। ओंगोल मवेशियों को ब्राजील अब कई देशों में निर्यात करता है।

### जीत चुकी है मिस साउथ अमेरिका का ताज

वियातिना-19 के पास सबसे महंगी गाय होने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तो है ही, उसकी सुंदरता, बेजोड़ आनुवंशिकी और चिकने, सफेद मांसल शरीर के लिए उसे चैंपियंस ऑफ द वर्ल्ड प्रतियोगिता में 'मिस साउथ अमेरिका' का ताज भी पहनाया जा चुका है। गाय का वजन 1,101 किलोग्राम है, जो उसी की नस्ल की एक सामान्य वयस्क गाय के वजन से दोगुना है। उसकी स्निग्ध त्वचा और कंधों पर उभरे हुए कूबड़ भी उसकी खासियत हैं। इन्ही विशेषताओं ने इस गाय को मवेशी उद्योग में एक मूल्यवान संपत्ति और बेहतर पशुधन आनुवंशिकी का एक प्रमुख उदाहरण बनाया है। वियाटिना-19 के अंडे सुरक्षित कर दुनियाभर में बेचने की योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि इस तरह की उन्नत गायों को और जन्म दिया जा सके।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से चैंपियन ट्रॉफी की तैयारी करेगी टीम इंडिया... (पेज 11)




# देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा 9 को

## गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी दुर्मनकूट धाम में आयोजित होगा महोत्सव

**जागरण, रीवा।** योगी सम्राट ब्रह्मर्षि श्री देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 9 फरवरी को गुढ़ तहसील के ग्राम दुआरी स्थित दुर्मनकूट धाम में आयोजित किया गया है। शुभारंभ सुबह सुंदरकाण्ड पाठ से किया जाएगा। इस दौरान विशाल भंडारा व जिला प्रशासन द्वारा जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया है। महाभिषेक एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का मार्गदर्शन करने देवरहा बाबा के प्रिय शिष्य



स्वामी अभ्येश्वर प्रपन्नाचार्यजी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मप्र शासन राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अध्यक्षता गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता होंगे। यह जानकारी बुधवार को जॉन टॉवर में आयोजित प्रेस वार्ता में देते हुए कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने बताया कि ग्राम दुआरी का दुर्मनकूट धाम देवरहा बाबा की तपस्थली रहा है, जहां देवरहा बाबा तपस्या किए थे। दुर्मनकूट धाम से लोगों की अगाध आस्था है, जहां चित्रकूट के दर्शन होते हैं और लोग दुर्मनकूट धाम को मिनी चित्रकूट धाम भी कहते हैं। देवरहा बाबा जिस गुफा में तपस्या करते थे वहां से आज भी रात्रि के अंतिम पहर में रामधुन की आवाज निकलती है और बाबा जहां तपस्या करते थे वहां की धरती में कंपन का एहसास होता है। श्री मिश्र ने बताया कि ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा भारत के इतिहास में सबसे बड़े तपस्वी, महान योगी एवं सिद्ध महापुरुष थे, जो लोगों को आध्यत्मिक ज्ञान देते थे। देवरहा बाबा ऐसे दैवीय शक्ति वाले संत थे जिन्होंने कभी अपनी चमत्कारित शक्तियों या तप ज्ञान को लेकर कोई दावा नहीं किया। वे ऐसे कर्मयोगी सिद्ध संत थे जो ध्यान, साधना की शक्ति के जरिए हर किसी के मन की बात जान लेते थे। वे अष्टांग योग में पारंगत थे। देवरहा बाबा को समाधि लिए तीन दशक से अधिक हो गए लेकिन आज भी उनका आशीर्वाद लोगों को फलीभूत हो रहा है। देवरहा बाबा का दर्शन करने के बाद जिसे उनका आशीर्वाद मिल जाता था उसका जीवन धन्य हो जाता था। ग्राम दुआरी निवासी स्मृतिशेष लवकुश प्रसाद अग्निहोत्री देवरहा बाबा के परम भक्त थे, जिनका दुर्मनकूट धाम के लिए योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

# बस ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा दी गई विदाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ अतुल सिंह को अपने सेवाकाल के समय चुनाव में परिवहन की सुचारु व्यवस्था एवं उत्कृष्ट सहयोग के लिए बस आनर्स एसोसिएशन के द्वारा उनके सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह मोहम्मद रफीक भय्यू भाई, पुष्पेन्द्र द्विवेदी के संयोजकत्व में स्थानीय कॉफी हाउस पुराने बस स्टैण्ड मे आयोजित की गई। अपने उद्बोधन मे रीवा आरटीओ मनीष त्रिपाठी ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुये उनके द्वारा सेवाकाल के दौरान किये गये कार्य की सराहना की। सरदार प्रहलाद सिंह, प्रमोद सिंह, पद्मेश गौतम ने भी अपने उद्बोधन मे उनके कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन शिब्बू श्रीवास्तव ने किया। विदाई समारोह मे प्रमुख रूप से रीवा आर.टी.ओ. मनीष त्रिपाठी, सरदार प्रहलाद सिंह, प्रमोद सिंह, गुड्डा भइया, मो. रफीक भय्यू भाई, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, पदमेश गौतम, शिब्बू श्रीवास्तव, एड. आफताब आलम, अनिलेश गौतम टिंकू, शिवाकान्त द्विवेदी, राधे भाई,



गुलाब, नागेश्वर सिंह, नीरज प्रधान, शकील सिद्दीकी, दिलीप पप्पी, गौरव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शहर में आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 को प्रभावशील करने का प्रयास



## निगमायुक्त ने ली फ्लैक्स बैनर बनाने वाले प्रिंटर संचालकों की बैठक

**जागरण, रीवा।** विज्ञापन बोर्ड से पटे शहर में मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 को प्रभावशील करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया है। इसके लिए प्रथम चरण में विज्ञापन बोर्ड एवं फ्लैक्स बैनर आदि बनाने वाले प्रिंटर संचालकों की बैठक लेकर निगमायुक्त ने उक्त नियम के बारे में बारीकी से जानकारी दी और उसका पालन सुनिश्चित करने के लिए निद्रेशित किया। मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा शहर के फ्लैक्स, बैनर एवं प्रिन्टर्स आदि व्यवसाय करने वालों के साथ एक बैठक लेते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रतिष्ठान आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 का अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी संचालक अपने ग्राहकों को उक्त नियम के संबंध में अवगत कराते हुये विज्ञापन सम्बंधी कार्य करें। निगमायुक्त द्वारा निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुकानों के बाहर जो विज्ञापन बोर्ड लगे हैं, यातायात बाधित करते हैं तथा अवैध एवं अव्यवस्थित विज्ञापन शहर की सुन्दरता एवं स्वच्छता में रुकावट बनते हैं। ऐसे सभी विज्ञापनों को तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाय तथा अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध चलानी कार्यवाही भी की जाय। बैठक में उपायुक्त दीपक पटेल, एवं शहर के फ्लैक्स, प्रिंटर प्रतिनिधि व पेंटर उपस्थित रहे।

# टमस में हो रहा रेत का उत्खनन, कलेक्टर ने खजिन विभाग को कार्रवाई की दी चेतावनी

## अवैध खनिज परिवहन तथा अवैध शराब बिक्री पर रोक अधिकारियों की कलेक्टर ने लगाई क्लास

**जागरण,रीवा।** खनिज विभाग निष्क्रिय है। इसका फायदा भूमाफिया उठा रहे हैं। तेजी से अवैध उत्खनन चल रहा है। टमस नदी में अवैध रेत निकासी हो रही है। शिकायतें लगातार पहुंचने पर कलेक्टर ने खनिज अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। मौके पर पहुंच कर कार्रवाई के साथ ही वाहनों की जब्ती के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने खनिज, आबकारी, परिवहन तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा की। समीक्षा में अवैध उत्खनन, अवैध शराब बिक्री, अवैध परिवहन मुख्य मुद्दा रहा। कलेक्टर अवैध उत्खनन को लेकर नाराजगी दिखाईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती बरतने तथा अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जवा क्षेत्र में टमस नदी से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें प्राप्त होती हैं। उस पर कार्यवाही करें तथा अवैध उत्खनन के प्रकरण बनाकर वाहनों की जब्ती के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक थाम के निर्देश देते हुए कहा कि टीम गठितकर शिकायत वाले क्षेत्रों में कार्यवाही करें। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि बिना रजिस्टर्ड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करें तथा असुरक्षित बसों व अन्य वाहनों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। जिन वाहनों के बीमा नहीं हैं उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। खाद्य सुरक्षा की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रतिष्ठानों से नमूने लेने तथा अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने रेगुलेटरी सेंपल लेने तथा सर्विलांस सेंपल को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य सुरक्षा में की गयी कार्यवाही की सतत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किये गये कार्यवाही को आगामी तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक आज

वन सीमा से 250 मीटर परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक 6 फरवरी को आयोजित की गई है। कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित बैठक में सिंगरौली जिले से प्राप्त खनि पट्टा एवं आपत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर सिंगरौली, वनमण्डलाधिकारी सिंगरौली तथा जिला खनिज अधिकारी सिंगरौली उपस्थित रहेंगे।

# एमसीयू परिसर में जाने-माने कवियों ने किया रचनापाठ




## कवि सम्मेलन के साथ बसंतोत्सव-2025 का समापन

**रीवा।** कवि सम्मेलन के साथ दो दिवसीय बसंतोत्सव-2025 का समापन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय संस्थान में संपन्न हुआ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय बसंतोत्सव भव्य कवि सम्मेलन के साथ पूरा हुआ। कवि सम्मेलन में रीवा के जाने-माने कवि उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डा. ओम प्रकाश मिश्रा व्यथित,डॉ राम सरोज द्विवेदी शांतिदूत,भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर शिवानंद तिवारी,डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ. आरती तिवारी अमित शुक्ला, हसमत रीवानी,सीमारानी झा, रामकृष्ण द्विवेदी,अमित द्विवेदी, अनुसुइया प्रसाद मिश्रा,सुखनंदन प्रजापति,प्रद्युम्न नामदेव गुस्ताख, नागेंद्र मिश्रा मणि, कमल किशोर मिश्रा कमल,डॉ विनय दुबे,मधुस्मृता सिंह सत्येंद्र सजग आदि ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का सरस एवं शानदार संचालन आशीष तिवारी निर्मल ने किया। सभी कवियों का स्वागत डॉ. बृजेन्द्र शुक्ल,चंद्रकांत तिवारी एवं जिला महामंत्री डॉ रंजना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में पत्रकार, पत्रकारिता के विद्यार्थी, शिक्षक एवं गणमान्य जन सहित काफी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकार मुकुंद मिश्रा, मॉडल स्कूल के पूर्व प्राचार्य पंकज शर्मा, सीएम राइज विद्यालय सिरमौर के प्राचार्य रजनीश द्विवेदी, अजय अवस्थी, विमलेश द्विवेदी, अजय मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, वासुदेव शुक्ला, नीलेशधर द्विवेदी, राज नारायण शुक्ला, सुधेश मिश्रा, जितेंद्र द्विवेदी, दीप नारायण तिवारी, अनूप द्विवेदी, लक्ष्मीकांत गर्ग, शांति स्वरूप त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, राकेश वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, मुकेश शुक्ला, शशिभूषण मिश्रा, अनिलेश त्रिपाठी, मुदिता मिश्रा, मधु सिंह, स्नेहा त्रिपाठी, अरुणा पाठक, संगीत पाण्डेय, डॉ. कमलाकर पाण्डेय, देवदास साकेत, राजीव तिवारी, अनिल शुक्ला, अशोक सिंह, दिनेश पाण्डेय, रामसुमेर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रोता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं एवं कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई की गई।

# छात्रों ने समझी स्वच्छ जल की उपयोगिता



**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा मउगंज में जल प्रदाय परियोजना का कार्य किया गया। नागरिकों को कम्पनी द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छ जल का महत्व बताने के लिए समय समय पर प्रयास किए जा रहे है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुवगवां में छात्रों को जल शोधन संयंत्र का भ्रमण कराया गया। छात्रों को नल से जल की उपयोगिता व स्वच्छ जल की महत्ता भी समझाई गई। कार्यक्रम का समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी शैलेष तिवारी और उपयंत्री अनिमेष श्रीवास्तव ने किया।

# एसकेएम ने बजट की प्रतियां जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

**रीवा।** एसकेएम ने केंद्रीय बजट को किसानों श्रमिकों और मेहनतकश लोगों पर एक बड़ा हमला बताते हुए किसान मजदूर गरीब विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक बजट कि देशभर में प्रतियां जलाकर कड़ा विरोध करने का ऐलान किया था। एसकेएम के संयोजक शिव सिंह ने बताया कि रीवा में एसकेएम ने अग्रसेन चौक में प्रतियां जलाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। एसकेएम ने कहा कि हमारी मांगें यदि पूरी नहीं की तो पूरे देश में कड़ा विरोध जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में मीसाबंदी बृहस्पति सिंह इंद्रजीत सिंह शंखू शोभनाथ कुशवाहा संतकुमार पटेल फौजी यदुवंश प्रताप सिंह विवेक पटेल भक्त प्रहलाद कुशवाहा मोहम्मद तौहीद भीम सिंह धर्मेंद्र सिंह प्रदीप बंसल राकेश शर्मा मऊगंज मनधीर पटेल अंशुल सिंह चौहान अनिल मिश्रा मुकेश तिवारी फौजी रमेश पटेल राजेश साकेत अरुण पटेल बृजेश पटेल नरेंद्र सिंह दशरथ पटेल गणेश कर्चुली सहित बड़ी संख्या में किसान मजदूर शामिल रहे।






## सीटू ने भी जलाई बजट की प्रतियां

**रीवा।** केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के अखिल भारतीय आह्वान पर श्रमिक संगठन सीटू ने केन्द्रीय बजट के खिलाफ रीवा कमिश्नर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर केन्द्रीय बजट की प्रतियां जलाई। इस मौके पर श्रमिक नेताओं ने कहा कि यह आम लोगों का नहीं खास लोगों का बजट है। देश के बेरोजगार युवाओं, श्रमिकों, किसानों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा आदि के क्षेत्रों में बजट में किसी भी तरह की राहत नहीं दी गई। इस आम बजट में सिर्फउच्च मध्यम वर्ग को खुश करने का प्रयास किया गया। वित्त मंत्री ने देश के चंद पूंजीपतियों एवं आगामी राज्यों में होने वाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए बजट पेश किया। श्रम संहिताओं एवं न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने को लेकर भी कोई चर्चा नहीं है। इस दौरान सीटू जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा, अमित सोहगौरा, विनय शंकर मुफलिस, बसंतलाल सिंह, बृजेश सिंह, संजय तिवारी, अमरीष तिवारी, किशोरी वर्मा, सुनीता मिश्रा, रजिया खांन, राजकुमारी साकेत, निर्मला सिंह, सीता सिंह, अमृता सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री 7 को आएंगे

**रीवा।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम जी टेटवाल रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा 7 फरवरी को प्रातः रीवा आएंगे तथा सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट करेंगे। श्री टेटवाल प्रातः 11 बजे रीवा से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री गौतम जी टेटवाल 8 फरवरी को शाम 5 बजे प्रयागराज से रीवा पहुंचेंगे। तदुपरांत रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल रवाना हो जाएंगे।

# आपत्ति आगामी सात दिवस तक आमंत्रित

**रीवा।** ग्राम चिरहुला की भूमि खसरा नंबर 185/1 रकवा 64.868 हेक्टेयर में से 25.54 एकड़ का आवंटन एमपीएचआईडीबी की जनरल हाउसिंग स्कीम के लिए किया जाना है। इस भूमि के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी सात दिवस में नायब तहसीलदार हुजूर नगर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

# पेंशनर्स की बैठक 8 फरवरी को

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन के जिला शाखा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन की बैठक 8 फरवरी को 1 बजे दोपहर से संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई है। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं पेंशनर साथियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।

# शहर भ्रमण कर निगमायुक्त ने देखी समस्याएं

## कई जगह से हटवाया अतिक्रमण



**जागरण, रीवा।** शहर भ्रमण करते हुए निगमायुक्त ने कई वार्डो का निरीक्षण किया तथा समस्याओं का जायजा लेते कई जगह से अतिक्रमण हटवाये जाने की कार्यवाही की। उनके साथ नगरनिगम का उड़नदता भी मौजूद रहा। निगमायुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे ने बुधवार को शहर में भ्रमण के दौरान पीएम आवास परिसर का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस दौरान गड्डी रोड से पुलिस लाइन तक सीवर का कार्य में आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली तथा सीवर कार्य को विभाजित कर एवं मशीन की संख्या बढ़ाकर कराये जाने के निर्देश दिए। गड्डी रोड में तोपखाना से होमगार्ड चौराहा तक तत्काल अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिए। एसएएफ मैदान, कृष्णा नगर पीएम आवास एवं कमाडेंट बंगला के पास कायाकल्प रोड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात ही चिरहुला क्षेत्र अंतर्गत ललपा में सड़क मार्ग में अतिक्रमण कर रखे गये दुकान, ठेला को हटाने की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा की गई। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा बोदाबाग रोड में ठेला, गुमटी द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। ईव्हीएम गोदाम के पास बाउड्रीवॉल के बगल से अतिक्रमण किया गया था जिसे हटाने की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त द्वारा पीएम आवास परिसर का भी निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, उपायुक्त दीपक पटेल, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, उपयंत्री मनोज सिंह, अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# निगमायुक्त ने किया नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण

## श्रवण बाधित विद्यालय को आईडीबीआई बैंक ने दिया 6 नग कूलर

**जागरण, रीवा।** शहर भ्रमण पर निकले निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने श्रवण बाधित विद्यालय एवं नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण का निरीक्षण किया तथा विद्यालय के छात्रों से भी चर्चा की। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे की उपस्थिति में नगर निगम वार्ड 44 अंतर्गत श्रवण बाधित विद्यालय रीवा को आईडीबीआई बैंक के सौजन्य से 6 नग कूलर प्रदान किया गया। निगमायुक्त ने इस प्रकार के नवाचार की सराहना करते हुये आईडीबीआई बैंक द्वारा किये गये सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। निगमायुक्त ने कहा कि विद्यालय की जो भी जरूरतें होंगी उसे नगर निगम द्वारा मुहैया कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय की हर परेशानी दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य से संबंधित अधिकारी कर्मचारी को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात नेत्रहीन विद्यालय में बन रहे हॉल का जायजा लिया, एवं निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ ही जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। स्कूली बच्चों



की मनमोहक प्रस्तुति से निगमायुक्त गदगद हुये एवं बच्चों से बात कर उनकी समस्याओं को जाना एवं बच्चों से हर संभव समस्याओं को दूर करने की बात कही। इस अवसर उपायुक्त दीपक पटेल, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, नेत्रहीन विद्यालय के प्राचार्य शंकर मिश्रा एवं श्रवण बाधित विद्यालय के प्राचार्य यूबी मिश्रा, उपयंत्री मनोज सिंह एवं विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं विशेष शिविर

**रीवा।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं। इसके अलावा गिरदावरी के लिए चिन्हित किए गए स्थानीय युवा, पटवारी एवं सीएससी केन्द्रों में भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 15 फरवरी तक राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सभी किसान इन शिविरों में पहुंचकर फार्मर आईडी तथा आधार आरओआर का भी कार्य करवा सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पाएगी वे आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। फार्मर आईडी के बिना उपार्जन के लिए पंजीयन, फसल बीमा एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।


**CAVEAT NOTICE**
**IN THE HIGH COURT OF MADHYA PRADESH BENCH AT JABALPUR**

**CAVEATOR/PROPOSED RESPONDENT** — **M/S. EMIL MINES AND MINERAL RESOURCES LTD. THROUGH PROJECT HEAD**

**VERSUS**

**APPRHENDED PETITIONER(S)** — **GENERAL PUBLIC IN THE STATE OF MADHYA PRADESH**

**CAVEAT UNDER CHAPTER X RULE 37 OF THE HIGH COURT OF THE MADHYA PRADESH RULES, 2008**

The caveator named above respectfully begs to submit as under:
The Caveator, M/s EMIL Mines and Mineral Resources Ltd. has been allocated the Bandha coal block situated in Singrauli District, Madhya Pradesh, pursuant to the auction for commercial mining conducted by the Nominated Authority, Ministry of Coal, Government of India under Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 and Coal Block Allocation Rules, 2017. That for operationalization of Bandha coal block, land acquisition, rehabilitation and resettlement proceedings with respect to 776.2452 Ha. private land situated in five villages of Singrauli District, viz. Bandha, Tenduha, Pidarwah, Deori and Pachour in Madhya Pradesh are ongoing under the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 ("LARR Act 2013") and are at advanced stages. That the Caveator has reasonable apprehensions that any person from the public at large aggrieved by the land acquisition, rehabilitation and resettlement proceedings being undertaken under the LARR Act, 2013 with respect to Bandha coal block may initiate proceedings before the Hon'ble High Court of Madhya Pradesh and may pray for the ex-parte ad-interim stay on the said land acquisition, rehabilitation and resettlement proceedings.

The caveator has engaged SH. SHARAD CHANDRA KHARE, ADVOCATE as its Counsel to argue and oppose the application for interim relief which may be filed by the proposed Petitioner(s) alongwith their petition(s). In the facts and circumstances of the case this Hon'ble Court may kindly permit the Caveator to appear through its Counsel and argue his case at the time of hearing on the application for grant of interim reliefs. It is therefore prayed that this Hon'ble Court may kindly allow this application and permit the Caveator to appear and argue at the time of hearing on the petition(s)/interim application(s), if any filed by the proposed petitioner(s), in the interest of justice.

M/s. Emil Mines & Mineral Resources Ltd.
Through Project Head
Village Bandha, Tehsil Sarai, District Singrauli Madhya Pradesh.
**Sh. Sharad Chandra Khare, Advocate**
F-115 Chandrika Towers,Near Shastri Bridge, Model Road,
Jabalpur, Madhya Pradesh
# +91-8169404600, Email: lawyer.sharadkhare@gmail.com



डॉ.अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समयः सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
सुविधाएं
• जबड़े में फ्रैक्चर एवं गांठ
• अक्ल दांत की सर्जरी
• नाक की कास्मेटिक सर्जरी
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पताः ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865



लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॅडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स
• सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
07662-356125, 8435896118

दैनिक जागरण
रीवा, 06 फरवरी 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# रीवा जागरण

03

शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 26.0°c | न्यूनतम 11.0°c
आसमान में बादल, हवाएं चलने की आशंका

•11• राज्य •31• संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## फर्जी दस्तावेज पाये जाने पर 5 ब्रांच पोस्ट मास्टरों की सेवा समाप्त

### डाक अधीक्षक ने दिये एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश



### ब्रांच पोस्ट मास्टरों की भर्ती में किये गये फर्जीवाड़े का हो रहा खुलासा

जागरण, रीवा। डाक विभाग में पिछले दिनों की गई ब्रांच पोस्ट मास्टरों की भर्ती में व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा किये जाने का खुलासा हुआ है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे नियुक्ति प्राप्त करने वाले ब्रांच पोस्ट मास्टरों की पहचान की जा रही है। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान अब तक 5 फर्जी ब्रांच पोस्ट मास्टरों की पहचान होने के पश्चात उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं और अब उनके विरुद्ध एफआईआर कराई जा रही है। डाकघर अधीक्षक रीवा संभाग रमेश तिवारी द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। उन्होंने बताया कि नियुक्त किये गये ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान अब 5 ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेज फर्जी पाये गये हैं, जिससे उनकी सेवा समाप्त कर दी हैं। नियुक्त किये गये ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेजों के सत्यापन का काम अभी चल रहा है। जब तक सभी ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेजों का सत्यापन पूरा नहीं हो जाता है तब तक यह कहना मुश्किल है कि कितने ब्रांच पोस्ट मास्टर फर्जी हैं। डाकघर अधीक्षक की इस कार्यवाही से जिले भर में नियुक्त किये ब्रांच पोस्ट मास्टरों में हड़कंप मच गया है। डाकघर अधीक्षक द्वारा जिन फर्जी ब्रांच पोस्ट मास्टरों की सेवा समाप्त की गई है उनमे अजय कुमार बरा कोठार, अजय निगम बरहुला पटेहरा, विनोद कुमार चंदई, मोनिका त्रिपाठी पनवार, नरेन्द्र कुमार गढ़ी सोहरवा शमिल हैं। सूत्रों के मुताबिक इनकी अंकसूचियां फर्जी पाई गई हैं। इनके विरुद्ध एफआईआर भी कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिले भर के ब्रांच पोस्ट ऑफिसों में पदस्थ किये गये ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। यह कार्यवाही ग्रामीण डाक सेवक आचरण एवं नियोजन नियमावली 2020 के नियम 8 के अंतर्गत की गई है। डाक अधीक्षक द्वारा निरीक्षक रीवा द्वितीय डाक उपसंभाग को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि जिन ब्रांच पोस्ट मास्टरों की सेवा समाप्त की गई है, उन्हें तत्काल प्रभाव से भारमुक्त किया जाय। इसके अलावा उन ब्रांच पोस्ट ऑफिसों का काम सुचारु रूप से चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## धान खरीदी फर्जीवाड़े की जांच शुरू, भंडारण केद्रों की होगी जांच

### कलेक्टर ने गठित किए जांच दल खरीदी का करेंगे भौतिक सत्यापन

जागरण, रीवा



धान खरीदी में व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद कलेक्टर रीवा ने सख्त कदम उठाया है। गोदामों में भंडारित धान की जांच की जायेगी। इसके लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने तहसीलदारों के नेतृत्व में सेक्टर दल का गठन किया है जो वेयर हाउस के गोदामों में जायेंगे और खरीदी गई धान की मात्रा की जांच करेंगे। साथ ही गुणवत्ता की भी परखी जायेगी। इसके साथ ही पीडीएस चावल गुणवत्ता की भी जांच होगी। कलेक्टर द्वारा सख्त कदम उठाए जाने के बाद धान खरीदी में फर्जीवाड़ा करने वाले प्रभारियों की सांसे फूलने लगी है। उल्लेखनीय है कि रीवा जिले के त्योथर एवं सेमरिया में लगभग 10 हजार क्विंटल से अधिक धान की फर्जी खरीदी समाने आई है। इसी प्रकार मऊगंज जिले के 8 खरीदी केद्रों में लगभग दो हजार क्विंटल धान शॉर्टेज का मामला सामने आ चुका है। धान खरीदी में व्यापक फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद कलेक्टर रीवा ने यह कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि रीवा में धान खरीदी फर्जीवाड़े की आंच भोपाल तक पहुंच चुकी है और भोपाल से फरमान जारी किया जा चुका है। मऊगंज में एक राइस मिलर द्वारा पीडीएस दुकानों को आवंटित चावल को राइस मिल में ले जाता है और फिर गोदाम में रिसाइकिल कर रहा है। पीडीएस दुकान में बिहार का घटिया चावल पहुंचा रहा है। इस मामलेंसहित गोदामों की जांच के लिए कलेक्टर मऊगंज भी जल्द ही सख्त कदम उठा सकते हैं।

**क्षेत्रीय फुड निरीक्षक की भूमिका पर सवाल :** जवा-त्योथर क्षेत्र के गोदामों के जांच दल में क्षेत्रीय फुड निरीक्षक को शामिल किया गया है। जांच टीम के साथ वह मौजूद रहेंगे। कलेक्टर द्वारा गठित टीम में फुड निरीक्षक को तैनात किए जाने पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जाहिर की है। आरोप है कि वह खरीदी में गड़बड़ी करने वालों को संरक्षण देते हैं तो जांच पारदर्शी कैसे हो पायेगी। यह भी आरोप है कि 187 किसानों का फर्जी पंजीयन करने और एक आईडी से उनका नाम डिलीट करने वाले समिति प्रबंधक को फूड निरीक्षक ही बचा रहे हैं। आरोप है कि जांच ही दबा दी गई है।

### इन गोदामों की होगी जांच

एमपी डब्ल्यूसीएल रीवा गोदाम के लिए यतीश शुक्ला नायब तहसीलदार, सुभाष द्विवेदी सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी को, एमपी डब्ल्यूसीएल क्योटी के लिए रमाकांत तिवारी नायब तहसीलदार, सुभाष द्विवेदी एवं केन्द्र प्रभारी भेड़रहा को तथा एमपी डब्ल्यूसीएल भेड़रहा के लिए मनोज शुक्ला नायब तहसीलदार, वंदना जैन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व केन्द्र प्रभारी को जाँच दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार एमपी डब्ल्यूसीएल घूमा के लिए तहसीलदार नीलेश कुमार सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा व केन्द्र प्रभारी चाकघाट को तथा एमपी डब्ल्यूसीएल चाकघाट के लिए नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा व केन्द्र प्रभारी चाकघाट को जाँच दल में शामिल किया गया है।

## एसजीएमएच में विक्षिप्तों के इलाज के लिए अलग कक्ष बनाया गया

### अब इधर उधर भटकते और जमीन पर पड़े नजर नहीं आते



**रीवा।** संजय गांधी अस्पताल में निराश्रितों, विक्षिप्तों के इलाज के लिए नई पहल शुरू की गई है। इनके इलाज के लिए एमरजेंसी वार्ड के पास ही अलग कक्ष बनाया गया है। इन निराश्रितों को इसी कक्ष में रखकर इलाज दिया जाता है। भोजन आदि की की व्यवस्था की जाती है। ज्ञात हो कि रीवा में कई निराश्रितों, विक्षिप्तों को समाजसेवी सड़कों से उठाकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचा देते थे। इन बीमार निराश्रितों को इलाज करने के लिए अस्पताल में अलग से कोई भी व्यवस्था नहीं थी। इन्हें अस्पताल में अन्य मरीजों के साथ ही रखा जाता था। बाद में यही निराश्रित मरीज संजय गांधी अस्पताल में इधर उधर भटकते नजर आते थे। कहीं भी परिसर में जमीन पर पड़े नजर आ जाते थे। इस समस्या को दूर करने के लिए डीएमई के निर्देश पर अधीक्षक ने नई व्यवस्था शुरू की है। संजय गांधी अस्पताल में बीमार निराश्रित मरीजों को भर्ती करने और उनके इलाज के लिए अलग से कक्ष की व्यवस्था की गई है। अलग कक्ष में ही इन्हें रख कर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन निराश्रितों की देखदेख के लिए अलग से कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। इनके भोजन आदि की व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इस व्यवस्था के कारण निराश्रितों को भर्ती करने की समस्या का काफी हद तक समाधान हो गया है। अब निराश्रित मरीजों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ता।

## ड्रग इंस्पेक्टर की नियमित पदस्थापना नहीं होने से बढ़ी समस्या

### मनमानी मेडिकल दुकानें भी हो रहीं संचालित

**जागरण, रीवा।** स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होने की बात स्थानीय सत्ताधारी नेता कहते नहीं थकते, लेकिन आलम यह है कि जिले को अब तक नियमित ड्रग इंस्पेक्टर तक नहीं दिया जा सका है। कई वर्षों से प्रभार में चल रही इस व्यवस्था से जहां अवैध मेडिकल दुकानों का ग्राफ बढ़ा है वहीं दुकानों में नशीली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इसका बड़ा कारण नियमित जांच का न होना है। बताया गया कि वर्तमान में ड्रग इंस्पेक्टर का प्रभार जिसके पास है उनके पास अन्य जिलो का प्रभार होने से वह मुख्यालय में कम ही पहुंच पाते हैं। हालांकि बीच में मेडिकल दुकानों की जांच के लिए आए थे, लेकिन इसके बाद वह दोबारा रीवा नहीं पहुंच सके। आलम यह है कि यहां अवैध मेडिकल दुकानों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है, साथ ही नशीली दवाओं के व्यापार में बढ़ोतरी दिनों-दिन हो रही है।

### दुकानों के लिए आवेदन पेंडिंग

इधर मेडिकल दुकान खोलने की चाहत रखने वालों के सामने भी एक बड़ी समस्या खड़ी है। सूत्रों की मानें तो मेडिकल दुकानों के लाइसेंस के लिए आवेदन तो किया है, लेकिन अब तक उनको लाइसेंस मिला नहीं। कई आवेदन पेंडिंग हैं। वह स्वास्थ्य विभाग के चक्कर काटने पर मजबूर हैं।

## थर्ड स्टेज कैंसर को लाल बहादुर ने दी मात




**रीवा।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का उपचार अब संजय गांधी अस्पताल में मरीजों को मिल रहा है। यहां मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें ठीक किया जा रहा है। हाल ही में ओरल कैंसर के थर्ड स्टेज के मरीज पूरी तरह से एसजीएमएच में स्वस्थ्य हुए। इस संबंध में विभागध्यक्ष डॉ.अजीत मार्को ने बताया कि लाल बहादुर सिंह निवासी गुढ़ को ओरल कैंसर था। बीमारी का पता वर्ष 2019 में चला जब इनके द्वारा भोपाल में बायोप्सी की जांच कराई गई। जब जानकारी हुई तो ओरल कैंसर की थर्ड स्टेज जारी थी। एसजीएमएच में इनका उपचार शुरू किया गया। उपचार के दौरान 7 बार कीमोथेरेपी और 35 रेडियोथेरेपी की गई। इसके बाद अब लालबहादुर सिंह पूर्णत: स्वस्थ हैं, कैंसर की बीमारी से मुक्त हो चुके हैं। लालबहादुर सिंह का संपूर्ण इलाज पूर्व में कार्यरत डॉ.पुष्पा किरार और डॉ अजीत मार्को के नेतृत्व में हुआ।

## जेल में 209 बंदियों की हुई टीबी जांच



### निक्षय अभियान के तहत किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**जागरण, रीवा।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में निक्षय शिविर अभियान तहत केन्द्रीय जेल रीवा में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि निक्षय अभियान के तहत जेल के बंदियों की टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें हैंडहेल्ड एक्सरे तथा एनएएटी का उपयोग करके 209 बंदियों की टीबी की जांच की गई। बंदियों में टीबी की संभावना न हो इसके लिए उनकी सीवायटीवी, आईजीआर, जांच भी करवाई गई। जांच में टीबी से संक्रमित पाए जाने वाले कैदी का उपचार भी कराया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेश परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, वरिष्ठ जेल चिकित्सक पियूष निगम, मेडिकल ऑफिसर डॉ पिंकी सिंह उपस्थित रहे। फार्मासिस्ट विवेक मौर्य, लैब टेक्नीशियन प्रियंका धाकड़, सुनील मिश्रा, बद्री प्रताप सिंह, लवकुश वर्मा, कुलदीप पटेल, कमलेश सिंह, जिशान खान, नेहा भुजवा, मोहम्मद अजहर तथा विनय साकेत का विशेष योगदान रहा।

## 2.67 लाख का लक्ष्य, 979 दवा सेवक किए गए तैनात

### 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा फाइलेरिया अभियान



जागरण, रीवा। जिला मऊगंज के ब्लॉक हनुमना में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में किया गया। सामूहिक दवा सेवन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि हनुमना के समस्त शिक्षण संस्थानों एवं छात्रावासों में इस अभियान की जानकारी से अवगत कराया जाए। बूथ दिवस में अधिकतम छात्रों की उपस्थिति एवं दवा सेवन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। छात्रों को प्रार्थना सभा के दौरान इस अभियान की जानकारी दी जाए। महिला बाल विकास विभाग को इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग एवं समन्वय कर सामूहिक दवा सेवन अभियान पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**तीन तरह की दवाए खिलाई जाएंगी :** हाथी पांव और हाइड्रोसिल जैसे बीमारियों से बचाव हेतु 10 फरवरी से 25 फरवरी तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। 10 से 14 फरवरी बूथ दिवस के रूप में एवं 15 से 25 फरवरी घर-घर भ्रमण कर प्रशिक्षित दवा सेवकों आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से डीईसी, एल्बेंडाजोल और आईवरमेक्टिन दवा का सेवन 2 वर्ष से ऊपर के सभी पात्र हितग्राहियों को कराया जाएगा। 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं करना है।

### ऊंचाई के आधार पर दी जाएगी दवा

आईवरमेक्टिन दवा 5 वर्ष से ऊपर के बच्चों को ऊंचाई के आधार पर दिया जाना है। 90 सेंटीमीटर से कम ऊंचाई वालों को आईवरमेक्टिन दवा का सेवन नहीं करना है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। इस अभियान में 267331 लक्षित पात्र जनसंख्या को 979 दवा सेवकों एवं 490 टीम द्वारा बूथ पर एवं घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 फरवरी से 14 फरवरी तक सभी शासकीय एवं प्राइवेट स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों, कॉलेज, संस्थान, कार्यालय आंगनबाड़ी इत्यादि में बूथ बनाकर दवा का सेवन कराया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री आज करेंगे पेसमेकर क्लीनिक का शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से 6 फरवरी को प्रात:8 बजे रीवा आएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में पेसमेकर क्लीनिक का शुभारंभ करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में ही शाम 5 बजे जिला पंचायत द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।




## ठेके में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, गंदगी का अंबार

### कोई नहीं लेता जिम्मेदारी, दुकानदार परेशान, अपने पैसे से कराते हैं सफाई



**जागरण, रीवा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राज्यीय बस स्टैंड पर गंदगी का साम्राज्य है। इस बस स्टैंड को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया है। बात जब यहां सफाई की आती है तो निगम के जिम्मेदार ठेकेदार पर मढ़हैं तो ठेकेदार सफाई का जिम्मा निगम पर मढ़ देता है। बस स्टैंड की सफाई कौन करवाए, ठेकेदार या नगर निगम, इसी असमंजस के चलते बस स्टैंड गंदगी से पटा है। बस स्टैंड के व्यापारियों का कहना है कि नगर निगम के सफाई कामगार यहां पर सफाई करने नहीं आते, ठेकेदार सफाई करवाता है वह भी यदाकदा। जबकि उनसे प्रतिमाह नगर निगम द्वारा दुकान का किराया वसूला जा रहा है।

**स्टैंड व दुकानें को दी हैं लीज पर :** नवीन बस स्टैंड को नगर निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया है। नगर निगम द्वारा यहां पर दुकानों का निर्माण भी करवाया गया है। दुकानें भी किराएदारों को 30 वर्षों के लिए लीज पर दी गई है। जिसका नगर निगम द्वारा प्रतिमाह किराया लिया जा रहा है। यहां के दुकानदारों का कहना है कि ये अभी तक निर्धारित नहीं हो पाया कि स्टैंड की सफाइ कौन करवाए? चारों ओर गंदगी फैली है। ठेकेदार यदाकदा सफाई करवा देता है। अधिक गंदगी हो जाने पर अपनी दुकानों के आसपास दुकानदारों को ही सफाई करवाना पड़ती है।

**फैल रहा चारों ओर पानी और कचरा :** एक ओर जहां शासन-प्रशासन जल ही जीवन है का नारा देकर जल संरक्षण की बात कर रहा है, वहीं बस स्टैंड पर बनी पेयजल टंकी के सामने गंदगी जमा है, टंकी से निरंतर बहने वाला भी भरा रहता है। बस स्टैंड पर सुलभ कॉम्प्लेक्स के सामने गंदगी पटी पड़ी है। समान थाना के बगल से जगह-जगह कचरा पड़ा है, आवारा मवेशी दिनभर विचरण करते रहते हैं। नालियों के उपर लगी फर्शियां टूटी हैं, जो रात-बिरात यहां से निकलने वाले यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। इस ओर न निगम द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है।

# आईएमआर, एमएमआर में सुधार के लिये फोकस्ड एप्रोच से करें कार्य : उप मुख्यमंत्री

## चिकित्सकीय मैनपावर भर्ती प्रक्रिया समय पर करें पूर्ण

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा की



जागरण, रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति, अधोसंरचनात्मक विकास कार्य, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और प्रदेश के स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सक एवं सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक प्रदेश के 50 प्रतिशत सीएचसी को एफआरयू में उन्नयन किया जाना है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग से परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन जिलों में स्वास्थ्य मानकों की स्थिति ठीक नहीं है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने के लिए कारकों का गहन विश्लेषण किया जाए और विशेष प्रयास किए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 9 और 25 तारीख़ को आयोजित होने वाले एएनसी जांच दिवस के प्रति व्यापक जागरूकता का प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भधारण से लेकर प्रसव पूर्व सभी अनिवार्य जांचों को सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि समय पर सभी आवश्यक जांचें न केवल सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करेंगी बल्कि शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का समय पर चिन्हांकन कर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष निगरानी प्रणाली लागू की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि शिशु और मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए फोकस्ड एप्रोच अपनाई जाए। जिन जिलों में स्वास्थ्य मानको की स्थिति ठीक नहीं है वहाँ कारकों को चिन्हांकित करके विशेष प्रयास किये जायें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन जिलों में नियमित दौरा कर जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, संचालक प्रवीण सिंह अढ़ायच, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक श्री दिनेश श्रीवास्तव सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराएं : कलेक्टर

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय के डीन, प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे आगामी 15 फरवरी तक के लिए पुनः खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता के लाभ से वंचित रहता अथवा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं नोडल प्रभारी की होगी और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों का अभ्यास वर्ग 22 एवं 23 को

## किसानों की मासिक बैठक संपन्न



जागरण, रीवा। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मासिक बैठक उद्यनिकी परिसर कोठी कम्पाउन्ड में कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोधिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों का अभ्यास वर्ग का आयोजन मऊगंज जिले में आगामी 22 एवं 23 फरवरी को आयोजित होने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह एवं जिला अध्यक्ष मऊगंज नरेन्द्र सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिनके द्वारा बताया गया कि अयोजित होने वाले किसान अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा उर्फ कक्का जी प्रमुख रूप से उक्त दोनों दिवस अभ्यास वर्ग में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि केन्द्र सरकार से आगामी 14 फरवरी को केन्द्र सरकार से किसानों की वार्तालाप होनी है, यदि सरकार ने किसानों की मांगें पूरी नहीं की तो आगामी दिवस में किसानों का उग्र आदोलन अपनी मांगों को लेकर लंबी अवधि तक चलेगा। इसी अनुक्रम में मध्यप्रदेश के किसानों को आंदोलन में सहभागिता निभाने किसान अभ्यास वर्ग के माध्यम से उक्त आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह, प्रान्त उपाध्यक्ष शोभनाथ कुशवाहा, मऊगंज अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोंधिया, मीडिया प्रभारी भक्त प्रहलाद वर्मा, गनेश सिंह, वि.ख. अध्यक्ष दशरथ पटेल, ब्लाक अध्यक्ष रीवा अरुण पटेल, विवेक पटेल, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मोतीलाल वर्मा सहित अन्य किसान पदाधिकारीण उपस्थित रहे।

# लकड़बघा एवं सियार का शिकार करने वाले शिकारी को वन अमले ने दबोचा





जागरण, सतना। वन परिक्षेत्र उचेहरा अंतर्गत बीट महहराजपुर के कक्ष क्रमांक पी.380 में वन्य प्राणी लकड़बघा एवं सियार का अवैध शिकार होने की सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुये घटना स्थल पर वन विभाग की टीम पहुंची।

साथ ही डॉग स्क्वाड सतना की टीम द्वारा सर्चिंग की गई। मौंका स्थल में सर्चिंग के दौरान लकड़ी की खूंटी एवं 3 नग लकड़ी मे गुथा हुआ जी0आई0तार प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सर्चिंग के दौरान डॉग स्क्वाड़ गंध को सूंघते हुये ग्राम महराजपुर पहुंचे। महराजपुर में डॉग स्पार्टन संदिग्ध के घर पहुंचा। डॉग स्पार्टन एवं वन स्टाफ की जानकारी होते ही संदिग्ध आरोपी वहाँ से फरार हो गया।

संदिग्ध आरोपी के घर की छानबीन की गई। जिसमें शिकार करने की सामग्री जप्त की गई। तत्पश्चात पूरे गांव की सर्चिंग की गई। स्टाफ की सहायता से संदिग्ध आरोपी को पकड़ा गया। पूंछ.तांछ करने पर अपना नाम धीरू पिता भाईलाल कोल निवासी महराजपुर उम्र 26 वर्ष बताया। पूंछ.तांछ करने हेतु परिक्षेत्र कैम्पस लाया गया। जिसका वन अपराध प्रकरण क्रमांक 133/14 दिनांक 05.02.2025 दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# डॉ. रमाकांत शर्मा का निधन



रीवा। विन्ध्य क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वान एवं इतिहासकार रामसागर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र व ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के सेवानिवृत्त पुस्तकालय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा का 5 फरवरी की सुबह हृदयाघात के कारण निधन हो गया। डॉ. रमाकांत शर्मा पूर्व मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एल. मिश्रा के बड़े भ्राता व जनसंपर्क के सहायक संचालक मुकेश मिश्रा के बड़े पिता थे। उनका अन्तिम संस्कार 5 फरवरी को प्रयाग में किया गया। डॉ. शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र परियोजना अधिकारी शेषनारायण मिश्रा ने उन्हें मुखाग्नि दी। डॉ. रमाकांत शर्मा के निधन पर विन्ध्य क्षेत्र साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षाविदों ने दुःख व्यक्त करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनमें डॉ. चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र, वरिष्ठ पत्रकार उमाशंकर तिवारी, महापौर अजय मिश्रा बाबा प्रमुख हैं। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में भी डॉ. रमाकांत शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

# भायुमो के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ने पर्यावरण मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## विंध्य में पर्यावरण संरक्षण पर की चर्चा



जागरण, रीवा। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री गौरव तिवारी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की और विंध्य अंचल में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। गौरव तिवारी ने आग्रह किया कि रीवा के प्राकृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों जैसे गोविंदगढ़ किला, बहुती जलप्रपात और क्योटी जलप्रपात को पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित किया जाए और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए, जिससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

ज्ञापन में विंध्य के पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मांग की गयी है ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इसके अलावा रीवा शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार जाने, अधिक से अधिक पार्कों, बगीचों और शहरी वनों को विकसित करने, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित देने, रीवा संभाग में संचालित सीमेंट एवं अन्य उद्योगों से होने वाले प्रदूषण की सख्त निगरानी रखने की मांग की गयी है। ज्ञापन में हरित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को रीवा में निवेश के लिए आमंत्रित करने का विशेष अनुरोध किया है। रीवा के ऐतिहासिक तालाबों का संरक्षण और पुनर्निर्माण की मांग भी लम्बे समय से की जा रही है जिसकी ओर मंत्री श्री यादव का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। अन्य मांगों में रीवा क्षेत्र में एक विशेष ऑक्सीजन बैंक का निर्माण, टोंस और बीहर जैसी प्रमुख नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए वृक्षारोपण और सड़क निर्माण और अन्य संरचनात्मक विकास कार्यों के कारण हुई वृक्षों की कटाई की भरपाई के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण आदि बिंदु शामिल हैं। गौरव तिवारी ने मंत्री भूपेंद्र यादव से अनुरोध किया कि इन सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश जारी किए जाएं, जिससे विंध्य अंचल का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# महाकुंभ यात्रा को देखते हुए सड़कें दुरुस्त करें : किसान सुब्रत



रीवा। भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत ने प्रदेश के मुख्य मंत्री, सभांगायुक्त , जिला प्रशासन , पीडब्ल्यूडी. , एनएच एव यातायत प्रभारी से मांग की है कि रीवा से रतहरा बाईपास सड़क एवं चोरहटा से रतहरा मॉडल सड़क को महाकुंभ यात्रा को देखते हुए व्यवस्थित किया जाय । रीवा से रतहरा बाईपास अब टोल सड़क नहीं है। जब टोल वाली सड़क थी तब भी पटरियां बहुत जगह गायब थीं। जहा आवश्यक हो रेडियम के संकेतक ,स्पीड ब्रेकर, पटरी एव सड़क के गड्ढों को समतल किया जाय। चोरहटा से लेकर रतहरा तक मॉडल सड़क एव बाईपास मे सम्बन्धित पुलिस थाना क्षेत्र के फोन नम्बर के साथ प्रयागराज की दूरी एव किस ओर जाना है, बोर्ड लगाये जाएं। रेलवे फ्लाईओवर में लगे डिवाइडर को व्यवस्थित किया जाय। रात्रि में अक्सर डिवाइडर में गाड़ियां चढ़ जाती हैं, डिवाइडर की उचाई कम है, जिसे बढ़ाया जाय।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# स्व.अर्जुन सिंह चौहान को अर्पित किए श्रद्धासुमन



रीवा। वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनीति के पुरोधा स्व. अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर पूर्व बसपा प्रत्याशी, विधानसभा त्योंथर देवेंद्र सिंह उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुःखद घड़ी में उन्होंने स्व. चौहान के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देवेंद्र सिंह ने कहा कि स्व.अर्जुन सिंह चौहान का स्नेह और मार्गदर्शन मेरे लिए सदैव अमूल्य रहा है। उन्होंने मुझे हमेशा पुत्रवत प्रेम दिया और उनकी अनुपस्थिति से जो शून्य उत्पन्न हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक सहयोगी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्व.चौहान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# सम्पत्तिकर के चार बड़े बकायादारों की प्रॉपर्टी सीज

## निगमायुक्त के निर्देश पर हुई कार्यवाही



जागरण, सतना। लंबे समय से नगर निगम में सम्पत्तिकर अदा नही करने वाले चार बड़े बकायादारो की प्रापर्टी को सीज कर दिया गया है। बताया जाता है कि यह कार्यवाही निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस के निर्देश पर 5 फरवरी को धारा 175 के तहत की गई है।

### इन पर हुई कार्यवाही

जिन चार बड़े बकायादारो के विरूद्ध सीजिंग की कार्यवाही की गई है। उसमें वार्ड क्रमांक 17 निवासी बाल्मीक गुप्ता पिता वासुदेव गुप्ता पर एक लाख 90 हजार 75 रूपये बकाया था । वार्ड क्रमांक 41 निवासी मो.रफीक तनय हाफिज बदलू पर चार लाख 69 हजार 493 रूपये , वार्ड क्र 41 निवासी बलविंदर परमजीत जसविंदर पिता सुरजीत सिंह पर 2 लाख 28 हजार 779 रूपये और मुन्ना लाल जैसवाल पिता शंकर लाल जैसवाल पर 3 लाख 51 हजार 9 सौ 30 रूपये सम्पत्ति कर बकाया था। नोटिस जारी होने के बाद भी इनके द्वारा सम्पत्तिकर की राशि जमा नही की जा रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुये इन चारो की प्रापर्टी को नगर निगम ने सीज कर दिया है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

जानकारी के मुताबिक शहर में सम्पत्तिकर के चार बडे बकायादारो के विरूद्ध कार्यवाही करने के दौरान सहायक आयुक्त हरिमित्र श्रीवास्तव राजस्व अधिकारी युसुफ खान, सहायक राजस्व अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक रमेश मिश्रा, उपराजस्व निरीक्षक आशुतोष अवस्थी, सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्रहास तिवारी, अनुपम पाण्डेय के साथ अतिक्रमण दस्ताभी मौजूद रहा।

### इनका कहना है



वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज दो माह शेष रह गये है। वसूली कम हुई है लिहाजा शहर विकास के लिए सम्पत्तिर कर वसूल करना आवश्यक है। शहर वासियों से अपील की जा रही है कि वे सम्पत्तिर कर का भुगतान कर शहर विकास में सहयोग करें। इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**शेर सिंह मीना आईएएस**
**आयुक्त नगर पालिक निगम सतना**

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहा किसान



जागरण, सीधी। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमहवा के पुस्तैनी निवासी एक किसान की जमीन पर स्थानीय सरहंगों द्वारा जबरन भूमि हड़पने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी शिकायत लेकर पीड़ित किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि इस संबंध में पीड़ित किसान द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के साथ-साथ सिटी कोतवाली में कार्यवाही के लिए आवेदन दिया गया है किन्तु आज तक उसे कहीं से राहत मिलते नहीं दिखाई दे रहा है। उक्त मामले को लेकर मीडिया से मुखातिब होते हुए श्रवण कुमार मिश्रा एवं रामसुशील मिश्रा ने बताया है कि ग्राम अमहवा में उनकी पुस्तैनी जमीन आराजी नंबर 139/2/2 एवं 139/2/1 स्थित है। इस जमीन का पट्टा होने के बाद भी क्षेत्रीय सरहंग अवैध कब्जा करने के लिए लगातार दबाव बना रहे है। कोतवाली पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया कि बीते 18 नवम्बर 2024 को प्रार्थी अपने मकान से सटाकर दो नए कमरे बनाने के लिए खुदाई करा रहा था तभी क्षेत्रीय दबंग मौके पर पहुंचे और काम करने वाले मजदूरों को गाली-गलौज करते हुए भगा दिया। सरहंगों ने कहा कि 25 साल पहले हमारे बाबा के नाम पर इस जमीन का पट्टा था इसलिए यह जमीन हमारी है। मौके पर श्रवण कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2000 में बंदोबस्ती की त्रुटि के कारण मेरे पट्टे की भूमि तुम्हारे बाबा के नाम पर हो गई थी।

# शहर की 3 शराब दुकानों का लायसेंस एक दिन के लिए निलंबित

सतना। सतना नगर की 3 मदिरा दुकानों में कम दर पर मदिरा का विक्रय करने पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने तीनों मदिरा दुकानों का लायसेंस एक दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। इनमें सर्किट हाउस चौक, भैंसाखाना एवं गहरा नाला की कंपोजिट मदिरा दुकानें शामिल हैं। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि इन तीनों दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम विक्रय दर से कम विक्रय दर पर मदिरा का विक्रय होना पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत 10 हजार रुपये शास्ति अधिरोपित किया ।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज। 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिडचिडाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।

डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव
9827355156

पता - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदडिया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।

आर-80809(6/2)

## बेचना है

29×35 का प्लाट जिसमें 4 कमरे एवं किचन 3 लैटबाथ, बोर सप्लाई नल कनेक्शन सहित पोर्च मकान शीघ्र बेचना है।

पता-राइस मील के सामने कैलाशपुरी, अनन्तपुर रीवा मो. 8982143608

आर-80817(11/2)

## किराए से देना है

शॉप/ शोरूम- ऑफिस, कोचिंग, लायब्रेरी, डॉक्टर्स चैंबर्स, पैथोलॉजी क्लिनिक हेतु, 5 हाल, स्टोर रूम, वाशरूम उपलब्ध है। तुरंत संपर्क करें: पता: जे.के. कैंपस, खुटेही मस्जिद के बगल में मो. 9892729044

जी.एम. सर (07/2)

## बेचना है

4500 वर्ग फुट 90×50 भूमि जिस पर 1700 वर्गफुट में एक पुराना भवन निर्मित है। अमहिया रीवा मुख्य मार्ग से 50 मीटर अंदर, 20 फुट चौड़ी सड़क से लगी हुई। केवल वास्तविक इच्छुक क्रेता ही संपर्क करें।

मो. 9202110190

आर-80864(7/2)

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमाक 46/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 03.02.2025

**इश्तहार**

आवेदक अजय पटेल पिता श्री सुरेश पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पो0 बड़ी पांती तह0 थाना गोविन्दगढ़ तहसील गुढ़ जिला रीवा म0प्र0 आवेदिका रोशनी पटेल पिता श्री बीरेन्द्र कुमार पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पो0 बड़ी पांती थाना गोविन्दगढ़ तह0 गुढ़ जिला रीवा के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

पेशी दिनांक 07.03.2025

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

RN- 80670

## नाम व जन्मतिथि सुधार सूचना

मै राजधर पटेल पिता श्री रामाधार पटेल निवासी ग्राम पो. खजुहा कला तह. गुढ़ जिला रीवा का निवासी हूं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मैं उक्त पते का मूल निवासी हूं, मेरे आर्मी के दस्तावेजो में मेरी पत्नी का नाम विमला देवी तथा जन्म दिनांक 01/07/1979 दर्ज है जो कि गलत है, जबकि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरी पत्नी का नाम विमला देवी पटेल तथा जन्मदिनांक 10/08/1980 दर्ज है जो सही व सत्य है। अत: मेरे आर्मी के दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम विमला देवी तथा जन्म दिनांक 01/07/1979 की जगह मेरी पत्नी का सही नाम विमला देवी पटेल तथा जन्मदिनांक 10/08/1980 दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 80669
राजधर पटेल

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन:(ई- टेन्डरिग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : झांसी-टी.डी.-टेन्डर-2024-12 R1, कार्य का नाम : झांसी मण्डल के अमृत भारत स्टेशनों पर यात्री सुविधाआ PRS, UTS, IPIS के सम्बन्ध में अतिरिक्त ए0टी0 आपुर्ति का प्रावधान और झांसी मण्डल के JHS-CNB, JHS-MKP, KID-BZM एवं GWL-BIX खण्डं में ए0टी0 आपुर्ति का अपग्रेडशन का कार्य।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (₹): ₹ 21692744.08 | अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹) : ₹ 258500.00 |

ई-निविदा सूचना संख्या : झांसी-टी.डी.-टेन्डर-2024-13R1, कार्य का नाम : झांसी मण्डल के JHS-GMC खण्डं में मिशन 3000 MT के तहत पहचाने गये फ्रेट डेंस HUN मार्गो पर स्वचलित ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के सम्बन्ध में 10 KVA ए0टी0 आपूर्ति का प्रावधान का कार्य।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (₹): ₹ 29644624.63 | अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹) : ₹ 298200.00 |

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथि : 09 माह
सभी निविदाएं बन्द होने की तिथि: 25.02.2025, 15.00 pm.

निविदा दिनांक 25.02.2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 230/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2025-07

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत रु : 21698144.45 | अमानत राशि : 258500.00 |

कार्य का नाम : वीरांगना लक्ष्मीबाई-प्रोवीजन ऑफ़ लीकी फ्लैट रूफ़स बाय प्रोवाइडिंग एपीपी मेम्बेरेन इन वेस्ट कॉलोनी झाँसी।
निविदा बन्द होने की तिथि : 06/03/2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

निविदा दिनांक 06.03.2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 217/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## "ISO 9001-2015 certified College"

शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय निपनिया रीवा (म.प्र.)
Govt. Autonomous Ayurved College & Hospital, Nipaniya Rewa (M.P.)
Tel- No. 07662-299160
Email-govtayucollegerewa@gmail.com
Website-www.gacrewa.com

क्रमांक/पैरा/2025/655
रीवा, दिनांक 05.02.2025

**डी- फार्मा आयुर्वेद (दो वर्षीय), प्रवेश हेतु 'पहले आओ पहले पाओ' सूचना (वर्ष- 2023-2024)**

शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय निपनिया रीवा (म0प्र0) के अन्तर्गत मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद भोपाल म.प्र. से मान्य दो वर्षीय डिप्लोमा डी-फार्मा आयुर्वेद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शिक्षण सत्र 2023-2024 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र "प्राचार्य स्वशासी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय निपनिया रीवा म0प्र0" के नाम से आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार महाविद्यालय में विज्ञापन जारी होने के दिनांक से उपस्थित होकर दिनांक 11.02.2025 तक अपने समस्त मूल दस्तावेज जिसमे टी.सी, माइग्रेशन, 10 वी एवं 12 की अंकसूची, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड, तथा बैंक की डिटेल्स एवं मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा, साथ ही योग्य पाये जाने पर छात्र / छात्रा को निर्धारित तिथि 11.02.2025 तक ही समस्त फीस जमा करना अनिवार्य होगा एवं एस.सी.एस.टी. ओ.बी.सी, छात्रों को शासन के नियमानुसार सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

कुल सीटें : डी.फार्मा रिक्त 22 सीट,

प्रवेश योग्यता डी.फार्मा हेतु : हायर सेकेन्ड्री जीव विज्ञान / बायोलॉजी ग्रुप 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण अनारक्षित वर्ग के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग के लिए न्यूनत्तम 33 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र शुल्क अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए रू. 350/- तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये 200/- रू. होगी। प्रवेश के समय तत्काल रु0 66460/- अनिवार्य रुप से जमा करना होगा।

नोटः- शासन की समस्त योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

(डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ)
प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,रीवा म.प्र.

## इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल में उदिता का शोध पत्र प्रकाशित



**रीवा।** विट्स कॉलेज के बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा उदिता बनर्जी का पहला शोध पत्र अंतर राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ मॉर्डनाइजेशन इन इंजीनियरिंग टेक्नालॉजी एंड साइंस के फरवरी माह के अंक में यह शोध पत्र प्रकाशित हुआ। इस शोध पत्र के सह-लेखक रोशन जैन हैं। उदिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता परितोष, माता रूबी बैनर्जी, मार्गदर्शक डॉ. उदय सिंह, कॉलेज प्रबंधन को दिया है।

## केवीएम स्कूल के छात्रों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**रीवा।** बोदाबाग स्थित केवीएम स्कूल में बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में माँ सरस्वती का पूजन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। विद्यालय के छात्रों ने संगीत, भजन आदि की प्रस्तुति भी दी। इस दौरान छात्रा महक, पूर्वी, सची, साक्षी, कोमल, ओम, पार्थ, वीर, विहान, श्रेया, तान्या, नम्रता, देवांश, हिमानी, आर्यमन, डिंपल, शहजादी, जान्हवी, फरहा, वर्तिका, साधना सहित अन्य छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अगले सप्ताह से शुरू होगी एमपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा

**बोर्ड परीक्षा में दिखेगी चुनाव जैसी सख्ती, पेपर लीक मामले को रोकने किए गए बदलाव**

## केन्द्राध्यक्ष नहीं रख पाएंगे मोबाइल, जीपीएस से ट्रैस होंगे, कक्षाओं में ही खुलेगा प्रश्नपत्र का लिफाफा

**जागरण, रीवा।** बोर्ड परीक्षा में चुनाव जैसी सख्ती देखने को मिलेगी। केन्द्राध्यक्षों के पास भी परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन नहीं होगा। अब केन्द्रों में पेपर के लिफाफे नहीं खोले जाएंगे। भोपाल से ही बैठक व्यवस्था के हिसाब से पेपर सेट होकर आएंगे। थाना से प्रश्न पत्र उठाते समय कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्राध्यक्षों को सेल्फी लेनी होगी। थाना से केन्द्र तक मोबाइल नंबर ट्रैस किया जाएगा। इतना ही नहीं, परीक्षा शुरू होने के पहले केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों और कलेक्टर प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग से गुजरना पड़ेगा। ज्ञात हो कि फरवरी में ही बोर्ड परीक्षा की शुरुआत होनी है। इसके लिए तैयारियां जोरों पर है। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने वाले मामलों पर रोक लगाने के लिए इस मर्तबा माध्यमिक शिक्षा मंडल ने और सख्ती बरती है। बुधवार को परीक्षा की तैयारियों और नियमों को लेकर माशिमं अध्यक्ष के साथ सभी जिला के कलेक्टर, एसपी और शिक्षा विभाग के अधिकारी वीसी में जुड़े। माशिमं अध्यक्ष ने बोर्ड परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियों से अधिकारियों को अवगत कराया। रीवा से कमिश्नर रीवा संभाग रीवा और जेडी लोक शिक्षण कमिश्नर कार्यालय से वीसी में जुड़े थे। वहीं कलेक्ट्रेट एनआईसी रूम में वीसी में कलेक्टर प्रतिभा पाल, एडीएम सपना त्रिपाठी, डीईओ सुदामा लाल गुप्ता, सहायक संचालक राजेश मिश्रा, ई-गवर्नेंस अधिकारी आशीष दुबे, एडिशनल एसपी अनिल सोनकर जुड़े थे।

- **थाना से प्रश्नपत्र उठाने के साथ कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्राध्यक्षों को लेनी होगी सेल्फी**
- **हर ब्लाक में दो पैनल बनाए जाएंगे, संवेदनशील केन्द्रों में कलेक्टर के प्रेक्षक तैनात होंगे**

**सीधे कक्ष में खुलेगा प्रश्न पत्र का लिफाफा :** बोर्ड परीक्षा में गोपनीयता को बनाए रखने के लिए इस मर्तबा भोपाल से ही कक्षावार छात्रों की संख्या के हिसाब से लिफाफे तैयार कर समन्वयक संस्था भेजे जाएंगे। समन्वयक संस्था से लिफाफे केन्द्रों को वितरित होंगे। इस मर्तबा केन्द्रों में पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र छात्र संख्या और कक्ष के हिसाब से तैयार नहीं होंगे। पहले से ही लिफाफे सेट होकर कक्षवार पहुंचेंगे। प्रश्न पत्र के लिफाफे सीधे पर्यवेक्षक कक्ष में छात्रों के सामने ही खोलेंगे और वितरण करेंगे।

**मऊगंज की समन्वयक संस्था पूर्ववत रहेगी :** इस बोर्ड परीक्षा में भी समन्वयक संस्था एक ही रहेगी। फिलहाल समन्वयक संस्था का बटनवारा नहीं किया गया है। मऊगंज नया जिला बनने के बाद इस परीक्षा में सिर्फ इतना बदलाव किया गया है कि उस जिला के केन्द्राध्यक्ष उसी जिला में तैनात किए जाएंगे। जिला नहीं बदलेगा। ऐसा ही मैहर के साथ भी किया गया है। रीवा और मऊगंज के केन्द्रों तक मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 से ही प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

**गोपनीय रहेगा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष का नाम :** इस मर्तबा बोर्ड परीक्षा में और अधिक गोपनीयता रखी जाएगी। केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्षों के नाम तो फाइनल कर दिए गए हैं लेकिन किस केन्द्र में पदस्थ किया गया है। इसकी जानकारी गोपनीय रखी गई है। इसका पता केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र वितरण के दिन ही चलेगा। प्रश्न पत्र का वितरण समन्वयक संस्था से 17 और 18 फरवरी को किया जाएगा। दो दिनों में सभी केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्र वितरित कर थानों तक पहुंचाया जाएगा।

**सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि के पास रहेगा मोबाइल :** इस मर्तबा बोर्ड परीक्षा में और सख्ती बरती गई है। केन्द्राध्यक्षों के पास भी इस मर्तबा मोबाइल नहीं रहेगा। सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि ही मोबाइल रख सकेंगे। इतना ही नहीं, समन्वयक संस्था से प्रश्न पत्र थाना पहुंचाने के बाद जिस दिन केन्द्रों तक प्रश्नपत्र ले जाया जाएगा, उस दिन कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्राध्यक्ष दोनों को ही मौके पर मौजूद रहना होगा। दोनों को मोबाइल में सेल्फी लेकर भेजना होगा। इसके बाद केन्द्र तक पहुंचने के लिए तय रूट से ही उन्हें प्रश्नपत्र लेकर पहुंचना पड़ेगा। इनके मोबाइल नंबर भी जीपीएस से ट्रैस किए जाएंगे।

**हर विकासखंड में दो पैनल तैनात किए जाएंगे :** रीवा और मऊगंज में कुल 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए हर विकासखंड में दो दो पैनल बनाए जाएंगे। मऊगंज में 6 और रीवा में 12 पैनल का गठन किया जाएगा। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी का पैनल अलग काम करेगा। जिला प्रशासन के भी पैनल परीक्षा केन्द्रों की निगरानी और निरीक्षण करेंगे।

## 10वीं, 12वीं के 55048 छात्र 94 केंद्रों में देंगे परीक्षा

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं करीब हैं। परीक्षाओं की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। केन्द्र फाइनल कर लिए गए हैं। रीवा और मऊगंज में 94 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 71 सरकारी और 23 प्राइवेट स्कूल शामिल हैं। इस परीक्षा में रीवा व मऊगंज जिले से करीब 55 हजार छात्र शामिल होंगे। गौरतलब है कि इस मर्तबा बोर्ड परीक्षाएं फरवरी के अंत से परीक्षाएं आरम्भ हो जाएंगी। आगामी 25 फरवरी से 12वीं की और 27 फरवरी से 10वीं की परीक्षाएं शुरू होनी है। इसलिए व्यवस्थाएं भी जल्दी से जल्दी बनाई जा रही है। केन्द्रों के साथ ही केन्द्राध्यक्षों की लिस्ट भी फाइनल कर ली गई है। रीवा और मऊगंज जिला में कुल 94 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में ही बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। रीवा जिला में कुल 71 और मऊगंज में 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें भी 71 सरकारी और 23 निजी विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र के रूप में तय किया गया है। केन्द्राध्यक्षों के नाम भी नाम तय कर दिए गए हैं। यही केन्द्राध्यक्ष परीक्षाएं आयोजित कराएंगे। सारे नियम पिछले साल जैसे ही है। पहले की तरह समन्वयक संस्था दोनों जिलों के लिए एक ही है। मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 ही दोनों जिलों के लिए समन्वयक संस्था होगी। यहीं से सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए परीक्षा सामग्री वितरित की जायेगी।

### कलेक्टर प्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र समन्वयक संस्था पहुंचने के बाद सभी केन्द्राध्यक्षों को वितरित किया जाएगा। पुलिस की सुरक्षा के बीच केन्द्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि प्रश्न पत्र थाना तक ले जाएंगे। थाना में परीक्षा तक प्रश्न पत्र सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद जब परीक्षा शुरू होगी तो परीक्षा के दिन ही कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्राध्यक्ष थाना से प्रश्न पत्र उठाएंगे। केन्द्र में कलेक्टर प्रतिनिधि के सामने ही प्रश्न पत्र का लिफाफा खोला जाएगा। वितरण तक कलेक्टर प्रतिनिधि मौके पर ही मौजूद रहेगा।

### 55 हजार छात्र होंगे परीक्षा में शामिल

इस मर्तबा बोर्ड परीक्षा में रीवा और मऊगंज से 55 हजार छात्र शामिल होंगे। इसमें 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 31 हजार 265 और 12वीं की परीक्षा में 23 हजार 783 छात्र शामिल होंगे। 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं करीब है। स्कूलों में कोर्स पूरा करने की कवायद जारी है। अतिरिक्त कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है। कमजोर छात्रों के लिए रिमेडियल कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

### विकासखण्डवार केंद्रों की संख्या

| ब्लॉक | केंद संख्या |
|---|---|
| रीवा | 28 |
| रायपुर कर्चु. | 05 |
| त्योंथर | 08 |
| जवा | 06 |
| गंगेव | 12 |
| सिरमौर | 12 |
| मऊगंज | 09 |
| हनुमना | 09 |
| नईगढ़ी | 05 |

**स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 15 दिन और पहले शुरू हो जाएगा**

# 1 अप्रैल से शुरू होंगी स्कूलें, बोर्ड के रिजल्ट नहीं आएंगे फिर भी दिया जाएगा प्रवेश

### 10वीं के छात्रों को अस्थाई प्रवेश मिलेगा, शासन से जारी हुआ आदेश

**जागरण, रीवा।** स्कूल शिक्षा विभाग में नया शैक्षणिक सत्र इस मर्तबा 15 दिन पहले से ही शुरू हो जाएगा। बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट का भी इंतजार नहीं किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को अस्थाई प्रवेश देकर पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

सरकारी स्कूल भी प्राइवेट की राह पर चल पड़ी हैं। अब सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र भी 1 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। पिछले साल शैक्षणिक सत्र 15 अप्रैल से शुरू हुआ था लेकिन इस मर्तबा 15 दिन और पहले से ही शुरू करने का आदेश है। इसकी तैयारियां भी स्कूल शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग से इसके लिए सभी जिलों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**सभी परीक्षाएं फरवरी और मार्च तक खत्म हो जाएंगी :** नए शैक्षणिक सत्र को अप्रैल से शुरू करने की तैयारियां पहले से ही कर ली गई थी। यही वजह है कि होम एग्जाम फरवरी में ही शुरू कर दिए गए हैं। 9वीं और 11वीं की परीक्षा शुरू हो गई हैं। 20 फरवरी तक परीक्षाएं हो जाएंगी। इसके बाद कॉपियों का मूल्यांकन और फिर रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वहीं फरवरी के अंत में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षा के साथ ही मूल्यांकन और फिर रिजल्टी की घोषणा कर दी जाएगी।

**एक महीने गर्मी की छुट्टियां, फिर कक्षाएं शुरू :** 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद मई में स्कूलों में एक महीने की शिक्षकों को अवकाश दिया जाएगा। वहीं छात्रों को अवकाश डेढ़ महीने का होगा। इसके बाद स्कूलें फिर से शुरू कर दी जाएगी। प्राइवेट स्कूलों की तरह की सरकारी स्कूलों को भी ढालने में स्कूल शिक्षा विभाग जुट गया है।

## स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की मांग

### ग्राहक पंचायत ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला सचिव डॉ व्योमकेश शुक्ल ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा प्रसाद गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि जिले में कई प्राइवेट स्कूल ऐसे हैं जिनमें प्रवेश प्रक्रिया और प्रवेश शुल्क का कोई निर्धारित मापदंड ही नहीं है। कहीं फरवरी कहीं दिसम्बर तो कुछ में अक्टूबर माह में ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाती है और सीटों की वास्तविक स्थिति को गोपनीय रखा जाता है, जिससे अभिभावक दबाववश मुंह मांगी फीस प्रवेश शुल्क देने को मजबूर हो जाता हैं। कई में शाला विकास भवन के नाम पर पैसा लिया जाता है, साथ ही कई प्राइवेट विद्यालय ऐसे हैं जो एक ही विद्यालय में छात्र के प्रमोशन की स्थिति में भी दुबारा प्रवेश शुल्क लेते हैं जो कि अनुचित है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि सभी प्राइवेट स्कूलों में नवीन छात्रों का प्रवेश प्रत्येक वर्ष एक निश्चित समय जनवरी-फरवरी माह में ही शुरू करने और प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सीटों की वास्तविक स्थिति उस दिवस को डैशबोर्ड में प्रदर्शित करने हेतु सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाय। जिससे प्राइवेट स्कूलों में सीटों की कमी के नाम पर अभिभावकों से अवैध वसूली बंद हो और जिन स्कूलों में प्रमोशन की स्थिति में पुराने छात्रों से दुबारा प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है, ऐसे स्कूलों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने का नोटिस जारी करें। ग्राहक पंचायत ने मांग की है कि प्रवेश प्रक्रिया में निष्पक्षता और शिकायत के लिए छात्र एवं अभिभावकों हेतु हेल्पलाइन नंबर शुरू किया जाय। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदीश कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जिला सह सचिव सुरेश राय, महिला आयाम प्रमुख राजसिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष अधिवक्ता वेदप्रकाश वर्मा उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने जिले में हायर सेकण्डरी तथा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओ के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं के लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया है। उड़नदस्ता दल में शामिल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षतापूर्वक करने तथा परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार मऊगंज सौरभ मरावी तथा बीआरसी मऊगंज शिवकुमार रजक को शासकीय कन्या उमावि मऊगंज, बालक उमावि मऊगंज, उमावि मऊगंज तथा सरस्वती उमावि मऊगंज परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार मऊगंज श्यामलाल मोंगरे तथा राजस्व निरीक्षक सीतापुर नीलेन्द्र सिंह को माडल उमावि पुष्पराज खुटहा तथा उमावि मऊगंज परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार मऊगंज श्यामलाल मोंगरे तथा प्राचार्य सीएम राइज स्कूल देवतालाब अशोक कुमार मिश्र को उमावि देवतालाब, हाईस्कूल देवतालाब, सरस्वती उमावि देवतालाब तथा उमावि नईगढ़ी के परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार नईगढ़ी मणिराज सिंह बागरी तथा बीआरसी नईगढ़ी रामकुमार सिंह को उमावि कन्या नईगढ़ी, उमावि भीर नईगढ़ी, उमावि बंधवा नईगढ़ी तथा उमावि माडल स्कूल नईगढ़ी परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। तहसीलदार हनुमना कुंवारे लाल पनिका तथा राजस्व निरीक्षक प्रेमसागर वैश्य को उमावि खटखरी, उमावि कन्या हनुमना तथा उमावि गौरी परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार हनुमना बैसाखू राम प्रजापति तथा राजस्व निरीक्षक खटखरी नीरज शुक्ला को उमावि बालक हनुमना, सरस्वती विद्यामंदिर हनुमना तथा उमावि माडल हनुमना के परीक्षा केन्द्रों के लिए नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बीआरसी हनुमना लक्ष्मणधर द्विवेदी तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षक डॉ जयशंकर प्रसाद गौतम को सरस्वती उमावि हनुमना, एमरल्ड उमावि हनुमना तथा उमावि पिपराही के लिए तैनात किया गया है।

## जीत के अलावा कोई लक्ष्य नहीं होना चाहिए: नागेन्द्र सिंह

### श्रवण कुमारी स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**जागरण, रीवा।** श्रवण कुमारी सीनियर सेकेंड्री विद्यालय चिरहुला का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मुख्यातिथि नागेंद्र सिंह विधायक गुढ़, गेस्ट ऑफ ऑनर त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आपके जीवन में जीत और जीत कैसे प्राप्त कि जाए इसके अलावा कोई लक्ष्य नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने तिवनी और जरहा के संबंधों का भी जिक्र किया। गेस्ट ऑफ ऑनर त्योंथर विधायक ने सिद्धार्थ तिवारी ने कहा पूज्य पिता से जुड़ा यह संस्थान मेरे लिए भावुकता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से मानवीय संपदा बढ़ती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि आती है। मुख्य अतिथि गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह का स्वागत त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज द्वारा किया गया।

**विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दिल :** विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे असम का बिहू काग मेरा मोहन आओ राजस्थान का कालू टूट पड़ो हिंदी नाटक अनोखी कक्षा अंग्रेजी नाटक दहेज प्रथा उन्मूलन कवि सम्मेलन शिव तांडव रासलीला घूमर पंजाब का भांगड़ा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्री प्राइमरी के बच्चों द्वारा आज है संडे गुजरात का गरबा जैसे अनेक नृत्य एवं गीत के अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 15 फरवरी से

**रीवा।** जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में 15 फरवरी शनिवार से स्व. हरभजन सिंह (पोल्हे) की स्मृति में संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नवमी बटालियन एसएएफ के फुटबॉल मैदान में आयोजित होना है। जिसमें रीवा जिले के अलावा संभाग की सशक्त टीमों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता 15 फरवरी से 18 फरवरी तक निरंतर खेली जाएगी। यह जानकारी जिला फुटबाल संघ के सचिव मोहम्मद कासिम खान ने दी है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता: अवसर एवं चुनौतियां' पर संगोष्ठी 7 व 8 को

**रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता-अवसर एवं चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आगामी 7 व 8 फरवरी को महावि के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की जाएगी। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र 7 फरवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मप्र शासन राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अध्यक्षता कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विवि राजकुमार आचार्य करेंगे। प्रमुख वक्ता विभागाध्यक्ष लेखांकन राजस्थान विवि राजस्थान डॉ. नीलकमल पुरोहित होंगे।


## भोपाल के प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन मिश्रा 09 फरवरी रविवार को रीवा में



रीवा-भोपाल के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार मिश्रा, MBBS, DNB (ऑर्थोपेडिक) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोस्कोपिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, सहायक प्राध्यापक चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल, पूर्व सहायक प्राध्यापक शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर, पूर्व चिकित्सक AIIMS नई दिल्ली के द्वारा दिनाँक 09 फरवरी रविवार (प्रत्येक रविवार रीवा में) को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित सभी प्रकार के रोगीयों का जैसे घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, लिगामेंट से सम्बंधित समस्याएं, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना, समस्त प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित रोग, घुटने व कंधे का दूरबीन विधि द्वारा इलाज/आपरेशन आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ मिश्रा को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है डॉ मिश्रा अब तक लगभग 05 (पाँच) हजार से ऊपर आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके है, डॉ मिश्रा के द्वारा कामता क्लीनिक रीवा में प्रत्येक रविवार को नियमित OPD परामर्श दिया जाता है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


# साइबर अपराधियों से बचने जागरूक रहने की जरूरत: डॉ दिनेश कौशल

**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को स्वामी श्री विष्णुतीर्थ स्मृति वेदान्त व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के सभागार में हुए व्याख्यान का विषय साइबर अपराध के प्रति सामाजिक जागरुकता रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जोनल पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा डॉ. दिनेश कौशल रहे। इस अवसर पर डॉ दिनेश कौशल ने कहा कि आजकल के युवा प्रतिदिन 5 से 6 घण्टे तक मोबाइल एवं इंटरनेट का प्रयोग करते हैं। इस दौरान अनजाने में वह बहुत सारे अननोन लिंक एवं वेबसाइट पर क्लिक कर डिजिटल अरेस्ट, डिपफेक, हैकिंग, साइबर बुलीइंग, पोर्नोग्राफी/चाइल्ड पोर्नोग्राफी एवं विश्रीय धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि साइबर अपराधी डीपफेक के माध्यम से किसी फोटो या वीडियो में किसी और का चेहरा जोड़ कर वायरल होने की धमकी देकर साइबर अपराध को अंजाम देते हैं। इसके साथ ही हैकिंग के माध्यम से बैंक अकाउन्ट, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पासवर्ड, यूजर आईडी, ओटीपी जैसी सारी जानकारी इकट्ठा कर विश्रीय धोखधड़ी को भी अंजाम देते हैं। डॉ कौशल ने बताया कि आधार कार्ड के माध्यम से फर्जी सिमकार्ड एवं बैंक अकाउन्ट भी खुलवाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। ऐसे ही, ऑनलाइन गेमिंग भी बहुत सारे खतरों से भरा हुआ है। सोशल मीडिया के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि हम अपनी सारी प्राइवेसी शेयर कर देते हैं, ऐसी स्थिति में कोई भी अपराधी फायदा उठा सकता है। आगे उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए हमें जागरूक होने की जरूरत है। किसी भी अननोन लिंक एवं बेबसाइट पर न जाएँ, सोशल मीडिया में प्राइवेसी बनाये रखें। अनजान व्यक्तियों के साथ वित्तीय जानकारी साझा ना करें। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई साइबर अपराध हो भी जाये तो इसे छिपाएं नहीं, अपने माता-पिता, अभिभावक एवं पुलिस से जरूर संपर्क करें तथा कोई भी डाटा डिलिट न करें एवं 1930 पर तत्काल सम्पर्क करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु डॉ राजकुमार आचार्य, विशिष्ट अतिथि प्रो. एनपी पाठक, डॉ एचएन सिंह ने भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो श्रीकांत मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ देवदास साकेत ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

- **विवि में हुई स्वामी श्री विष्णुतीर्थ स्मृति वेदान्त व्याख्यानमाला**

## साइबर क्राइम एवं लैंगिक अपराधों के बारे में बताया




### जीएमएसजी महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, रीवा।** शासकीय एमएस गोलवलकर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र सिंह लोक अभियोजन अधिकारी रहे जिन्होंने पास्को एक्ट लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपने विचार छात्रों से साझा किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभय मिश्रा जिला विधिक सहायता अधिकारी रहे जिन्होंने साइबर क्राइम एवं लैंगिक अपराधों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वाति श्रीवास्तव प्रोटेक्शन ऑफिसर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर विश्वजीत तिवारी बायोटेक विभाग ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर आशीष पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ आशीष पांडे डॉक्टर अर्पण मिश्रा डॉक्टर विश्वजीत तिवारी बीके भारती रवीश वर्मा क्षितिज तिवारी एवं रेखा शर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक नीलम किरण पाण्डेय हुईं सेवानिवृत्त



**रीवा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सगरा की शिक्षक नीलम किरण पाण्डेय 42 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हो गईं। इस मौके पर विदाई समारोह संकुल प्राचार्य सुरेश प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हायर सेकेण्डरी स्कूल सगरा की प्राचार्य सुधा मिश्रा, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय सचिव सार्जेंट रमेश पाण्डेय रहे। जिन्होंने नीलम किरण को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व प्रधानाध्यापक बाला प्रसाद तिवारी, जन शिक्षक करुणेश शुक्ला, प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञान सिंह, विनोद कुमार मिश्रा सहित अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला रीवा के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति और स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।


## प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ विनीत तिवारी के द्वारा OPD प्रतिदिन रीवा में



रीवा-विंध्य क्षेत्र के प्रथम मान्यता प्राप्त प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ विनीत कुमार तिवारी MBBS, MS (Surgery) मेडिकल कालेज जबलपुर, FALS, FIAGES, DrNB सुपर स्पेशलिटी (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) नई दिल्ली, रोबोटिक एवं मिनिमल सर्जरी में फेलोशिप, इंडियन एसोशिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन की फेलोशिप कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 05 बजे साल से 07 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर प्रतिदिन इलाज किया जाता है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 06 फरवरी 2025 माघ शुक्ल 09 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



**गीता**

सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि।
प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति।।

**भावार्थ :** इस संसार में संपूर्ण प्राणी प्रकृति के अनुसार काम करते हैं। ज्ञानी महापुरुष भी अपनी प्रकृति के अनुसार चेष्टा करते हैं। फिर इसमें किसी और का हठ क्या करेगा?

# मानवीय शिष्टाचार की अपेक्षा थी डोनाल्ड ट्रंप से

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान में ही यह कहा था कि यदि वे राष्ट्रपति बने तो सबसे पहले अवैध प्रवासियों को निकाल बाहर करेंगे। तब दुनिया को यही लगा कि बड़बोले ट्रंप के सैकड़ों शिगूफों में शायद यह एक और विनोदी बात है। मगर उन्हें सत्ता संभाले बमुश्किल एक सप्ताह बीता था कि अमेरिकी फौजी विमानों ने इस काम को अंजाम देना शुरू कर दिया। कोलंबियाई नागरिकों के साथ तो बहुत बुरा सुलूक किया गया था। उन्हें न सिर्फ हथकड़ियां व बेड़ियां पहनाई गई थीं, बल्कि रास्ते में पीने का पानी तक नहीं दिया गया था। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने इस अमानवीयता पर सख्त ऐतराज किया था कि उनके नागरिकों के साथ अपराधी सरीखा सुलूक हुआ। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर के करीब एक करोड़ दस लाख लोग इस समय अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। इनमें काफी सारे लोग भारत के भी बताए जाते हैं। ब्योरों के मुताबिक, अमेरिका ने फिलहाल करीब 18,000 भारतीयों को वापस भेजने का फैसला किया है, क्योंकि इनके पास वहां रहने के उपयुक्त दस्तावेज नहीं हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने काफी पहले अमेरिकी प्रशासन को इस काम में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया था। यदि कोई भारतीय अवैध रूप से अमेरिका में पाया जाता है, तो उसकी नागरिकता का सत्यापन करने के बाद हम उसे वापस लेने के लिए खुले हुए हैं। ऐसे में, ट्रंप प्रशासन की यह कार्रवाई निश्चित रूप से निंदनीय है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अवैध प्रवेश या घुसपैठ किसी देश को मान्य नहीं हो सकती, भारत खुद इसका सबसे बड़ा शिकार है। लाखों बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ-साथ हजारों रोहिंग्या यहां वर्षों से रह रहे हैं। अमेरिका सबसे पुराने लोकतंत्र का दावा करते नहीं अघाता, मगर उसने बुनियादी मानवीय शिष्टाचार भी नहीं निभाया। केंद्र सरकार को भारतीय नागरिकों के साथ हुए इस सुलूक का मसला वाशिंगटन के समक्ष जरूर उठाना चाहिए। ट्रंप प्रशासन शायद यह भूल गया कि किसी न किसी हसीन सपने से प्रेरित लोग जान-माल का जोखिम उठाकर वहां पहुंचे हैं। उनके साथ अपराधियों सरीखे व्यवहार से सपनों के इस महादेश की भी छवि खंडित होती है।

**कड़े पहरे में 205 भारतीयों को सी-17 अमेरिकी विमान में चढ़ते देखना जितना शर्मसार करने वाला था, उतना ही दर्दनाक और अमेरिकी निष्ठुरता को प्रतिबिंबित करने वाला भी था। अमेरिका सबसे पुराने लोकतंत्र का दावा करते नहीं अघाता, मगर उसने बुनियादी मानवीय शिष्टाचार भी नहीं निभाया।**

**प्रसंगवश**

# दिल्ली चुनाव में घुसपैठिए भी मतदाता सूची में दर्ज

**क्या** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 20 लाख से अधिक घुसपैठियों ने मतदान किया? क्या देश की राजधानी में इतने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं? यदि हैं, तो राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का दोषी और जवाबदेह कौन है? क्या लाखों अवैध शरणार्थियों को, सिर्फ चुनाव के मद्देनजर, राजनीतिक संरक्षण दिया जाना संभव है? क्या भारत सरकार और सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों ने आंखें मूंद रखी हैं? ऐसे कई सवाल बेहद संवेदनशील हैं। दिल्ली को घुसपैठियों की धर्मशाला नहीं बनाया जा सकता। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने



114 पन्नों की जो शोध-रपट जारी की है, बेशक उसे पूर्ण सत्य न माना जाए, लेकिन घुसपैठियों का मुद्दा तो पुराना है। इस रपट को नकारा भी नहीं जा सकता, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चुनाव आयोग ने सभी दृष्टिकोण से सुनिश्चित करने और क्रॉस चेकिंग के बाद जो अंतिम मतदाता-सूची तैयार की है, क्या उसमें करीब 20 लाख घुसपैठियों के नाम भी दर्ज हैं। इस अवैध मतदान से न केवल हमारी चुनाव-प्रणाली प्रभावित होती है, बल्कि दिल्ली की जनसंख्या के समीकरण भी बदल रहे हैं। यहां की 84 फीसदी हिंदू आबादी घट कर 81.7 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 5.7 फीसदी थी, जो बढ़कर करीब 13 फीसदी हो गई है। यह खतरनाक बदलाव है। सवाल यह है कि घुसपैठिए मतदाता बने, उन्हें सभी सरकारी संसाधन और सुविधाएं भी हासिल हैं, उनके पास मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि सरकारी, वैध दस्तावेज भी हैं, तो उनकी छंटनी कर कैसे साबित किया जा सकता है कि वे अवैध घुसपैठिए हैं? वे बांग्लादेश, म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों से भारत में घुसे हैं?

**राजधानी दिल्ली में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मौजूद हैं और वे किन इलाकों में रहते हैं। पुलिस ने अधिकतर चेहरे चिह्नित भी कर रखे हैं। उन्हें उनके देश वापस भेजने का फैसला भी हो चुका है, लेकिन डिपोर्ट करने के 70 फीसदी मामले आज भी लंबित पड़े हैं, क्योंकि घुसपैठियों के मूल देश उन्हें अपने नागरिक मानने को तैयार नहीं हैं।**

रपट में खुलासा किया गया है कि राजधानी दिल्ली में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मौजूद हैं। उन्हें उनके देश वापस भेजने का फैसला भी हो चुका है, लेकिन डिपोर्ट करने के 70 फीसदी मामले आज भी लंबित पड़े हैं, क्योंकि घुसपैठियों के मूल देश उन्हें अपने नागरिक मानने को तैयार नहीं हैं। यही नहीं, पुलिस को भी इनके इलाकों में जाने से रोका गया है। क्या घुसपैठिए इतना बड़ा खतरा हैं अथवा राजनीतिक संरक्षण के तहत ऐसा किया गया है? करीब 45 फीसदी घुसपैठिए झुग्गियों में रहते हैं। वहां उन्हें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा सरीखी सरकारी सुविधाएं हासिल हैं। जिन इलाकों में घुसपैठिए रहते हैं, वहां आसपास के स्कूलों में 20-30 फीसदी बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ये घुसपैठिए मजदूरी करते हैं और कम वेतन पर भी काम करने को तैयार रहते हैं, लिहाजा कारोबारी उन्हें काम पर रखने को प्राथमिकता देते हैं और श्रम के कोई भी दस्तावेज नहीं देने पड़ते हैं। यह भी बेरोजगारी का बड़ा कारण है। रपट में बताया गया है कि फर्जी दस्तावेज बनाने का भी एक गिरोह स्थानीय नेताओं के इशारे पर फर्जी दस्तावेज तैयार करता है। बदले में ये अवैध अप्रवासी उन नेताओं को चुनाव में वोट देते हैं। किसी भी स्तर पर घुसपैठ स्वीकार्य न हो।

# आम जन के जीवन को सरल बना पा रहे नीतिगत सुधार?

**राष्ट्रीय**

**यह सही है कि विकासशील भारत में सुधार के काम लगातार हो रहे हैं। नीतिगत बदलावों और प्रशासनिक सुधारों के सहारे सरकार आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में प्रयासरत है। मगर बड़ा सवाल यह है कि ये सुधार कितने प्रभावी हैं और क्या ये वास्तव में हैं? जमीनी हकीकत यही बयान करती है कि सरकार ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं तो बनाईं, लेकिन लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में अब भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।**

**अवनीश कुमार गुप्ता**

**आ**ज की नीतियां डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों से प्रेरित हैं, जो आर्थिक विकास को गति देने के लिए बनाई गई हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यही बयान करती है कि सरकार ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं तो बनाईं, लेकिन लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में अब भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह, बैंक ऋण योजनाएं तो मौजूद हैं, लेकिन छोटे व्यापारियों को आसानी से कर्ज नहीं मिलता। नोएडा, कानपुर, वाराणसी जैसे शहरों में छोटे उद्योगपति अब भी जटिल प्रक्रियाओं से जूझ रहे हैं। डिजिटलीकरण की बात करें, तो यह अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल भुगतान प्रणाली के जरिये भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सफलता अब भी संदिग्ध है। प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर जैसे इलाकों में इंटरनेट की सीमित पहुंच और तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण आम नागरिक अब भी नकदी लेन-देन पर निर्भर हैं। इससे डिजिटल क्रांति की गति धीमी हो जाती है। रोजगार के क्षेत्र में भी सुधारों की आवश्यकता है। सरकार ने कौशल विकास योजनाएं चलाई हैं, लेकिन इनके तहत प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों में उचित अवसर नहीं मिल पा रहा। कौशल विकास तभी सार्थक होगा, जब उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच कारगर समन्वय कायम होगा। प्रयागराज और लखनऊ जैसे शहरों में कई छात्र प्रशिक्षित तो हो रहे हैं, लेकिन नौकरी न मिलने के कारण वे मजबूरी में पारंपरिक या असंगठित क्षेत्र में काम करने को बाध्य हैं।

कृषि सुधारों की दिशा में भी नई नीतियां लागू की गई हैं, लेकिन कई चुनौतियां किसानों तक इनका लाभ पहुंचने नहीं देतीं। उर्वरकों की बढ़ती कीमतें, जल संकट और विपणन की समस्याएं किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। साफ



है, सुधारों की गति बनी रहनी चाहिए, लेकिन इन्हें केवल नीति-निर्माण तक सीमित न रखकर जमीनी हकीकत के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। जब तक आम नागरिक को इनका सीधा लाभ नहीं मिलेगा, तब तक सुधारों की शृंखला सिर्फ सरकारी आंकड़ों तक सिमटकर रह जाएगी।

यह सही है कि विकासशील भारत में सुधार के काम लगातार हो रहे हैं। नीतिगत बदलावों और प्रशासनिक सुधारों के सहारे सरकार आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में प्रयासरत है। मगर बड़ा सवाल यह है कि ये सुधार कितने प्रभावी हैं और क्या ये वास्तव में हैं? जमीनी हकीकत यही बयान करती है कि सरकार ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं तो बनाईं, लेकिन लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में अब भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

सुधारों को जमीन पर उतारने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने काफी कुछ किया है, लेकिन कुछ बड़े सुधारों को लेकर फिलहाल वह इसलिए उदासीन दिख रही है, क्योंकि इसके लिए उसे दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए, जो एनडीए के पास नहीं है। देखा जाए, तो एक तरह से यह अच्छा ही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि किसी भी बड़े सुधार को संसद से पास करवाने और फिर उसे लागू करवाने में सरकार का बहुत समय निकल जाता है, उसका ध्यान भी बंट जाता है। इतना ही नहीं, सुधारों को लागू करवाने के लिए सरकार को कुछ हिंसक और भ्रष्ट तत्वों की हरकतों को नजरंदाज भी करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, जीएसटी, अनुच्छेद 370, सीएए, कृषि सुधार कानून, बैंकिंग सुधार आदि कामों में कई माह-वर्ष लग गए। एकाध मामलों में तो सरकार को अपने कदम भी पीछे खींचने पड़े हैं। इसका कारण यही है कि विपक्षी दल ऐसे सुधारों का विरोध करते हैं, क्योंकि बदलाव से व्यवस्था सुधर जाएगी, जिससे उनको वोट का नुकसान हो सकता है। फिर, वे पुरानी व्यवस्था के अभ्यस्त भी हैं, जिनसे उनको फायदा मिलता है। वैसे, देखा जाए, तो भारतीय जनमानस भी सुधारों को स्वीकार करने में वक्त लेता है। आम लोग भी उन क्षेत्रों में शायद ही सुधार चाहते हैं, जहां उनका आधिपत्य है। जीएसटी इसका बड़ा उदाहरण है। उद्यमी वर्ग इसके विरोध में था, क्योंकि पुराने मॉडल में टैक्स में चोरी आसान थी। मगर सरकार ने सख्ती दिखाई, तो जीएसटी लागू हो गया। इसी तरह, कुछ तत्व सुधारों को रोकने के लिए हिंसा का सहारा भी लेते हैं, जैसे हमने कृषि सुधार कानूनों के संदर्भ में देखा। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद तो कई दलों के नेताओं ने इसे फिर से लागू करने संबंधी बयान भी दिए।

अतः केंद्र सरकार ने यह समझ लिया है कि पिछले दस वर्षों में किए गए सुधारों को और सुदृढ़ करो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले वर्षों में, पिछले 10 वर्षों में हमने जो किया है, उसकी गति बढ़ाएंगे और उसका विस्तार करेंगे। इनमें प्रमुख हैं- निर्धनता के खिलाफ निर्णायक लड़ाई (अर्थात गरीबी का पूर्ण उन्मूलन); सार्वजनिक परिवहन को गंभीरता से आगे बढ़ाना; फल व सब्जी उत्पाद की भंडारण व्यवस्था को बढ़ावा देना; भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई; ईको-सिस्टम की साजिश का जवाब उन्हीं की भाषा में देना आदि। एक तरह से यह अच्छा ही है कि मोदी सरकार अपना फोकस पुराने सुधारों को लागू करने पर केंद्रित करने को बाध्य हुई है। इससे देश का भला होगा।

# सांस्कृतिक आयोजनों में प्रबंधन के देसी तरीके ही बेहतर

**समारोह प्रबंधन**

**कुंभ की आस्था और श्रद्धालुओं के जीवनवृत को समझने वालों के लिए यह 'डिजिटल प्रबंधन' शुरू से असहज करने वाला था। वह भीड़, जिसमें समूह के किसी एक व्यक्ति के पास ही मोबाइल होता है, या एक भी मोबाइल नहीं होता, एक डंडे में किसी विशेष चिह्न को लगाकर समूह को निर्देश दिया जाता है, उन्हें डिजिटल उपाय क्या सुविधा दे पाएगा? आपदा के समय स्थानीय लोगों, छात्रों ने ही मोर्चा संभाला। तकनीक के फेल होने पर सेवा-भाव ही काम आया, जो भारतीय समाज का मूल तत्व है।**

**अर्चना सिंह**

**प्र**यागराज महाकुंभ 2025 की टैग लाइन 'दिव्य, भव्य व डिजिटल महाकुंभ की भव्य शुरुआत में आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं की अपार भीड़ इस आयोजन की सफलता का आगाज कर रही थी। आस्था का यह महापर्व दिव्य व भव्य तो रहता ही है, साथ ही प्रशासनिक हस्तक्षेप इस भव्यता को समावेशी व सुगम बनाने के प्रयास कर रहे थे। महाकुंभ की विशेष व्यवस्थाओं में इस बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष साइबर सुरक्षा व्यवस्था शुरू की गई, जिनमें साइबर गश्त हेतु 56 समर्पित साइबर योद्धाओं एवं विशेषज्ञों की तैनाती की गई। धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों, सोशल मीडिया घोटालों और फर्जी लिंक जैसे साइबर खतरों का मुकाबला करने के लिए महाकुंभ साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना हुई। साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मेला क्षेत्र में 40 वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) स्थापित किए गए। जाहिर है कि ये सब सुरक्षित कुंभ की जरूरत थे। लेकिन सवाल है कि प्रौद्योगिकी और स्थानीय व देशी तरीके में से कौन बेहतर भीड़ प्रबंधन कर सकता है। इसका उत्तर काफी हद तक संदर्भ, भीड़ प्रबंधन के लक्ष्यों और भीड़ की विशिष्ट आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। कैलाश गौतम की 'अमौसा का मेला कविता 'एहु हाथे झोरा, उहौ हाथे झोरा, कान्हे पर बोरी कपारे पर बोरा' भीड़ का चित्रण करती है। इस भीड़ की अलग तरह की आवश्यकता पर गंभीर चिंतन जरूरी है। प्रौद्योगिकी ऐसे उपकरण प्रदान करती है, जो वास्तविक समय में भीड़ की निगरानी और प्रबंधन को सक्षम बनाती है। ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी और उन्नत डाटा एनालिटिक्स (एआई सहित) जैसी आधुनिक तकनीकें भीड़ घनत्व, पैटर्न और व्यवहार को ट्रैक कर सकती हैं। उन्नत सॉफ्टवेयर उपकरण भीड़ और पिछले डाटा का विश्लेषण करके संभावित जोखिम बिंदुओं की भविष्यवाणी कर



सकते हैं। लेकिन मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के समय दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ ने पूरी व्यवस्था को हिला दिया। दरअसल कुंभ की आस्था और श्रद्धालुओं के जीवनवृत को समझने वालों के लिए यह 'डिजिटल प्रबंधन' शुरू से असहज करने वाला था। वह भीड़, जिसमें समूह के किसी एक व्यक्ति के पास ही मोबाइल होता है, या एक भी मोबाइल नहीं होता, एक डंडे में किसी विशेष चिह्न को लगाकर समूह को निर्देश दिया जाता है, उन्हें डिजिटल उपाय क्या सुविधा दे पाएगा? आपदा के समय स्थानीय लोगों, छात्रों ने ही मोर्चा संभाला। तकनीक के फेल होने पर सेवा-भाव ही काम आया, जो भारतीय समाज का मूल तत्व है। इस भीड़ में एक बुजुर्ग महिला अपने परिजनों से बिछड़कर झूंसी में भटक रही थीं। रात बारह बजे गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के गेट पर वह बदहवास हालत में पहुंचीं। वह तत्काल कुछ बताने की स्थिति में भी नहीं थीं। उनके हाथ पर गोदना गुदा था, जिस पर उनके पति का नाम लिखा था। थोड़ी देर बाद जब वह सामान्य हुईं, तो उन्होंने अपना पता बताया। फिर उनके गांव में संपर्क करने पर उनके बेटे का फोन नंबर मिला और उन्हें सूचना दी गई और वह उन्हें ले गए। इस तरह एक पुरातन पहचान के चिह्न गोदना ने एआई के जमाने में भी अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी। देसी तरीके अक्सर लंबे समय से चले आ रहे सामाजिक बंधनों और समुदाय के भीतर विश्वास पर बनाए जाते हैं। भीड़ के सदस्यों और कार्यक्रम का प्रबंधन करने वालों के बीच का रिश्ता आम तौर पर आपसी सम्मान और समझ का होता है, जो सहयोग को बढ़ाता है। बेशक आधुनिक तकनीक की अपनी महत्ता है, लेकिन कुंभ, जहां की आस्था में सारे विभेद संगम की रेती में तिरोहित हो जाते हैं, वहां शायद देसी तरीके ही उत्तम हैं। स्वदेशी तरीके स्थानीय सामाजिक संरचनाओं में गहराई से अंतर्निहित हैं और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील हैं, सहयोग और सम्मान को बढ़ावा देते हैं।

स्थानीय नेता और समुदाय के भरोसेमंद व्यक्ति, स्थानीय/क्षेत्रीय बोली बोलते हैं, जो अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी और स्वदेशी तरीके, दोनों के फायदे और सीमाएं हैं। इसलिए वास्तविक समय की निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और मानव-केंद्रित, सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील हस्तक्षेप के लिए स्वदेशी ज्ञान, भीड़ प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है।

## SUDOKU 35

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 6 | | 2 | | 5 | |
| 3 | | | 7 | 9 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 2 | | | 1 | | | | | 9 |
| | 7 | | 2 | | 8 | | 3 | |
| 1 | | | | | 3 | | | 6 |
| | | | | | | | | 2 |
| | | 7 | | 8 | 9 | | | 4 |
| | 3 | | 4 | | 1 | 8 | | |

## SOLUTIONS 34

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 1 | 5 | 6 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 3 | 6 | 4 | 5 | 8 | 7 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**के.ए. दुबे पद्मेश**

**मेष :** आज का दिन उथल-पुथल से भरपूर दिन रहेगा। काम का माहौल प्रोडक्टिव रहेगा साथ ही आर्थिक खुशहाली भी रहेगी। आपका स्वास्थ्य भी पॉजिटिव है।

**वृषभ :** दिन शानदार रहने वाला है। व्यावसायिक सफलता के साथ सुखी प्रेम जीवन की एक्सपेक्टेशन आप कर सकते हैं। सभी सौंपे गए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें।

**मिथुन :** अच्छे स्वास्थ्य और धन की समृद्धि से भी दिन यादगार रहेगा। व्यावसायिक काम आपको व्यस्त रखेंगे। आपका स्वास्थ्य व धन दोनों अच्छे लेवल पर दिख रहा है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। प्रेम जीवन में मनमुटाव को दूर करें और साथ में समय बिताएं। एक बेहद बिजी पेशेवर कार्यक्रम के लिए तैयार रहें।

**सिंह :** आज के दिन बॉस के साथ न उलझें। अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि भी आती है। दिन थोड़ा स्ट्रेसफुल साबित हो सकता है। प्यार में आज आपको उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

**कन्या :** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिए आज आपको खर्चों से बचना चाहिए। आज व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

**तुला :** दिन बदलावों से भरपूर रहेगा। रोमांटिक मुद्दों को थोड़ी सी समझदारी और रोमांस के साथ संभालें। पेशेवर मुद्दों का सोल्यूशन निकालें। मेंटल हेल्थ पर फोकस करें।

**वृश्चिक :** आज आप अपनी लव लाइफ में खुश रहेंगे। आज नए प्यार के कनेक्शन को अपनाने के लिए तैयार रहें। अशांत समय में भी शांत रहने की कोशिश करें।

**धनु :** आज अपनी योग्यता साबित करने के लिए जिम्मेदारियां सावधानी से निभाने की जरूरत है। आज पैसों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या नहीं रहेगी।

**मकर :** आज पैसे कमाने में कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल जिम्मेदारियां, पैसों से भरी जेब व अच्छा स्वास्थ्य दिन के मुख्य आकर्षण रहेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन थोड़ी बहुत चुनौतीयां लेकर आएगा। काम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाएं। लव के मामले में थोड़ा रोमांस दिखाएं। छोटी-मोटी आधिकारिक चुनौतियाँ भी आपको मजबूत बनाएंगी।

**मीन :** दिन पॉजिटिव रहेगा। अपनी योग्यता साबित करने के लिए कार्यस्थल पर अधिक मौकों की तलाश करें। पैसा आपके पक्ष में है और स्वास्थ्य संबंधी कोई बड़ी समस्या भी आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 6 फरवरी 2025 दिन गुरुवार माघ मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत1946

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्र वृषभ राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध मकर राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मेष राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदयकालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा प्रातः 11:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र बाय लोहा रहेगा शाम 5:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा रात्रि 11:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र रोहिणी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा।

**चौघड़िया, गुरुवार**

सुबह 6.00 से 7.30........शुभ
सुबह 7.30 से 9.00........रोग
सुबह 9.00 से 10.30........उद्वेग
सुबह 10.30 से 12.00........चर
दोपहर 12.00 से 1.30........लाभ
दोपहर 1.30 से 3.00........अमृत
दोपहर 3.00 से 4.30........काल
शाम 4.30 से 6.00........शुभ

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह 06:00 बजे | कृतिका | द्वितीय | लोहा | वृषभ | ई |
| प्रातः 11:30 बजे | कृतिका | तृतीय | लोहा | वृषभ | ऊ |
| शाम 5:30 बजे | कृतिका | चतुर्थ | लोहा | वृषभ | ए |
| रात्रि 11:30 बजे | रोहिणी | प्रथम | लोहा | वृषभ | ओ |

**आराधना का मंत्र:-** ऊँ क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं दक्षिण कालिके क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्वाहाः। तारा : ऐं ऊँ ह्रीं क्रीं हूं फट्। त्रिपुर सुंदरी : श्री ह्रीं क्लीं ऐं सौः ऊं ह्रीं क्रीं कए इल ह्रीं सकल ह्रीं सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं नमः।।।

-पं. अरविंद तिवारी

**जीवन दर्शन**

## इच्छाओं के पूरे होने का लालच में बंट जाती है ऊर्जा

**ए** अगर व्यक्ति के पास बहुत सारी इच्छाएं हैं, तो तय है कि उनमें से कुछ पूरी नहीं हो पातीं। यदि व्यक्ति यह तय नहीं कर पाता कि कौन-सी इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है, तो उसकी ऊर्जा बंट जाती है। कई बार व्यक्ति की परिस्थिति उसकी इच्छाओं के अनुकूल नहीं होती और कई बार समाज, परिवार, और अन्य लोग भी हमारी मनोकामनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। नकारात्मक विचार और भय भी मनोकामनाओं के रास्ते में रुकावट बनते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि हर चीज ईश्वर की योजना के अनुसार होती है। यदि किसी मनोकामना का पूरा होना हमारी भलाई के लिए नहीं है, तो वह अधूरी रह सकती है। ईश्वर वह देते हैं जो हमारे लिए सही है, न कि जो हम चाहते हैं। इसलिए ईश्वर में आस्था बनाए रखें और यह समझें कि जो हो रहा है, वह आपके सर्वोत्तम के लिए है। शास्त्रों में कहीं न कहीं माना गया है कि व्रत भी मनोकामना पूर्ति में सहायक होता है। आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के अनुसार व्रत रखने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती है। उन्होंने बताया कि वामन भगवान भी व्रत के ताप से ही प्रकट हुए थे। उनका कहना है कि व्रत रख कर कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रेमानंद महाराज का कहना है कि मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत करना ही सिर्फ काफी नहीं होता बल्कि इसे सही नियमों के साथ करना जरूरी है। उनके अनुसार अगर व्रत रखते हुए मन में भगवान के नामों का जाप किया जाय, तो व्रत के दौरान होने वाली हर एक भूल को भगवान माफ कर देते हैं। सुमिरन और भजन का सहारा लें। मन को शांत और पवित्र करने के लिए नाम जप या भजन-कीर्तन करें। संत प्रेमानंद जी के अनुसार जब मन भक्ति में लीन होता है, तो बुरे विचार अपने-आप हट जाते हैं। अच्छे और सत्संगी लोगों का संग करें। बुरी संगति से बचें क्योंकि संग का सीधा प्रभाव हमारे विचारों पर पड़ता है। संतों के प्रवचन सुनने और सत्संग में जाने से मन सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। खाली मन शैतान का घर होता है। इसलिए, अपने मन को सदैव अच्छे कामों, पढ़ाई, सेवा, या ध्यान में व्यस्त रखें। शरीर को भी सक्रिय रखें क्योंकि आलस्य बुरे विचारों को आकर्षित करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू

**विसं, भोपाल।** किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिये प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों द्वारा इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिये गेट पास बनाये जा रहे हैं। रिकॉर्ड संधारण में इस प्रणाली से बहुत लाभ हुआ है। ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।

### सेवा से 37 आउटसोर्स कर्मचारी किए पृथक

**विसं, भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ., सीहोर, मुरैना तथा श्योपुर में आउटसोर्स एजेंसी से कार्यरत 37 आउटसोर्स कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 37 आउटसोर्स कार्मिक कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे।कंपनी ने कार्य क्षेत्र के भोपाल वृत्त में कार्यरत 7 आउटसोर्स कार्मिकों के साथ ही भोपाल ग्रामीण में 3, नर्मदापुरम में 3, रायसेन में 6, राजगढ में 2, सीहोर में 8, विदिशा में 3, मुरैना में 2, श्योपुर में 1 तथा शिवपुरी वृत्त में कार्यरत 02 आउटसोर्स कार्मिकों को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है।

### राज्य निर्वाचन आयुक्तों की कॉन्फस सिवनी में

विसं, भोपाल। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में एक से 4 मार्च तक आयोजित की जायेगी। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 25 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। श्रीवास्तव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थनीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आईं चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

### राजधानी में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए तेजी से चल रहीं तैयारियां

# परोसे जाएंगे कोदो-कुटकी से बने पेस्ट्री-कुकीज, सड़कें चमाचम

**भोपाल।** राजधानी में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए तैयार तेजी से चल रही हैं। इसमें पधारने वाले मेहमानों को कोदो-कुटकी से तैयार बेकरी आयटम परोसने की तैयारी की जा रही है। इसमें सभी तरह के विटामिन मिनरल्स पाए जाते हैं और यह शरीर में आसानी से पच भी जाता है। वहीं दूसरी ओर शहर को चमकाने का काम भी तेजी से चल रहा है। समिट में विदेशी मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया है, इसलिए सड़कों को संवारने का काम तेजी से रहा है। खासतौर वीआईपी रोड जहां से मेहमान गुजरेंगे उसकी सुंदरता में चार चांद लगाए जा रहे हैं। वहीं दीवारों पर भी रंग रोगन व चित्रकारी की जा रही है। इधर, समिट में आने वाले मेहमानों को कोई परेशानी न हो और सारी व्यवस्थाएं चाक चोबंद रहें इसे लेकर बुधवार को एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। इसमें खासतौर पर एटीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्हें 23 से लेकर 26 फरवरी तक मेहमानों के आने एवं वापस जाने तक 24 घंटे मुस्तैद रहने को कहा गया।







छाया : एचसी

## श्रीअन्न के जरिए एमपी की ब्रांडिंग करने की तैयारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में पधारने वाले देश विदेश के विजिटर्स को कोदो और कुटकी से तैयार बेकरी आयटम परोसने की तैयारी है। बता दें कि डिंडौरी में बहुतायत से मिलने वाले कोदो और कुटकी में सभी तरह के विटामिन मिनरल्स पाए जाते हैं और यह शरीर में आसानी से पच भी जाता है। इस कारण श्रीअन्न से तैयार बेकरी उत्पादों को जीआईएस में आने वाले गेस्ट को परोसा जाएगा। गौरतलब है कि श्रीअन्न से तैयार बेकरी आयटम में मैदे का प्रयोग नहीं किया जाता है। जिस कारण इनके हेल्थ बेनेफिट अधिक होते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा साल 2022 को मिलेट्स ईयर घोषित किया गया था। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन भी मोटे अनाज को श्रीअन्न की संज्ञा दे चुकी हैं। वहीं मिलेट्स को सुपर फूड भी कहा जाता है। इसी के चलते पूरे देश में मोटे अनाज की 20 से ज्यादा विलुप्त प्रजातियों को बचाने का काम डिंडौरी में किया जा रहा है। डिंडौरी निवासी बैगा जनजाति की लहरी बाई द्वारा मोटे अनाज को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। डिंडौरी के सिलपिड़ी गांव की रहने वाली लहरी बाई ने पिछले दस सालों में मोटे अनाज की विलुप्त हो रहीं 20 प्रजातियों का घर में ही बीज बैंक तैयार किया है। वे आसपास के 20 से ज्यादा गांवों के किसानों को अनाज के बदले यह बीज देती हैं। जिससे डिंडौरी में बड़े पैमाने पर मोटे अनाज की खेती हो रही है।




### इस कारण उपयोगी है मोटा अनाज

मोटे अनाज में आम अनाज की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं। माना जाता है कि इनका लगातार उपयोग करने से शरीर बलवान रहता है और व्यक्ति की आयु भी अधिक होती है। सभी मोटे अनाज में मुख्य रूप से कैल्शियम, आयरन, जिंक, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम जैसे खनिजों का भंडार होता है। साथ ही इसमें फाइबर भी भरपूर मात्रा में होता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। मुख्य रूप से विटामिन बी जिनमें फोलिक एसिड, विटामिन बी-6, बीटा कैरोटीन और नियासिन भी पर्याप्त मात्रा में होती है।

### डिंडौरी में हो रही इन मोटे अनाज की खेती

डिंडौरी में मुख्य रूप से बैगा सलहार, काटा सलहार व ऐडी सलहार के साथ बड़े कोदो, लदरी कोदो, बहेरी कोदो, छोटी कोदो, डोंगर कुटकी, लाल डोंगर कुटकी, सिताही कुटकी, बिरनी कुटकी, नागदावन कुटकी, बिंदरी रवास, झुंझरू, छतरू, चारमढ़िया, लालमढ़िया, गोदपारी मढ़िया जैसे अन्य बीजों की भी खेती हो रही है और इन्हीं मिलेट्स का उपयोग कर बेकरी आइटम बनाए जाने की तैयारी है।

## मेहमानों के स्वागत के लिए दीवारों पर रंगरोगन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में 24 और 25 फरवरी को मानव संग्रहालय में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर शहर की सड़कों को संवारने का काम शुरू कर दिया गया है। समिट में 25 देशों के करीब एक हजार प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। इसलिए राजधानी की सड़कों को चकाचक किया जा रहा है। दीवारों पर रंग रोगन व चित्रकारी की जा रही है। राजधानी में होने वाली दो दिवसीय जीआईएस में देश-विदेश के प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है, उनमें मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, एन. चंद्रशेखरन, नोएल एन. टाटा, आनंद महिंद्रा, जमशेद एन. गोदरेज, संजीव पुरी, संजीव बजाज, सतीश रेड्डी, नादिर गोदरेज, पवन मुंजाल, एसएन सुब्रह्मण्यम, रिशद प्रेमजी, अजीज प्रेमजी, शामिल हैं। देश के उद्योगपतियों के अलावा विदेश से भी उद्योगपति भोपाल की जीआईएस शामिल होंगे। उनकी आंखों को भोपाल की छवि उभारने के लिऐ पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और कर्मचारी रात दिन कार्य में लगे हुए हैं।

### रात में चमकती हुई दिखाई देंगी पीडब्ल्यूडी की सड़कें

राजधानी में बनी पीडब्ल्यूडी की दो दर्जन सड़कों को विशेष पहचान देने का काम किया जा रही हैं। रात में सड़कें लाल और सफेद रेशनी से टिमटिमाती हुई नजर आएंगी। इसके साथ सड़कों के किनारों पर सफेद और काली रंग की पट्टी से उनका सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सड़कों के किनारे रंग बिरंगे फूलों के गमले रखे जाएंगे, जिससे सड़कों के किनारे गुलिस्तां नुमा दिखाई देंगी। चौराहों पर मार्ग संकेत के लगाए जा रहे हैं। इससे चौराहों की खुबसूरती पर चार चांद लग रहे हैं। काली-काली सड़कों को चमकदार दिखाने के लिए दोनों तरफ सफेद पट्टा लगाया जा रहा है।

### अब वीआईपी जैसी दिखाई देगी वीआईपी रोड़

पीडब्ल्यूडी के खाते में वीआईपी रोड भी है। भोपाल आने वाले उद्योगपति एयरपोर्ट से वीआईपी रोड से होते हुए गंतव्य स्थान पर पहुंचेंगे। उन्हें भोपाल झीलों की नगरी का आभास कराने के लिए वीआईपी रोड का विशेष ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। रोड के किनारे फुटपाथ पर लगे पुराने और टुटे पेविंग ब्लाक को हटाकर नये लगाए जा रहे हैं। जगह जगह टूटी जालियों को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्हें रंग रोगन से लैस किया जा रहा है, जिससे उनकी खूबसूरती बढ़ती जा रही है। सड़क की ऊंचाई को बढ़ाने डामरीकरण कराया जाएगा।

**दो दर्जन सड़कों को संवारने में लगा विभाग**

पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की 26 सड़कों को दस करोड़ रुपए से संवारा जा रहा है। इनमें एयरपोर्ट रोड, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, वीआईपी रोड, एमपी नगर, वन विहार, रोशनपुरा, रंगमहल, श्यामला हिल्स, पालीटेक्नीक चौराहे से चारों तरफ लगी सड़कों के साथ लगी और अन्य प्रमुख सड़के भी शामिल हैं।

## एटीसी के अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे रहेंगे मुस्तैद, स्वागत-स्वल्पाहार पर रहेगा जोर

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने ली बैठक



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन को लेकर एयरपोर्ट पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मेहमानों को कोई परेशानी न हो और सारी व्यवस्थाएं चाक चोबंद रहें इसे लेकिन बुधवार को एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। इसमें खासतौर पर एटीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे, जिन्हें 23 से लेकर 26 फरवरी तक मेहमानों के आने एवं वापस जाने तक 24 घंटे मुस्तैद रहने को कहा गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने सभी स्टाप को यूनिफार्म में रहने, एयरपोर्ट के अंदर एवं बाहर हर व्यवस्था बेहतर से बेहतर हो, उस पर ध्यान देने के अलावा सफाई व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त रखने पर जोर दिया। उन्होंने एयरपोर्ट से लेकर गांधीनगर मुख्य मार्ग तक किए गए डामरीकरण, रंग रोगन व हरियाली की भी समीक्षा की। बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर ने विमानतल पर मौजूद कर्मचारियों एवं अधिकारियों से 23 से लेकर 26 फरवरी तक छुट्टी नहीं लेने की सख्त हिदायत दी। खासतौर पर इन तीन दिनों में ड्यूटी के अलावा घर जाने के बाद भी मोबाइल चालू रखने एवं किसी भी समय आपातकालीन ड्यूटी के लिए तैयार रहने को कहा। बैठक में यह भी कहा गया कि चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संभवतः 23 फरवरी की शाम को भोपाल आएंगे इस कारण उनके आगमन से लेकर प्रस्थान तक जहां तक संभव हो प्रत्येक कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

### समिट में आने वाले मेहमानों की अगले सप्ताह मिलेगी सूची

चूंकि बाहर से आने वाले अधिकांश उद्योगपति अपने निजी विमानों से एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इस कारण उनके आगमन के दौरान स्वागत एवं स्वल्पाहार के प्रति भी विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। बैठक में आने वाले मेहमानों की सूची अगले सप्ताह प्राप्त हो जाएगी। कौन मेहमान किस फ्लाइट से आ रहा है, उसके बाद नए सिरे से ड्यूटी लगाई जाएगी। बैठक में एयरपोर्ट पर उपलब्ध सभी तरह की सुविधाओं की भी समीक्षा की गई और आने वाले दिनों में एक और बड़ी बैठक किए जाने का निर्णय भी लिया गया। इसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस समिट में विमानन मंत्री, एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया के चेयरमैन सहित एयरपोर्ट अर्थारिऑ आफ इंडिया के कई आला अधिकारी भी भोपाल आ रहे हैं।

# प्रतिभा के साथ बच्चों में संस्कार होना भी जरूरी : मुख्यमंत्री

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सौंपी गई स्कूटी की चॉबी**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मेधावी छात्रों को स्कूटी वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने छात्रों से अपेक्षा की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ नैतिकता का भी ध्यान देना होगा। प्रतिभा के साथ संस्कार होना भी जरूरी है, क्योंकि पढ़ा लिखा व्यक्ति ही सबकुछ नहीं होता है, गुणी होना भी आवश्यक है। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि मेरिट में आए विद्यार्थी यदि योग्यता का उपयोग स्वयं के लिए करेंगे तो उनकी प्रतिभा का लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा। नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए सबके हित और सबके सुख का ध्यान रखकर किए गए कार्य न केवल समाज अपितु राष्ट्र की प्रगति में विद्यार्थियों के योगदान का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारा देश विश्व का सबसे महान बनने के मार्ग पर अग्रसर है। ऐसे में मेरिट में आए विद्यार्थी अपनी योग्यता, क्षमता और निपुणता से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज हित और देश की उन्नति में हरसंभव योगदान दें। लक्ष्य प्रगति में ही उनकी श्रेष्ठता सही अर्थों में सिद्ध होगी और भारत को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में सार्थक योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को शासकीय और निजी क्षेत्र की नौकरियों का लक्ष्य रखने के साथ ही समाज को नेतृत्व प्रदान करने, आने वाली पीढ़ी को शिक्षा देने जैसे दायित्वों के निर्वहन को भी अपना ध्येय बनाना चाहिए।



### स्कूटी चलाकर किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में 10 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान की तथा उनके साथ स्कूटी चलाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रतीक स्वरूप आदित्य राठौर, प्रशांत राजपूत, सिद्धार्थ साहू, रफत खान, आर्यन राजपूत, आकाश कुशवाह, बबली मीणा, पलक सिंह, ऊषा मीणा और सलोनी दांगी को ई-स्कूटी की चाबी भेंट की तथा उनके उज्जवल भविष्य कीशुभकामनाएं दीं। समारोह को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

# पटवारी से 'चिड़िया' भी बनवाना हो, तो देना पड़ती है घूस

## किसान संघ ने दिया धरना, डिप्टी सीएम ने पहुंच कर लिया ज्ञापन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय किसान संघ ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। जहां किसान नेताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार इस कदर है कि पटवारी से एक चिड़िया भी बनवाना है, तो उन्हें रिश्वत देनी पड़ती है। हर बार सरकार अच्छे रेट के नाम पर झुनझुना पकड़ा देती है। किसान राजधानी की लिंक रोड-1 स्थित अपने कार्यालय में बिजली के बढ़े रेट और फसल के कम दाम जैसी अपनी मांगों को लेकर अन्नदाता अधिकार रैली व वल्लभ भवन घेराव कार्यक्रम के तहत किसानों ने धरना दिया। इसमें प्रदेश भर से किसान पहुंचे थे। किसान धरने के उपरांत मंत्रालय का घेराव करने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा धरना स्थल पर पहुंच गए और उन्होंने किसानों से ज्ञापन लेकर उन की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया,जिससे धरना समाप्त हो गया।







### सरकार खुद किसानों के पास आ गई: देवड़ा

धरना स्थल पहुंचे देवड़ा ने कहा कि उन्हें मालूम चला कि अपनी मांगों को लेकर किसान वल्लभ भवन आ रहे है,तो मैं स्वयं उनके पास आ गया। उन्होंने कहा कि सीएम डॉ.मोहन यादव किसानों को लेकर संवेदनशील है। किसानों को वल्लभ आने की आवश्कता नहीं है, वल्लभ भवन को चलाने वाली सरकार ही किसानों के बीच जायेगी। देवड़ा ने कहा कि खेती व किसानों की योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रशासनिक कमी है। सरकार समीक्षा कर उसे दूर करेगी।

### किसानों की समस्याओं का थैला मंच पर सौंपा

भारतीय किसान संघ मध्यभारत प्रांत ने किसानों से अपनी राजस्व व अन्य समस्याओं को प्रमाण के साथ लाने को कहा था। प्रदेश भर से आये किसानों की समस्याओं का थैला मंच पर ही ज्ञापन के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा। जिस पर उन्होंने कार्यवाही करने की बात कही।

### ये संगठन रहे शामिल

कार्यक्रम में किसान संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष रामभरोस वासोतिया, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान प्रांत महामंत्री शिवनंदन रघुवंशी, पवन शर्मा, प्रांत प्रचार प्रमुख राहुल धूत सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

**आरोप** | उमा बोलीं- चेक पोस्ट का मामला गंभीर, सिंघार बोले-सदन में चर्चा नहीं कराती सरकार

# उमा के ट्वीट के बाद कटारे ने भूपेंद्र सिंह पर साधा निशाना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने परिवहन आरक्षक रहे सौरभ शर्मा के मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच करने वालीं एंजेसियों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। उमा भारती के इस बयान के बाद कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने एक बार फिर से भूपेन्द्र सिंह पर निशाना साधा है। अपने ट्वीट में उमा भारती ने लिखा कि चेक पोस्ट घोटाले के आरोपी पकड़े गए हैं। अगर जांच में कहीं यह साबित होता है कि इन्होंने अकेले ही यह घोटाले किए हैं, तो फिर गहराई में जाने पर यह घोटाला एक गंभीर मसला हो सकता है। उन्होंने लिखा कि जांच एजेंसियों की दक्षता एवं निष्पक्षता पर लोगों को विश्वास है। अब उन जांच एजेंसियों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है कि वह यह बात यहीं खत्म कर देते हैं या गहराई में जाकर असली महा अपराधियों को पकड़ कर, प्रमाण जुटा कर उन्हें कठोरतम दंड दिला लेते हैं।





### बड़े मगरमच्छ कहां गए : सिंघार

उमा भारती के इस ट्वीट पर कांग्रेस भी सक्रिय हो गई।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले पर सरकार को घेरा है। सिंघार ने कहा कि लगता है इस मामले में खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत चतितार्थ होती है। बड़े मगरमच्छ कहां गए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार की जांच के दौरान इतनी चीजें सामने आई, पर जांच एजेंसियों ने उन पर संज्ञान नहीं लिया, तो क्या इसमें मंत्री इन्वॉल्व नहीं हैं? इसकी जांच करनी चाहिए। सरकार इतने घोटाले कर रही है, ऐसे वो यह बिल्कुल ही नहीं चाहती कि विधानसभा सत्र के दौरान सदन में लोकायुक्त प्रतिवेदन पर चर्चा की जाए या फिर मामले को लेकर कोई श्वेतपत्र सदन में पेश किया जाए।

### बुआ जी आपके साहस को प्रणाम : कटारे

इसी तरह उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने एक बार फिर से पूर्व परिवहन मंत्री भूपेन्द्र सिंह पर हमला बोला है। उन्होंने अपने ट्वीट में उमा भारती को संबोधित करते हुए लिखा कि बुआ जी, आपके साहस को प्रणाम। जैसा आपने कहा था कि सौरभ शर्मा तो केंचुआ है, अभी तक अजगर पकड़ में नहीं आया है। जैसे-जैसे इस गहराई में उतरेंगे, वैसे-वैसे महा-अपराधी सतह पर आते जाएंगे। तत्कालीन परिवहन मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा इस भ्रष्टाचार के केंचुए को जन्म दिया गया था और इसके प्रमाण भी मैंने सार्वजनिक किए थे। लेकिन अब तक उनके ऊपर जांच एजेंसी द्वारा कोई भी अपराध दर्ज नहीं किया गया है। वहीं अब तो भ्रष्टाचार की गठरी का मुंह बांधने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बस आखिरी गांव कसने की देरी है, ताकि बड़े चेहरों को बचाया जा सके। कटारे ने ट्वीट में आगे लिखा कि आपसे आग्रह है कि मध्यप्रदेश की सरकार को समझाएं कि जांच तभी साकार होगी, जब सौरभ शर्मा को परिवहन विभाग में लाने वाले अजगरों पर कार्यवाही की जाएगी। अगर सच में इस मामले की गहराई में जाकर जांच करनी है, तो शुरुआत वहीं से होनी चाहिए, जहां सौरभ शर्मा की फर्जी अनुकंपा नियुक्ति हुई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आश्रित को परिवहन विभाग में किसने और कैसे नियुक्त किया? जांच की असली गहराई वहीं है।



## कर्मचारी 1 सप्ताह से कर रहे प्रदर्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के स्थाई कर्मचारी एवं दैवेभो कर्मचारी का सात-सूत्रीय मांगों के समर्थन में कुलसचिव डॉ. मोहन सेन के कक्ष के समक्ष धरना सातवें दिन भी जारी रहा। धरने में अमर अहिरे, शाजली इजहार, जगदीश शर्मा एवं समस्त कर्मचारी शामिल थे। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का दर्जा देने की प्रमुख मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया गया है। जब तक विश्वविद्यालय के समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी योजना का लाभ नहीं दे दिया जाएगा। तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन बार-बार संवाद प्रतिदिन मंडल एवं कर्मचारियों से कर रहा है, लेकिन मांगों पर आदेश जारी नहीं कर रहा है। इसके कारण विश्वविद्यालय के समस्त दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मियों में असंतोष व्याप्त हो गया। प्रशासन ने मांग नहीं करता है, तो अगले चरण में मंत्रालय के सामने आंदोलन करके प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## मंत्री और विधायक क्षेत्र में पहुंचकर युवाओं को देंगे निवेश की जानकारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर सरकार ने अब तक क्या प्रयास किए हैं, इसके बारे में सूबे के मंत्री और विधायक आमजन को अवगत कराएंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने तय किया है कि अब तक निवेश के लिए जितने भी प्रयास किए गए हैं, उसके बारे में जनता को अवगत कराया जाए। इसके लिए विधायक जहां अपने क्षेत्र के प्रवास के दौरान कार्यक्रमों में जनता को यह बताएंगे कि उनके यहां कौन से उद्योग स्थापित हो सकते हैं, तो सरकार के मंत्री युवाओं से सीधे संवाद भी करेंगे। प्रभारी मंत्री रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान हुए निवेशकों से हुए एमओयू के बाद की स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेंगे। इसके बाद वहां रोजगार की संभावनाओं का भी उनके द्वारा आंकलन किया जाएगा। मंत्री प्रवास के दौरान युवाओं और बेरोजगारों के साथ अलग से संवाद भी करेंगे और अधिकारियों से उन्हें मार्गदर्शन देने को कहेंगे। बताया गया है कि मंत्रियों के इस काम में भाजपा विधायक भी भूमिका का निर्वाहन करेंगे।

## पेज एक की खबरों का शेष

### स्कूल मास्टर के पास ...

जमा राशि के बारे में पता लगाने में जुटी है, जिनकी पास बुक भदौरिया के घर से बरामद हुई हैं। इसके अलावा भदौरिया के ठिकाने से 44 भू-अधिकार पुस्तिकाएं भी मिली हैं, जिनकी जांच जारी है। अफसरों के मुताबिक जांच पूरी होने पर प्रॉपर्टी का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### परंपरा के चलते...

उन्हें तात्कालिक उपचार के रूप में सॉर्बिट्रेट टैबलेट देनी चाही तो अमित ने यह कहकर लेने से इंकार कर दिया कि वे जैन धर्म की परंपरा नवकासरी के अनुसार सुबह 8 बजे के पहले कुछ खा नहीं सकते। साथियों ने जबरन दवाई दी तो दोनों बार उन्होंने मुंह से बाहर निकाल दी। इसी दौरान उन्हें दिल का दूसरा दौरा पड़ गया। सीपीआर के बाद भी कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर कोर्ट में मौजूद लोग उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमित चेलावत के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### चैटजीपीटी और डीपसीक ...

भर में जांच का सामना कर रहा है।डच अधिकारियों ने हाल ही में इसकी गोपनीयता नीतियों की जांच शुरू की। अन्य देश भी डीपसीक की इसी तरह से जांच कर रहे हैं। इसी तरह चैटजीपीटी पर भी संदेह किया जा रहा है।

## किसिंग विवादः उदित के सपोर्ट में उतरे अभिजीत



**मुंबई।** सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य ने किसिंग विवाद पर उदित नारायण का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सिंगर्स के साथ ऐसी घटनाएं हो जाती हैं। उदित नारायण सुपरस्टार सिंगर हैं। लड़कियां उनके पीछे पड़ी थीं। एक इंटरव्यू में अभिजीत ने कहा, 'इस तरह की घटनाएं हम सिंगर्स के साथ हमेशा होती रहती हैं। अगर हमारी उचित सुरक्षा नहीं की जाती है या हम बाउंसर्स से घिरे नहीं होते हैं तो लोग हमारे कपड़े तक फाड़ देते हैं। ऐसा मेरे साथ पहले भी हो चुका है। मैं एक बार साउथ अफ्रीका में कॉन्सर्ट कर रहा था। 3-4 लड़कियों ने मुझे इतना खतरनाक किस किया कि मैं दोबारा मंच पर जा नहीं पा रहा था। यह सब लता जी के सामने ही हुआ था।

# चीन पर नजर, सिलिगुड़ी में तैनात होंगे एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

### इस साल के अंत तक चौथा स्क्वॉड्रन मिलेगा

**नई दिल्ली।** साल के अंत तक रूसी निर्मित एस-400 वायुरक्षा प्रणाली के चौथे स्क्वॉड्रन भारत आएंगे। सूत्रों ने पुष्टि की कि पांचवां स्क्वॉड्रन 2026 में आने की उम्मीद है। एस-400 प्रणाली के तीन स्क्वॉड्रन पहले आ चुके हैं, जिन्हें विभिन्न मोर्चों पर तैनात किया है। भारत ने 2018 में 5 स्क्वॉड्रन के लिए 35,000 करोड़ के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। यह उन्नत वायुरक्षा प्रणाली भारत के रणनीतिक स्थानों की सुरक्षा में अहम है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए एक स्क्वॉड्रन को तैनात किया गया है। पठानकोट क्षेत्र में एक अन्य स्क्वॉड्रन है,ताकि जम्मू-कश्मीर, पंजाब की रक्षा को मजबूत किया जा सके। पश्चिमी सीमा पर स्क्वॉड्रन को तैनात है, ताकि राजस्थान और गुजरात में महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### एस-400 इतनी अहम

- **एस 400** दुनिया की सबसे सक्षम मिसाइल प्रणाली
- **2018** में भारत-रूस में एग्रीमेंट।
- **2020-2024** तक मिसाइल देने की कही थी बात।
- **2026** में 5वां स्क्वॉड्रन भाएगा भारत।
- **पाक-चीन** के लड़ाकू विमान को हवा में नष्ट करने की ताकत।

**72** मिसाइल एक बार में दागने की क्षमता | **35000** करोड़ में हुआ था सौदा | **600** किलोमीटर तक रेंज | **300** टॉरगेट ट्रैक की क्षमता

### ये खूबियां भी

यह भारत चीन-पाकिस्तान सीमा के अंदर भी नजर रख सकेगा। चीन के जे-20 फाइटर प्लेन हो या पाकिस्तान के अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान। यह सभी विमानों को नष्ट करने की ताकत रखता है। एस-400 एक बार में एक साथ 72 मिसाइल छोड़ सकती है। सबसे खास बात ये है कि इसे कहीं मूव करना बहुत आसान है। इसे 8एक्स8 के ट्रक पर माउंट किया जा सकता है। एस-400 को नाटो द्वारा एसए-21 ग्रोवलर लॉन्ग रेंज डिफेंस मिसाइल सिस्टम भी कहा जाता है। माइनस 50 डिग्री से माइनस 70 डिग्री तक में काम करने में सक्षम है। इसको नष्ट कर पाना दुश्मन के लिए बहुत मुश्किल है, क्योंकि इसकी कोई फिक्स पोजिशन नहीं होती।

### रडार हवाई हमले रोकने में सक्षम

यह सिस्टम मिसाइल, एयरक्राफ्ट या फिर ड्रोन से हुए किसी भी तरह के हवाई हमले से निपटने में सक्षम है। शीत युद्ध के दौरान रूस,अमेरिका में हथियार बनाने की होड़ मची हुई थी। जब रूस अमेरिका जैसी मिसाइल नहीं बना सका तो उसने ऐसे सिस्टम पर काम करना किया जो मिसाइलों को पहले ही खत्म कर दे।

### चीन-पाक नहीं कर पाएंगे हरकत

भारत के पास एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम मौजूद होने की वजह से चीन या पाकिस्तान सीमा पार से नापाक हरकत नहीं कर पाएंगे। इस एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के बचे हुए यूनिट्स आने के बाद देश की सुरक्षा अभेद्य हो जाएगी। एस-400 मिसाइल सिस्टम के ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है।

### महाबली है यह अभेद्य रक्षा कवच

एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम महाबली है, इसके सामने किसी की भी साजिश नहीं चलती। आसमान से घात लगाकर आते हमलावर को पलभर में राख में बदल देता है। यह दुनिया की सबसे सक्षम मिसाइल प्रणाली मानी जाती है। पाकिस्तान और चीन भारत के लिए हमेशा से चुनौती रहे हैं। दोनों देशों से युद्ध भी हो चुका है। शक्ति का संतुलन बनाए रखने ऐसी मिसाइल प्रणाली की जरूरत थी। भारत को एस-400 सिस्टम मिलने से वायुसेना की ताकत बढ़ेगी। भारत ने अक्टूबर 2018 में पांच सिस्टम खरीदने का करार किया था। चीन हो या पाकिस्तान इसके बल पर भारत न्यूक्लियर मिसाइलों को अपनी जमीन तक पहुंचने से पहले ही हवा में ही ध्वस्त कर देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब सुबह 6 से रात 10 तक रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। अब मंदिर रोजाना करीब 16 घंटे खुला रहेगा। श्रृंगार आरती के बाद सुबह 6 बजे भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुलेंगे। रात 10 बजे तक रामलला के दर्शन देंगे। इस दौरान संध्या आरती के लिए सिर्फ 15 मिनट के लिए कपाट बंद रहेंगे। पहले मंदिर सुबह 7 बजे से रात साढ़े 9 बजे तक खुलता था, यानी अब मंदिर डेढ़ घंटे ज्यादा खुला रहेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र के मुताबिक, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सुबह आधे घंटे और शाम को 1 घंटे दर्शन अवधि बढ़ाई गई है।

### तिरुपतिः 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश का तिरुपति बालाजी मंदिर मैनेजमेंट अपने 18 कर्मचारियों को हटाने की तैयारी में है। इन सभी को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नियमों के खिलाफ जाकर काम करने का दोषी पाया गया है। ट्रस्ट ने सभी 18 कर्मचारियों के सामने दो शर्तें रखी हैं या तो सभी किसी दूसरे सरकारी विभाग में ट्रांसफर ले लें या फिर वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) ले लें। ऐसा मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। टीटीडी 12 मंदिरों और उप-मंदिरों का रखरखाव करता है। 14,000 से अधिक लोगों को रोजगार देता है। टीटीडी ने बयान में कहा, यह कार्रवाई टीटीडी अध्यक्ष बीआर नायडू के निर्देश पर की गई। संस्थान में काम के दौरान गैर-हिंदू धार्मिक प्रथा फॉलो करने वाले 18 कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

### 10 अवैध अप्रवासियों का ग्वांतानामो बे भेजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वादे के मुताबिक अवैध अप्रवासी अपराधियों को पूर्वी क्यूबा के ग्वांतानामो बे में बनी जेल में भेजना शुरू कर दिया है। अमेरिकी सेना का एक विमान 10 अपराधियों को लेकर मंगलवार को यहां पहुंचा। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के प्रवक्ता ट्रिकिया मैकलॉफिन ने बताया कि ये सभी अपराधी हैं। इन पर जघन्य अपराधों में शामिल रहने के आरोप हैं। ग्वांतानामो बे अमेरिकी नौसेना का का एक बेस है। ट्रंप ने यहां 30 हजार अप्रवासियों को रखने के लिए आदेश दिए हैं। इस जेल को दुनिया की सबसे खतरनाक जेल माना जाता है। यहां से अमानवीय यातनाओं की खबरें सामने आती रही हैं।

### आप विधायक पर केस फ्लाइंग किस का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संगम विहार से आम आदमी पार्टी विधायक दिनेश मोहनिया पर एक महिला के साथ बदसलूकी करने का मामला दर्ज हुआ है। बुधवार को दिल्ली पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहनिया पर महिला को फ्लाइंग किस देने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप है। यह घटना बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान हुई। महिला का आरोप है कि वो वोट देने जा रही थी, तभी आप विधायक ने उनके साथ अभद्रता की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मोहनिया के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मोहनिया संगम विहार सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ भाजपा के चंदन कुमार चौधरी और कांग्रेस के हर्ष चौधरी मैदान में हैं। संगम विहार पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोकना) और 509 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से शब्द, हावभाव या कार्य) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। महिला ने आरोप लगाया कि मोहनिया ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

### अमेरिकी सैन्य विमान से आए अप्रवासियों में पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग

# 104 अप्रवासी भारतीय पहुंचे पंजाब



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने बुधवार को नई इमिग्रेशन पॉलिसी के तहत 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को जबरन भारत भेज दिया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर दोपहर करीब 2 बजे अमृतसर में एयरफोर्स के एयरबेस पर उतरा। इनमें पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग शामिल हैं। इनके कुछ परिवार और 8-10 साल के बच्चे भी शामिल हैं।

अमृतसर एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों का वैरिफिकेशन किया गया। यहां से इमिग्रेशन और कस्टम से क्लियरेंस के बाद पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया। करीब साढ़े 3 घंटे बाद यूएस एयरफोर्स विमान वापस लौट गया, जिसके बाद पंजाब के डिपोर्ट किए लोगों को पुलिस की गाड़ियों में उनके घर भेज दिया गया। हालांकि हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और चंडीगढ़ के लोगों की वापसी अभी होनी बाकी है। इससे पहले अलग-अलग रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिका ने कुल 205 अवैध भारतीयों को डिपोर्ट करने के लिए चिह्नित किया है। इन्हें भारत भेजा जाएगा। 186 भारतीयों को डिपोर्ट करने वाली लिस्ट भी सामने आई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बाकी बचे लोग कहां हैं और कब डिपोर्ट किए जाएंगे। अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट के अनुसार 19 हजार अवैध प्रवासी भारतीय डिपोर्ट होंगे। ट्रंप ने ये कार्रवाई ऐसे समय की है, जब भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को दो दिन की यात्रा पर अमेरिका जाने वाले हैं। 13 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की ट्रंप के साथ वार्ता प्रस्तावित है।

### ट्रंप ने सैन्य विमान का किया इस्तेमाल

ट्रंप ने भारतीयों को डिपोर्ट करने के लिए सैन्य विमान का इस्तेमाल किया है, जो इस बात का प्रमाण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अवैध अप्रवासियों पर सख्त हैं। वह भारत पर ज्यादा सख्त हैं। जब अमृतसर के एयरफोर्स एयरबेस पर अमेरिकी विमान उतरा तो मीडिया को दूर रखा गया, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अप्रवासियों को हथकड़ियां-बेड़ियां लगाई गई थीं। उनके मुंह को मास्क से ढंका गया था। सी-17 ग्लोबमास्टर विमान ने भारतीय समय के अनुसार 4 फरवरी की सुबह 3 बजे सैन एंटोनियो से उड़ान भरी और लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से भारत पहुंचा। यह चार्टर्ड उड़ान की तुलना में लगभग छह गुना अधिक महंगा था।

### ब्राजील से अमेरिका पहुंचे थे जसपाल



अपने गृह नगर पहुंचने के बाद निर्वासित भारतीय अप्रवासियों में से एक जसपाल सिंह ने कहा कि उनसे वादा किया गया था कि उन्हें कानूनी तरीके से अमेरिका भेजा जाएगा पर ट्रैवल एजेंट द्वारा धोखा किया गया। उन्होंने कहा, 2024 में, मैंने एजेंट को 3 लाख रुपए दिए, जिसने मुझे उचित वीजा देने का वादा किया था। मैं यूरोप गया और वहां से डंकी मार्ग से अमेरिका पहुंचाया गया था। जसपाल ने बताया कि उन्हें पिछले साल जुलाई में ब्राजील पहुंचाया गया था। उन्होंने कहा, उनसे वादा किया गया था कि यात्रा के अगले चरण में उन्हें हवाई मार्ग से अमेरिका भेजा जाएगा। हालांकि, उन्हें अपने एजेंट द्वारा धोखा दिया गया था, जिसने उसे अवैध रूप से सीमा पार करने के लिए मजबूर किया। ब्राजील में छह महीने तक रहने के बाद उन्होंने अमेरिका की सीमा पार कर ली, लेकिन अमेरिकी सीमा गश्ती दल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जसपाल ने कहा, उन्हें 11 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया था और फिर घर वापस भेज दिया। हमें लगा कि हमें दूसरे शिविर में ले जाया जा रहा है, लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने हमें बताया कि उन्हें भारत ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे हाथों में हथकड़ी लगाई गयी थी और पैर में जंजीर से जकड़े थे। यहां लोकर अमृतसर हवाई अड्डे पर हमें आजाद किया गया।

### महाकुंभ में बिना ट्रैफिक रोके त्रिवेणी पहुंचे मोदी

## प्लेन से पहुंचे प्रधानमंत्री, स्टीमर से संगम में जाकर लगाई डुबकी





**महाकुंभ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर स्नान करने पहुंचे। एसपीजी के विशेष सुरक्षा घेरे में वीवीआईपी प्रोटोकॉल के बीच पीएम के आने-जाने के दौरान इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी जाती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। दरअसल, 29 जनवरी की भगदड़ के बाद मोदी के आने से आम लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए बेहद स्मार्ट प्रोटोकॉल बनाया गया। प्रधानमंत्री की करीब 2 घंटे की विजिट और संगम स्नान के दौरान मुख्य मेला क्षेत्र में न तो ट्रैफिक बदलना पड़ा और न ही आम लोगों का स्नान रोकना पड़ा। पीएम दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट तक एयरक्राफ्ट पहुंचे। यहां से अरैल में डीपीएस स्कूल के अंदर बने हेलिपैड तक हेलिकॉप्टर से आए। इसके बाद स्कूल से अरैल घाट कार से आकर अरैल घाट से त्रिवेणी संगम तक स्टीमर से पहुंचे। संगम में डुबकी लगाकर उसी रूट और मोड से वापस लौट गए। प्रधानमंत्री के आने-जाने का पूरा रास्ता यमुना पार के इलाके में था। जबकि मेला नदी के दूसरी ओर लगा हुआ है।



### प्रयागराज पहुंचने पर सीएम योगी ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के विषय में सीएम योगी से जानकारी लेते हुए भी दिखाई दिए। बोट से भ्रमण के दौरान पीएम ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया।

### 3 साल से चल रहे यूक्रेन-रूस जंग की पिघली बर्फ

## युद्ध खत्म करने राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत करने को तैयारः जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा, रूस से युद्ध में अब तक 45,100 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 3.90 लाख सैनिक घायल हुए हैं। उन्होंने एक यूट्यूब इंटरव्यू में कहा, वह युद्ध खत्म करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा, अगर यही एकमात्र तरीका है, जिससे यूक्रेन में शांति आ सकती हैं, तो हमारा देश इसे जरूर अपनाएगा। हालांकि, डायलॉग टेबल में मैं पुतिन के प्रति बहुत निर्दयी रहूंगा। ईमानदारी से कहूं तो मैं उन्हें दुश्मन मानता हूं और वो भी मुझे दुश्मन मानते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति का कहना है कि 3 साल बाद भी युद्ध के मोर्चे पर अभी भी संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस यूक्रेन जंग को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं।

### ट्रंप बोले-मुझे कुछ हुआ तो ईरान नहीं बचेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात की। ट्रंप ने गाजा को लेकर ब्लूप्रिंट को लेकर भी बात की, साथ ही ईरान को दो टूक चेतावनी भी दे डाली। ट्रंप ने ईरान को खुली धमकी देते हुए कहा कि अगर तेहरान ने उनकी हत्या करने की कोशिश की तो वह अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने वाले एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने कहा, अगर ईरान ने मेरी हत्या की कोशिश की तो उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। कुछ भी नहीं बचेगा। मैंने अधिकारियों को निर्देश दे रखे हैं कि ऐसा होने की स्थिति में ईरान का नामोनिशान मिटा दिया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने लगाई दिल्ली पुलिस को फटकार

## आरोपी को तुरंत बताया जाना चाहिए गिरफ्तारी का कारण

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारी का कारण आरोपी को तुरंत बताया जाना चाहिए। इससे आरोपी अदालत में पेशी के दौरान रिमांड पर अपनी बात कह सके। देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोपी एक व्यक्ति को रिहा करते हुए हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की खिंचाई की। पुलिस ने अदालत में रिमांड की सुनवाई से ठीक एक घंटे पहले आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताया था। अदालत ने मजिस्ट्रेट के रिमांड आदेश को पर भी सवाल खड़े किए। मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 50 के उल्लंघन को नजरअंदाज किया। यह धारा कहती है कि गिरफ्तारी का कारण व्यक्ति को लिखित में बताया जाना चाहिए। जस्टिस अनूप जे. भंभानी ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का कारण लिखित में दिए जाने के बाद पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इससे आरोपी वकील से सलाह ले सके। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आरोपी को पुलिस हिरासत या न्यायिक हिरासत में रिमांड का विरोध करने का उचित मौका मिले। उच्च न्यायालय एक ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिस पर देह व्यापार का रैकेट चलाने का आरोप था। न्यायमूर्ति भंभानी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों के बाद, एक जांच अधिकारी अब गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार देने के मामले को हल्के में नहीं ले सकता।





### जगदगुरु राम भद्राचार्य से मिलने पहुंचे सीएम

## सनातन के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं मारीच और सुबाहु : योगी

**महाकुंभ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में सेक्टर 6 स्थित जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम भद्राचार्य के शिविर में पहुंचकर भेंट की। उन्होंने श्रद्धालुओं से महाकुंभ के विराट स्वरूप को संपूर्ण विश्व के लिए आस्था और सनातन धर्म का एक अद्वितीय प्रतीक बताया। योगी ने कहा, कुछ लोग सनातन धर्म के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। सनातन धर्म को लाखों संतों का सानिध्य प्राप्त है, उसे कोई मारीच और सुबाहु बाल भी बांका नहीं कर सकता। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में चल रहे 151 कुंडी अखंड भारत संकल्प महा यज्ञ में आहुति भी डाली। योगी ने कहा, अब तक 38 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें सनातन धर्म का यह विराट स्वरूप अच्छा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा, यह वही लोग हैं, जो राम जन्मभूमि का विरोध करते रहे और कुंभ जैसे आयोजनों पर भी सवाल उठाते रहे। ये वही लोग हैं, जो कोरोना महामारी के दौरान टेस्ट, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन का भी विरोध कर रहे थे। योगी ने कहा, 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए कहा कि इस आयोजन ने पूरी दुनिया को सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया। सीएम योगी ने कहा, सनातन धर्म सुरक्षित है तो भारत सुरक्षित है और भारत सुरक्षित है तो मानवता सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के पूज्य संतों और आचार्यों की परंपरा पर संदेह करने का कोई स्थान नहीं है। सीएम योगी ने धर्मावलंबियों से अपील की कि वे सनातन संस्कृति के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्रों से सतर्क रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि असहमति हो सकती है, लेकिन संदेह का कोई स्थान नहीं है।



### वर्क लाइफ बैलेंस | स्पेन में काम के घंटे घटाने का प्रस्ताव, कैबिनेट ने दी मंजूरी

## स्पेन में हर हफ्ते 40 की जगह 37.5 घंटे काम

**वॉशिंगटन।** भारत सहित दुनिया के अन्य देशों में काम के घंटे बढ़ाए जाने को लेकर छिड़ी बहस के बीच स्पेन की सरकार ने कर्मचारियों के हफ्ते में काम के घंटों में कटौती करने का फैसला किया है। मंगलवार को कैबिनेट की साप्ताहिक बैठक में लेबर मिनिस्टर योलांडा डियाज ने इसे लेकर प्रस्ताव को पेश किया। इस प्रस्ताव में हर हफ्ते काम के घंटों को 40 से घटाकर 37.5 घंटे करने का फैसला लिया गया है, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दी। अब इसे संसद में पेश किया जाएगा। एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन यानी नौकरी देने वाले कंपनियों के संगठन ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। हालांकि इसके बावजूद भी मंत्री डियाज ने इसे पेश किया। डियाज स्पेन की कट्टर वामपंथी पार्टी सुमार की नेता है। ये पार्टी स्पेन की गठनबंधन सरकार का हिस्सा है। लेबर मिनिस्टर डियाज स्पेन सरकार में डिप्टी पीएम भी हैं।



### काम के घंटे कम करने हुए थे प्रदर्शन

पिछले साल सितंबर में काम के घंटे कम करने को लेकर स्पेन में प्रदर्शन हुए थे। स्पेन की प्रमुख यूनियन्स, कंपनियों और सरकार के काम के घंटे करने को लेकर दबाव बना रही थी। पीएम सांचेज ने सितंबर से ही इसे लेकर कंपनियों को राजी करने के लिए कोशिशें शुरू कर दी थी। दूसरी तरफ यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने भी स्पेन और उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच प्रोडक्टिविटी के अंतर को करने के लिए रिपोर्ट पेश की थी।

### प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और जीवन बेहतर करना मकसद


लेबर मिनिस्टर डियाज ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि इस प्रस्ताव का मकसद काम के घंटों के कम करके कर्मचारियों की प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। इस विधेयक को अभी संसद की मंजूरी मिलना बाकी है। हालांकि, प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली सरकार के संसद में स्पष्ट बहुमत नहीं है। इस विधेयक को पारित कराने के लिए उन्हें छोटी पार्टियों का समर्थन लेना होगा, लेकिन ये इतना आसान नहीं रहने वाला है।

## रेलवे की गति को शक्ति देने वाला बजट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में बड़े परिवर्तन के आसार पहले से ही दिखाई पड़ रहे थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से नए और विकसित भारत की नींव रखने का काम किया है। विकसित भारत में परिवहन के सभी साधनों का विकसित होना अपरिहार्य है। भारतीय रेल - देश की जीवन रेखा है, परिवहन का सबसे सशक्त माध्यम है। नए विकसित भारत में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मिडिल क्लास की होने वाली है। मिडिल क्लास की पहली पसंदीदा सवारी भारतीय रेल ही है। यही कारण है कि करोड़ों लोग रेलवे व्यवस्था के नवीकरण की ओर टकटकी लगाए देखते रहते हैं। इस वर्ष के बजट में किए गए प्रावधान भारतीय रेल को मजबूती प्रदान करने वाले हैं। भारतीय रेल के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 2,52,200 करोड़ का बजट आवंटित किया है। इसी तरह अगले वित्तीय वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ निर्धारित किया है। इससे संकेत मिलता है कि केंद्र सरकार रेल परियोजनाओं के मामले में काफी गंभीर है। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2009-14 में भारतीय रेल का कैपेक्स मात्र 45,900 करोड़ था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय रेल युवाओं की आकांक्षाओं और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की त्रिवेणी तथा 1300 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का नवनिर्माण कर भारतीय रेल एक ऐसा दृष्टांत प्रस्तुत करने वाली है जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा और वह कह सकेंगे कि उनके देश की रेल व्यवस्था विश्व की श्रेष्ठ रेलवे व्यवस्थाओं में से एक है। विगत 10 वर्षों में पूरे रेल व्यवस्था का कायाकल्प हुआ है। समग्र पूंजीगत व्यय का फोकस नेटवर्क विस्तार, सुरक्षा, विद्युतीकरण, और रोलिंग स्टॉक एवं बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में पिछले 10 वर्षों में जितनी रेल लाइनों का निर्माण हुआ है, वह स्विटजरलैंड, मलेशिया और बेल्जियम जैसे देशों के कुल रेलवे नेटवर्क से अधिक है।



## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

78,271

-312

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| ONGC | 263.00 | 2.97% |
| Hindalco | 604.50 | 2.85% |
| Apollo Hospital | 7,008.00 | 2.24% |
| BPCL | 265.65 | 2.07% |
| Adani Ports | 1,154.90 | 1.71% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Asian Paints | 2,237.25 | -3.36% |
| Titan Company | 3,472.20 | -2.97% |
| Nestle | 2,225.25 | -2.20% |
| HUL | 2,387.00 | -1.93% |
| Britannia | 4,924.35 | -1.90% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 87.47 |
| € यूरो | 91.00 |
| ¥ येन | 05.72 |
| £ पौंड | 109.48 |

# सोना 1300 रुपए चढ़कर 84,320 पर पहुंचा, यह अब तक का ऑल टाइम हाई

## पीली धातु को मिल रहा वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का लाभ

**मुंबई, जेएनएन।** सोने ने जो रफ्तार पकड़ी है, उस पर ब्रेक लगता नहीं दिख रहा है। बीतते दिन के साथ सोने की कीमत सातवें आसमान की ओर भाग रही है। बुधवार को महज 24 घंटे के भीतर सोना 1300 रुपये तक चढ़ गया।

वैश्विक अस्थिरता के बीच सोने की कीमत में बड़ी तेजी देखने को मिल रही है। यानी पीली धातु को वैश्विक अस्थिरता का लाभ मिल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड टैरिफ के फैसलों के कारण गोल्ड रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड का भाव 1,300 रुपये से अधिक बढ़ा है। इंडिया बुलियन एंड च्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा बुधवार को जारी की गई ताजा कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 1,310 रुपये बढ़कर 84,320 रुपये हो गई है, जो कि कल 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अमेरिका ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना को 30 दिनों तक टालने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, अमेरिका चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत ट्रेड टैरिफ लगाने के अपने रुख पर कायम है। दूसरी ओर चीन ने भी जबाव देते हुए कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वार का खतरा बढ़ गया है।



### 22 कैरेट सोने की कीमत 82,300 प्रति 10 ग्राम

आईबीजेए के मुताबिक, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,800 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गोल्ड की कीमत रिकॉर्ड 2,880 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। गोल्ड में तेजी की वजह डॉलर इंडेक्स का कमजोर होकर 107 होना है, जो कि पहले 109 पर था। अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वार के खतरे के कारण भी उभरी वैश्विक अनिश्चितता भी गोल्ड में तेजी की वजह है।

### अमेरिका में आठ फीसदी तेज हुआ सोना

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 8 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है। फिलहाल यह 2,891 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। शाह ने बताया कि आने वाले समय में भी गोल्ड में तेजी रह सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजारों में 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है।

# ब्यूटी बिजनेस में उतरीं कुमार मंगलम बिड़ला की लाड़ली अनन्या बिड़ला

## नायका से लेकर टाटा तक को देंगी चुनौती

**नई दिल्ली,जेएनएन।** देश के दिग्गज उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या बिड़ला ने ब्यूटी बिजनेस में बड़ा दांव खेला है। सिंगिंग छोड़कर बिजनेस में कदम रखने वाली अनन्या एक के बाद एक वेंचर शुरू कर रही हैं। उन्होंने अगला कदम ब्यूटी और कॉस्मेटिक सेक्शन में रखा है। अनन्या ने नए सौंदर्य प्रसाधन उद्यम की घोषणा की है।

उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या बिड़ला ने बुधवार को एक नए उद्यम की शुरुआत के साथ तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। बयान के अनुसार, अनन्या (30) 2025 में राष्ट्रीय स्तर



पर सौंदर्य व व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड की एक श्रृंखला लेकर आएगी। बयान में कहा गया, बढ़ती खर्च योग्य आय, ई-कॉमर्स की गहरी पैठ और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ता खुलापन भारत में सौंदर्य को बढ़ावा दे रहा है। व्यक्तिगत देखभाल बाजार में सालाना 10-11 प्रतिशत की वृद्धि होने और 2028 तक इस क्षेत्र के 34 अरब अमेरिकी डॉलर का अवसर बनने की उम्मीद है। बिड़ला ने कहा, वैश्विक उत्पादों व अधिक ज्ञान के साथ भारतीय उपभोक्ता अब घरेलू ब्रांड से अधिक मांग करते हैं। इस उद्यम का उद्देश्य प्रामाणिकता व नवीनता के साथ उन अपेक्षाओं को पूरा करना और भारतीय बाजार में विश्वस्तरीय उत्पाद लाना है। उद्यम का नाम या निवेश योजना जैसे विवरण तत्काल साझा नहीं किए गए। अनन्या ने 17 वर्ष की उम्र में एक सूक्ष्म वित्तपोषण उद्यम शुरू किया था, वह 62 अरब डॉलर के आदित्य बिड़ला समूह की शीर्ष रणनीतिक संस्था के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं।

# च्वाइस फिलिंग की अनिवार्य पर रोक

**हाईकोर्ट ने आयुक्त, उच्च शिक्षा सहित अन्य से मांगा जवाब**

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने आयुक्त, उच्च शिक्षा के उस आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके जरिए महाविद्यालयों में पदस्थ अतिथि विद्वानों के लिए च्वाइस फिलिंग की अनिवार्य कर दी गई है। इसी के साथ आयुक्त उच्च शिक्षा, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य और होमसाइंस कालेज, जबलपुर के प्राचार्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया गया है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. अर्चना दवे सहित 18 अतिथि विद्वानों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा 17 जनवरी, 2025 को जारी आदेश के तहत इन अतिथि विद्वानों को कहा गया है कि प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की पदस्थापना के अनुसार उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरण के लिए फार्म भरना होगा। जैसे ही यह फार्म भरा जाएगा, सभी अतिथि विद्वान फालेन आउट की श्रेणी में आ जाएंगे। याचिकाकर्ता पिछले डेढ़ दशक से उक्त महाविद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं।

# ओपन एआई के सीईओ से मिले आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव

## जीपीयू, मॉडल और ऐप बनाने में भारत के साथ कोलैबोरेशन को तैयार

**मुंबई, जेएनएन।** आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन से मुलाकात की और एआई स्टैक -जीपीयू, मॉडल और ऐप्स बनाने की भारत की स्ट्रैटजी पर चर्चा की। वैष्णव ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। वैष्णव ने लिखा, ऑल्टमैन जीपीयू, मॉडल और एप तीनों पर भारत के साथ कोलेबोरेशन करने के लिए तैयार हैं। ओपन एआई के जीपीयू ने टेक्नोलॉजी के डेमोक्रेटाइजेशन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। वैष्णव ने चंद्रयान 3 मिशन के कम लागत और एक बार में सफल होने वाली कहानी भी बताई। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा मॉडल क्यों नहीं बना सकते, जिसकी लागत अन्य देशों की तुलना में काफी कम हो। इनोवेशन इस कॉस्ट को कम कर सकता है।

### चीनी से चुनौती के बीच भारत दौरे पर ऑल्टमैन

ऑल्टमैन ऐसे समय में भारत आएं हैं, जब ओपन एआई के क्षेत्र में डोमिनेंस को चीन की चुनौती मिल रही है। डीपसीक अपने कम लागत वाले एआई मॉडल आर-1 के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।चीन ने इस एआई





मॉडल को 60 लाख डॉलर की लागत से बनाया है। चैटजीपीटी जैसे मॉडल्स की तुलना में इसकी कंप्यूटिंग पावर काफी कम है। डीपसीक, चैटजीपीटी को पीछे छोड़ते हुए ऐपल के ऐप स्टोर पर टॉप फ्री एप बन गया है।

### ओपन एआई पॉपुलर एआई चैटबॉट चैटजीपीटी की पेरेंट कंपनी

ओपन एआई ने नवंबर 2022 में दुनिया के लिए चैटजीपीटी अनवील किया था। इस एआई टूल ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। म्यूजिक और पोएट्री लिखने से लेकर निबंध लिखने तक, चैटजीपीटी बहुत सारे काम कर सकता है। यह एक कन्वर्सेशनल एआई है। एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो आपको इंसानों की तरह जवाब देता है।

# अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्विगी को 799 करोड़ रुपए का घाटा

## रेवेन्यू 31 प्रतिशत बढ़कर 3,993 करोड़ रहा, कंपनी का शेयर 3.5 प्रतिशत गिरा

**मुंबई, जेएनएन।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 799 करोड़ रुपए का नुकसान (कॉन्सोलिडेटेड नेट लॉस) हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 574 करोड़ रुपए का लॉस हुआ था। सालाना आधार पर कंपनी का घाटा 39 प्रतिशत बढ़ा है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 31 प्रतिशत बढ़कर 3,993 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर 2023-24 में कंपनी ने 3,049 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से होने वाली कमाई को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। स्विगी 13 नवंबर 2024 को शेयर बाजार में लिस्ट





हुई थी, तब से अब तक इसके शेयर में 2 प्रतिशत की गिरावट आई है। बुधवार को कंपनी का शेयर 3.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 418 रुपए पर बंद हुआ है। बीते 1 महीने में कंपनी का शेयर 21 प्रतिशत, छह महीने में 8 प्रतिशत और एक साल में भी 8 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 94.68 हजार करोड़ रुपए है।

## खेत में खुला कालेज दो विवि से संबद्धता लेकर चला रहा था 3 कोर्स

**भोपाल।** बरकतउल्ला विवि ने ऐसे कालेज को खोज निकाला है, जो दो-दो विवि से संबद्धता लेकर एनसीटीई, एआईसीटीई और पीसीआई से मान्यता लेकर प्रवेश दिए हुए था। कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार जैन, असिस्टेंट रजिस्ट्रार पुनीत शुक्ला, बीयू के प्रो शशांक शेखर ठाकुर और एक्सीलेंस कालेज प्रो मुकेश जैन का निरीक्षण दल रातीबड़ स्थिति भवन में जा पहुंचा जिसमें दो कालेज दो विश्वविद्यालयों से संबद्धता लेकर तीनों कोर्स में प्रवेश दिए हुए थे। औचक निरीक्षण में विद्यार्थियों के साथ प्रोफेसर तक गायब मिले। बीयू ने सोसायटी के अध्यक्ष, सचिव और कालेज प्राचार्य को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब तलब किया है। उचित जवाब नहीं देने पर संबद्धता समाप्त कर दी जाएगी। रातीबड के ग्राम खरपा में अखिल भारतीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण कालेज और अखिल भारतीय कालेज आफ मैनेजमेंट का संचालन किया जा रहा था।

## बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा

# हसीना के चचेरे भाई का घर बुलडोजर से गिराया

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में अवामी लीग के गुरुवार को प्रस्तावित देशव्यापी विरोध प्रदर्शन से पहले कई शहरों में बुधवार देर रात फिर हिंसा भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान बंगबंधु के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर धावा बोला और आगजनी की। देश के अन्य हिस्सों में भी आगजनी की गई है।

उधर, खुलना में शेख हसीना के चचेरे भाई शेख सोहेल के घरों को दो बुलडोजरों से ध्वस्त कर दिया गया। जब हमला हुआ, तब वहां सुरक्षाबल भी मौजूद थे। भीड़ को वहां से जाने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रहीं।

कुछ उपद्रवी संग्रहालय में भी घुस गए। बालकनी पर चढ़ गए और तोड़फोड़ की। यहां भी आगजनी की गई है। बता दें कि शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने 6 फरवरी को अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को सड़क पर उतरने की अपील की थी। पार्टी ने पूर्व पीएम शेख हसीना पर लगे आरोप वापस कराने और अल्पसंख्यकों पर हमलों के विरोध में मार्च निकालने का आह्वान किया था।

बता दें कि बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान इसी घर में रहा करते थे। 15 अगस्त 1975 को बंगबंधु, उनकी पत्नी, बेटे, बहू और कई रिश्तेदारों की इसी घर में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इस घर को एक संग्रहालय में बदल दिया गया था। इससे पहले 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भीड़ ने इस घर पर हमला किया था। तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई थी। तब से यह घर वीरान था।



### ऑनलाइन भाषण देने वाली थीं हसीना

बुधवार को शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के 6 महीने पूरे हो गए थे। वे रात 9 बजे अपने समर्थकों के लिए ऑनलाइन भाषण देने वाली थीं। इसके विरोध में बांग्लादेश के संगठन लामबंद हो गए। 'रिवोल्यूशनरी स्टूडेंट-जनता' नाम के छात्र संगठन ने इसके विरोध में बुधवार रात 9 बजे 'बुलडोजर मार्च' निकालने का ऐलान कर दिया। इसके लिए सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया। लोगों को शेख हसीना के पिता के घर एकत्रित होने के लिए कहा गया। कुछ ही देर में यहां भीड़ एकत्रित हो गई और उसने आगजनी शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर यहां के वीडियो वायरल होने के बाद पूरे ही बांग्लादेश में हिंसा फैल गई। हसीना विरोधी भीड़ ने जगह-जगह आगजनी की।

### शेख हसीना को फांसी देने की मांग

प्रदर्शनकारी शेख मुजीबुर्ररहमान के घर का मेनगेट तोड़कर अंदर घुस गए। इस दौरान वे फांसी दो, फांसी दो... शेख हसीना को फांसी दो। पूरे बंगाल (बांग्लादेश) को खबर दो, मुजीबुर्रहमान की कब्र खोद दो... जैसे नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मुजीबुर्रहमान का घर फासीवादियों का गढ़ है, इससे छुटकारा पाना जरूरी है।

# तंबाकू का सेवन और कैंसर के बीच घातक संबंध : डॉ.अमोल डोंगरे

**जबलपुर।** कैंसर के खिलाफ चल रहे संघर्ष में, एक सबसे बड़ा दुश्मन है 'तंबाकू' जो सबसे ज्यादा खतरनाक है। दशकों के शोध से पता चला है कि तंबाकू के सेवन और विभिन्न प्रकार के कैंसर के बीच जटिल और विनाशकारी संबंध है। फेफड़ों के कैंसर से लेकर अग्नाशय के कैंसर और अन्य प्रकार के कैंसर तक, तंबाकू का सेवन और कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर के बीच का संबंध स्पष्ट है। डॉ. अमोल डोंगरे, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी साझा की।

फेफड़ों के कैंसर की महामारीः इस घातक संबंध में सबसे आगे फेफड़ों का कैंसर है, जो दुनिया भर में कैंसर के सबसे प्रचलित और जानलेवा प्रकारों में से एक है। इसका मुख्य कारण तंबाकू का धुआं है, जिसमें कम से कम 70 ज्ञात कार्सिनोजेन (कैंसर पैदा करने वाले तत्व) सहित 7,000 से अधिक रसायन होते हैं। इन जहरीले धुएं का साँस के जरिए शरीर में प्रवेश, फेफड़ों के नाजुक ऊतकों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, जिससे कोशिकाओं में उत्परिवर्तन और कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, फेफड़ों के कैंसर के लगभग 90 प्रतिशत मामलों के लिए तंबाकू का सेवन जिम्मेदार है।



इसके अलावा, जर्नल ऑफ द नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट में प्रकाशित शोध के अनुसार, धूम्रपान करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों की तुलना में 15 से 30 गुना अधिक होता है।

फेफड़ों के कैंसर अलावाः तंबाकू से संबंधित कैंसर की चर्चा में फेफड़ों के कैंसर पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है, लेकिन तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल श्वसन तंत्र तक सीमित नहीं हैं। अध्ययनों से पता चला है कि मुंह, गला, अन्नप्रणाली, अग्न्याशय, मूत्राशय, किडनी, गर्भाशय ग्रीवा और अन्य अंगों को प्रभावित करने वाले कैंसर के विकास में तंबाकू का सेवन शामिल है। उदाहरण के लिए, जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि धूम्रपान अग्न्याशय के कैंसर के जोखिम को दो गुना बढ़ा देता है। इसी तरह, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने तंबाकू के धुएं को मूत्राशय के कैंसर का एक ज्ञात कारण बताया है।

सेकेंड हैंड स्मोक का प्रभावःतंबाकू का खतरा केवल धूम्रपान करने वालों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के लोगों को भी अपनी चपेट में ले लेता है। सेकेंड हैंड स्मोक, जिसमें प्रत्यक्ष धुएं के समान कई कार्सिनोजेन (कैंसरकारी तत्व) होते हैं, धूम्रपान न करने वालों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। अमेरिकन कैंसर सोसाइटी की रिपोर्ट के अनुसार, सेकेंड हैंड स्मोक के संपर्क में आने से धूम्रपान न करने वाले वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा 20-30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है और यह नवजात शिशुओं में सडन इंफैंट डेथ सिंड्रोम का एक ज्ञात कारण है। कैंसर की महामारी का सामना करते हुए, तंबाकू और कैंसर के बीच के घातक संबंध को पहचानना और उसका समाधान करना ज़रूरी है। तंबाकू नियंत्रण पर केंद्रित सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों जैसे धूम्रपान रोकथाम कार्यक्रम और तंबाकू पर कराधान, तंबाकू से संबंधित कैंसर के विनाशकारी प्रभाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं।

## सीवरेज पर 300 और ट्रीटमेंट प्लांट पर 200 करोड़ खर्च, नतीजा सिफर

जागरण, इंदौर। **प्रदेश की आर्थिक** राजधानी इंदौर शहर के बीचों बीच कान्ह नदी बहती है। शहर के समीप रालामंडल में कान्ह नदी का उद्गम स्थल है। किनारों पर बसाहट होने के कारण नदी शहर का सीवरेज ढोने का काम करती है। दस साल पहले सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत शहर में और नदी के किनारे पर पाइप बिछाए गए। इंदौर से बहकर शिप्रा नदी में मिलने वाली कान्ह नदी के शुद्धिकरण पर बीते 10 वर्षों में 500 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं लेकिन कान्ह नदी साफ नहीं हो पाई। उज्जैन में त्रिवेणी संगम तक जाते जाते कान्ह नदी पवित्र शिप्रा को फिर दूषित कर देती है। इसके चलते उज्जैन में कान्ह नदी को बायपास करने की योजना बनाना पड़ी, उस पर भी सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। आखिर इतना पैसा खर्च करने के बावजूद नदी साफ क्यों नहीं हो पा रही है? इस पर अब सवाल उठने लगे हैं।

## कारपेंटर ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में रहने वाले कारपेंटर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास पुलिस को डायरी के पन्ने मिले हैं। लेकिन, स्पष्ट लेखनी नहीं होने से पुलिस पढ़ नहीं पा रही है। ऐसे में सुसाइड की वजह का खुलासा नहीं हो सका।

## सीबीआई को सौंप देंगे नर्सिंग काउंसिल के सीसीटीवी फुटेज गायब होने की जांच

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने राज्य के बहुचर्चित नर्सिंग कालेज फर्जीवाड़ा से जुड़े नर्सिंग काउंसिल के सीसीटीवी फुटेज गायब होने के मामले में राज्य शासन को सख्त चेतावनी दी है। साफ कर दिया है कि यदि पूर्व आदेश का पालन नहीं किया गया तो इसकी भी जांच सीबीआई को सौंप देंगे। इस मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को निर्धारित की गई है। दरअसल, हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को भोपाल पुलिस कमिश्नर और साइबर सेल को निर्देश दिए थे कि काउंसिल कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज रिट्रीव करें। कोर्ट ने कहा था कि काउंसिल आफिस के आसपास लगे कैमरों की रिकार्डिंग देखकर पता लगाया जाये कि दफ्तर से क्या-क्या बाहर ले जाया गया है। हाई कोर्ट ने साइबर सेल को तत्कालीन रजिस्ट्रार अनीता चांद के मोबाइल फोन के टावर लोकेशन की जानकारी एकत्र करने को भी कहा था ताकि 13 से 19 दिसंबर, 2024 की अवधि के दौरान कार्यालय में भौतिक उपस्थिति का पता लगाया जा सके।

# सोने वाली कार का राज सुलझाने आयकर विभाग भी बना रहा प्लान

## जेल पहुंची ईडी की टीम, सौरभ से पूछे हवाला कनेक्शन और फंडिंग पर सवाल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय जेल में ज्यूडिशियल रिमांड पर बंद परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से ईडी की टीम ने बुधवार को पूछताछ की। छापों में करोडों की संपत्ति उजागर होने के बाद ईडी की 3 सदस्सीय टीम सुबह लगभग 11 बजे सेंट्रल जेल पहुंची। ईडी के अफसरों ने यहां बंद सौरभ से तकरीबन छह घंटे तक सवाल किए। जेल से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस दौरान सौरभ की फंडिंग को लेकर ही सवाल किए गए। सौरभ से उसकी आय का स्रोत, दुबई कनेक्शन और विदेश भेजी गई रकम के बारे में सवाल पूछे गए। इसके अलावा ईडी का फोकस सौरभ के हवाला कनेक्शन पर भी रहा। बताया जा रहा है कि इस टीम ने शरद और चेतन से कोई सवाल नहीं किए। ईडी ने पूछताछ के दौरान लैपटॉप पर कुछ दस्तावेज दिखाकर सौरभ से हवाला कनेक्शन के बारे में भी सवाल किए। सौरभ और उसके साथी चेतन और शरद को कोर्ट ने 17 फरवरी तक ज्यूडिशियल रिमांड पर केंद्रीय जेल भेजा है। सौरभ शर्मा के यहां पड़े लोकायुक्त छापे के अगले दिन ही आयकर विभाग की टीम को एक इनोवा कार में 52 किलों सोना और 10 करोड़ की नकदी मिली थी। सौरभ के साथी चेतन के नाम पर रजिस्टर इस कार रा राज अब तक खुल नहीं पाया है. असल में ये जब्त किया गया सोना और कैश फिलहाल आयकर की कस्टडी में है, लिहाजा इस राज को सुलझाने का जिम्मा बी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का है। भोपाल स्थित विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग जल्द ही सौरभ से पूछताछ करने के लिए अदालत में आवेदन दे सकता है। इसके अलावा इस केस में डीआरआई भी पूछताछ का आवेदन कोर्ट को दे सकता है। हालांकि अब तक आयकर विभाग ने इसके लिए कोर्ट में कोई एप्लीकेशन नहीं दी है।



### इधर, लोकायुक्त की टीम पहुंची रजिस्ट्रार ऑफिस

लोकायुक्त पुलिस द्वारा सौरभ को उसके साथियों शरद और चेतन समेत जेल भेजने के अगले दिन उनका कोई भी रिश्तेदार और मददगार बयान देने के लिए लोकायुक्त दफ्तर नहीं पहुंचा। सौरभ के यहां पड़े छापे में जिन रिश्तेदारों और लोगों के नाम प्रॉपर्टी मिली है, उनसे 5 फरवरी से बयान और पूछताछ का दौर शुरू होना था। हालांकि इस दौरान लोकायुक्त की टीम सौरभ और उसकी कंपनियों के बैंक खातों की डिटेल और अन्य विवरण लेने आधा दर्जन बैंकों के साथ ही रजिस्ट्रार के दफ्तर भी पहुंची। यहां बैंक ट्रांजेक्शन और संपत्तियों से जुड़े कई दस्तावेज टीम ने हासिल किए।

## दो मंजिला बंगले में रहता था सरकारी शिक्षक लोकायुक्त छापे में मिले जमीन के 70 खसरे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की टीम ने बुधवार को जबलपुर में एक सरकारी टीचर के घर और फार्म हाउस पर छापा मारा। शिक्षक हरिशंकर दुबे के सुहागी इलाके में स्थित घर पर तलाश के दौरान दो मंजिला बंगला, एक फार्म हाउस, एक लग्जरी कार और जमीन के दस्तावेज बरामद हुए हैं। दुबे के घर से जमीन के 70 खसरे मिले हैं, जो उनके परिवार के नाम पर हैं।



**अगले साल है रिटायरमेंट**

61 साल के हरिशंकर दुबे ने अपनी नौकरी 1986 में शुरू की थी और अगले साल उनका रिटायरमेंट है। लोकायुक्त पुलिस को शिकायत मिली थी कि उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान काली कमाई अर्जित की है। लोकायुक्त के डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि शुरुआती जांच में शिक्षक की आय से दो गुनी संपत्ति का खुलासा हो गया है, जबकि जमीन के दस्तावेजों की जांच जारी है। जांच के बाद संपत्ति का आंकड़ा बढ़ सकता है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना में पात्र जोड़ों का चयन करें : एसडीएम

## जनपद पंचायत जवा में एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा सभागार में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत 25 फरवरी 2025 को जनपद प्रांगण में आयोजित किए जाने वाले सम्मेलन हेतु आनुविभागीय अधिकारी राजस्व पीयूष भट्ट की अध्यक्षता में सीएफटी प्रभारी पंचायत समन्वयक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी अमित पांडे के द्वारा किया गया। बैठक में सीएफटी प्रभारी शारदा चरण अहिरवार, श्याम शंकर सिंह नंदलाल वर्मा गुलजार प्रजापति नागेश्वर जायसवाल केशव प्रसाद वर्मा जितेन्द्र सिंह बैठक में उपस्थित रहे।


फाइल फोटो..

### 10 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पीयूष भट्ट के द्वारा विस्तृत निर्देश दिया गया उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत स्तर तक सभी पात्र हितग्राही अपने-अपने आवेदन सभी कॉलम में पूर्ण कराकर हस्ताक्षर आदि करवा कर पंचायत सचिव को 10 फरवरी 25 तक अपने आवेदन जमा कर दें, सीएफटी प्रभारी 11 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तारीख तक स्थल जांच कर 16 फरवरी 2025 को आवेदन की सूची सहित जनपद पंचायत जवा में जमा करेंगे। सभी आवेदनों में पंचायत सरपंच सचिव पदमुद्र सहित हस्ताक्षर करेंगे। 17 फरवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक निष्पक्ष जांच कमेटी जिसमें जनपद के कोई भी अधिकारी सम्मिलित नहीं है आवेदनों की जांच कर सूची 21 फरवरी 2025 को मीडिया में प्रसारित करेंगे, क्योंकि पांच दिवस पूर्व विवाह पोर्टल बंद हो जाएगा अतः इसके पश्चात आवेदन पोर्टल पर दर्ज नहीं किए जा सकेंगे।

### दावा आपत्ति कर सकेंगे आमजन

22 फरवरी से 23 फरवरी तक सभी आमजन सूची पर दावा आपत्ति कर सकते हैं तत्पश्चात 24 फरवरी 2025 को अंतिम सूची जनपद पटल पर चश्मा की जावेगी जिस अनुसार गरिमा में तरीके से 25 फरवरी 2025 को जनपद प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शासन नियम अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना में कन्या की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए जबकि वर की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इससे संबंधित दस्तावेज आवेदन पर लगाने होंगे। कन्या का विवाह पूर्व में ना हुआ हो, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं का माननीय न्यायालय का आदेश होना आवश्यक है। आय का कोई बंधन नहीं है।

### तीन पालियों में विवाह निकाह का होगा आयोजन

25 फरवरी 2025 को जनपद प्रांगण में तीन पालियों में विवाह निकाह आयोजन किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 10ः00 बजे से द्वितीय पाली 11ः30 बजे से एवं तृतीय पाली 1.30 बजे से होगी उसी अनुसार वर कन्या को टोकन दिए जाएंगे जिससे प्रांगण में एक साथ अत्यधिक भीड़ न हो इसलिए जिन कन्याओं का जिस पाली में विवाह है उसी समय आना है। विवाह पश्चात वर कन्या के परिजन भोजन का टोकन लेकर अपने भोजन को ग्रहण करते हुए प्रांगण को छोड़कर गंतव्य हेतु रवाना होंगे जिससे अगली पाली का विवाह कराया जा सके। विवाह की सहयोग राशि कन्याओं के खाते में भेज दी जाएगी एवं विवाह प्रमाण पत्र संबंधित पंचायत सचिव के द्वारा दिया जाएगा इसलिए सभी आम जनों से निवेदन है कि उक्त अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग प्रदान करें।

# गुढ़ विधायक ने झंडी दिखाकर बस सेवा का किया शुभारंभ



**गुढ़ ( नि.प्र )।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर कर्चुलियान स्थित सीएम राइज स्कूल के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकिप्रय विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा दो बसों के नियमित रूप से संचालन किए जाने का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया उक्त अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित विद्यालयीन परिवार के सदस्य और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने की नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य रोकने की मांग

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रीवा, एसडीएम जवा, तहसीलदार जवा एवं सीईओ जनपद पंचायत जवा को आवेदन सौंपकर गांव से दूर तालाब के किनारे कराये जा रहे नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य रोकवाये जाने की मांग करते हुए ग्राम गढ़वा मे स्थित पुराने पंचायत भवन के स्थान पर ही पंचायत भवन निर्माण कराये जाने की मांग की है। इस संबंध ओंकारनाथ सिंह पुष्पेन्द्र सिंह रामविलास मौर्य सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में ग्राम पंचायत गढ़वा का पंचायत भवन मध्यप्रदेश शासन की आराजी न.140रकवा 0.089 के अंश भांग में बना हुआ है जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में है उस जगह में भी पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जाना न्याय संगत है लेकिन सरपंच सचिव द्वारा गांव से दूर लुचकी गांव में तालाब के किनारे निजी जमीन का अत्यजन कराकर नवीन पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि यह जमीन शासकीय तालाब के भीठा से लगी हुई है वा तालाब में पानी भी इसी रास्ते से आता है तथा चार माह बरसात का पानी भी भरा रहता है जिससे आम जनता का पंचायत भवन पहुंचना मुश्किल हो जाएगा साथ ही उन्होंने तालाब का भीठा खोदकर बनायी जा रही सड़क एवं शासकीय तालाब का स्वरूप विगाडे जाने का आरोप लगाते हुए अन्य स्थान पर हो रहे नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य रोकवाये जाने की मांग करते हुए पुराने पूर्व निर्मित स्थान पर ही ग्राम पंचायत भवन निर्माण करवाये जाने की मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना में भारी अनियमिताएं

**हनुमना (निप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित इकलौता स्वास्थ्य केंद्र है जो मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य सुविधा का मुख्य केंद्र बिंदु है, किंतु विगत 15 वर्षों से यहां पर एक भी अनुभवी चिकित्सक की शासन स्तर पर नियुक्ति ही नहीं की जा रही है। जिन चिकित्सक की नियुक्ति की जा रही है, सभी के सभी संविदा कर्मी हैं। स्थाई रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कितने चिकित्सक हैं, इसकी जानकारी यहां की जनता को रहती ही नहीं। अधिकांश चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जैसे पिपराही हाटा पहाड़ी इत्यादि जगह में पदस्थ हैं किंतु अपने-अपने कार्य क्षेत्र में ना जाकर यहीं अस्थाई रूप से अपने-अपने कमरों में पड़े रहते हैं। यदि कोई पीड़ित व्यक्ति उनके पास पहुंच जाता है तो इनका कहना रहता है कि मैं अपनी पढ़ाई की तैयारी कर रहा हूं, किसी दूसरे को जाकर दिखा लो। कुल मिलाकर उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्नातकोत्तर परीक्षा तैयारी केंद्र बन गया है।

# घर में चोरी एवं यज्ञशाला में लगाई गई आग में नहीं हुई एफआईआर

## पीड़ित ने की पुलिस अधीक्षक मऊगंज से एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवायी की मांग



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के ग्राम उमरी थाना लौर निवासी उमाशंकर कुशवाहा द्वारा 28 जनवरी को थाने में इस बात की शिकायत की गई थी कि उसका समस्त परिवार प्रयागराज महाकुंभ में चला गया था प्रार्थी के घर में चौकीदार नियुक्त कर दिया गया था किंतु उसी रात आरोपी शिवानंद सोंधिया लल्ला सोंधिया जीतू सोंधिया के द्वारा घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए घरेलू सामग्री चोरी कर ली गई पूर्व से बने यज्ञशाला एवं रखे भूसे में आग लगा दी गई थी भागवत कथा हेतु बने यज्ञशाला को जलाया गया बल्कि धार्मिक आस्था को भी चोट पहुंचाई गई है। प्रयागराज से वापस आने पर पीड़िता द्वारा थाने में लिखित शिकायत दी गई थी किंतु लौर पुलिस द्वारा अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि शिकायत करता द्वारा नाम जद करते हुए लिखित आवेदन में उल्लेख किया गया है पीड़ित उमाशंकर द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मऊगंज से एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है दिए गए आवेदन में आरोपियों का नाम उल्लेखित किया गया है।

# मऊगंज में विद्यारंभ संस्कार-सरस्वती पूजन कार्यक्रम आयोजित



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के संस्कृत ज्ञान का भंडार सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में बसन्त पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व छात्रा प्रतिभा गुप्ता एवं अध्यक्षता समिति सदस्य रमा सोनी ने किया विशिष्ट अतिथि के रुप मे विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कुमार पाण्डेय रहे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराया गया जिसमें नगर की माताऐं अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे विद्यारंभ संस्कार में कुल 42भैया/बहिन का पंजीयन हुआ तथा 12भैया बहिन का नवीन प्रवेश किया गया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य राबेन्द्र प्रसाद शर्मा द्वारा आये हुऐ अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जनसुनवाई की धीमी प्रगति, रिपीट हो रहे शिकायती पत्र



**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिला बनने के बाद कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा जिले के रूप में 22 अगस्त को पहले जनसुनवाई आयोजित की गई पहले दिन जिले में कुल 35 आवेदन आए थे। जिला बनने की जानकारी और जागरूकता की कमी से यह स्थिति निर्मित हुई थी धीरे-धीरे जागरुकता बढ़ती गई और शिकायतों की संख्या 100 तक पहुंची थी किंतु शिकायतों का निराकरण 50 फ़ीसदी भी संतोषजनक नहीं था जिसकी बदौलत जनसुनवाई में शिकायतकर्ताओं की संख्या कम होने लगी स्थिति यह हुई कि ज्यादातर शिकायती आवेदन 10 से 15 बार रिपीट हो रहे हैं बावजूद भी जनसुनवाई में सुधार नहीं हो रहा सबसे ज्यादा शिकायत राजस्व बिजली विभाग एवं जिले के संबंधित थानों की है मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सिर्फ सात आवेदन पड़े जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जिले की समस्या ठीक हो चुकी है या फिर जनसुनवाई संतोष जनक ना होने से शिकायती आवेदन पत्रों की संख्या कम हो गई है जबकि जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया जाता रहा है ताकि शिकायतों का निरंकरण हो सके किंतु संबंधित कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया फल स्वरुप शिकायतों का निराकरण संतोषजनक नहीं है।

# गुरु वशिष्ठ अस्पताल में प्रहलाद तिवारी का सफल ऑपरेशन

**टेढ़ी हुई हड्डी को ठीक कर लौटाई गई चलने-फिरने की क्षमता**

**आंचलिक डेस्क।** गुरु वशिष्ठ अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में मिर्जापुर के निवासी प्रहलाद तिवारी ने एक जटिल सर्जरी के बाद दोबारा चलने-फिरने की क्षमता हासिल कर ली है। तिवारी के पैर की हड्डी फ्रैक्चर के बाद टेढ़ी हो गई थी, जिसके कारण वे हफ्तों तक चलने-फिरने में असमर्थ रहे। कई अस्पतालों में इलाज के बाद भी जब आराम नहीं मिला, तो उन्होंने इस अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों का सहारा लिया। प्रहलाद तिवारी ने बताया कि उनके पैर की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर होने के बाद हड्डी का जुड़ाव गलत तरीके से हुआ, जिससे वह टेढ़ी हो गई। अस्पताल के प्रमुख ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. के .एस. मिश्रा ने बताया, करेक्टिव ऑस्टियोटॉमी सर्जरी की मदद से हड्डी को दोबारा सही पोजीशन में लाने का प्रयास किया। इस प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक और इमेजिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया। गुरु वशिष्ठ अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर ने इस मामले के जरिए एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता साबित की है।

# महारानी चौरा मंदिर में पार्किंग एवं हैंड पंप का सुधार कराने की मांग

**हनुमना, नि.प्र.।** नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता से समाजसेवी जितेंद्र बल्लू गुप्ता ने ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि वार्ड क्रमांक 3 में महारानी चौरा का प्राचीन मंदिर निर्मित है जिसका पुनर्निर्माण बैकुंठ नाथ गुप्ता के नेतृत्व में निर्माण कराया गया। जन सहयोग के साथ जहां पर नगर के साथ-साथ ग्रामीण भक्त लोग माता के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने प्रतिदिन आया करते हैं । यहां पर देखा जा रहा है कि हैंडपंप जो कि कई दिनों से खराब चल रहा है एवं नगर परिषद द्वारा पानी की व्यवस्था के लिए पानी की टंकी स्थापित की गई है लेकिन खाली पड़ी है सभी नल टूटे हुए हैं एवं यहां पर वहां खड़ी करने के लिए जगह तो है पर अतिक्रमण किया गया है जिसे मुक्त कराकर पीसीसी जगह बनाकर पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की है।

# भौतिकता से बाहर निकल कर प्राकृतिक जीवन को अपनाना होगा : डॉ. एल. मिश्रा

**मऊगंज ब्यूरो।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शा.शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, मऊगंज में विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. एल. मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ विश्व आर्द्र भूमि दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा। युवाओं को भौतिकता से बाहर निकल कर प्राकृतिक जीवन को अपनाना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी ।

**विश्व वेटलैंड दिवस की दी जानकारी :** कार्यक्रम संयोजक एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्र पटेल ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए *विश्व वेटलैंड दिवस* को वैश्य पर्यावरण संरक्षण जलवायु परिवर्तन सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा विश्व वेटलैंड दिवस 2 फरवरी 1997 से लगातार मनाया जा रहा है । कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अनवर खान थे जिन्होंने तालाब, झील, नदियां, वनस्पतियां एवं सूक्ष्मजीव आदि का महत्व बताते हुए 1971 में ईरान के रामसर कन्वेंशन को महत्वपूर्ण कदम बताया । छात्र-छात्राओं ने आर्द्र भूमि को संरक्षण (कंजर्व) करने के लिए पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया।कार्यक्रम में डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. दिनेश पटेल, प्रो. प्रमोद कुमार प्रजापति ,प्रो. सुजान सिंह क्रीड़ा अधिकारी बृजकांत साकेत, भूगोल विभाग के लैब टेक्नीशियन बृजगोपाल तिवारी, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी ले.आर.एन. पटेल द्वारा किया गया ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती पूजन संपन्न



**गढ़, नि.प्र.।** सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ में वसंतपंचमी के अवसर पर विद्यालय में सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार 03 फरवरी को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ,विशिष्ट अतिथी नीरज खरे प्रादेशिक सह सचिव और अध्यक्ष रवि मिश्र विभाग समन्वयक रीवा विभाग रहे।

इस अवसर पर 40भैया/बहिनों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ व संस्था के भैया/बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक श्री मुनींद्रलाल सोनी शंकर सेन ,रामगोविन्द पाण्डेय, आदि एवं समिति के पदाधिकारी चंद्रभूषण पांडेय, प्रमोद सिंह, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गीता त्रिपाठी व आभार प्रदर्शन अरविंद पांडेय प्राचार्य ने किया।

# साइबर क्राइम से बचने किया गया जागरूक



**गढ़, नि.प्र.।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ में 05 फरवरी को साइबर क्राइम के सम्बध में थाना प्रभारी थाना गढ़ अवनीश पाण्डेय (निरीक्षक ) गढ़ द्वारा जन जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य देवेश कुमार साकेत एवं कर्मचारी दिवाकर सिंह पटेल, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक निगम, अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ उमांश कर सोनी, चन्द्रशेखर प्रसाद रावत, मुन्नालाल साकेत, राजेन्द्र कुमार पनिका, संतोष कुमार हरिजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षक गढ़ द्वारा चलाये गये इस प्रकार की पहल से समाज को साइबर अपराध से सचेत रहने हेतु प्रेरणा मिली।

# रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का नेशनल हाईवे के समानांतर करवाया जाए निर्माण : आनंद मिश्रा

## 2016-17 में 680 करोड़ रुपए रेल मंत्रालय कर चुका है मंजूर

**हनुमना, नि.प्र.।** समाजसेवी आनंद ने सार्वजिनिक रूप से कहना है कि देश के आजादी के जमाने से पहले की बहु प्रतीक्षित रेल लाइन रीवा मिर्जापुर का निर्माण आज तक मंजूरी के दो दशक से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य न शुरू होना दुर्भाग्यपूर्ण है केंद्र से लेकर प्रदेश तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है और इस मौके का फायदा अगर संबंधित जनप्रतिनिधि नहीं उठा पा रहे हैं तब उनके ऊपर उंगली उठना लाजिमी है अपुस्ट सूत्रों से जानकारी एवं लोगों के बीच यह चर्चा है कि रेलवे द्वारा किया गया फाइनल प्रथम सर्वे को भी रीवा जिले के 2 जनप्रतिनिधि डिस्टर्ब कर अपने निजी स्वार्थ के लिए दोबारा सर्वे अपने मन का कराने के लिए रेलवे मंत्रालय पर दबाव बना रहे हैं अगर यह दोनों जनप्रतिनिधि जितना प्रयास दोबारा सर्वे कराने के लिए जोर लगा रहे हैं अगर इसका आधा भी प्रयास किए होते तो आज रीवा मिर्जापुर रेल लाइन निर्माण का कार्य शुरू हो जाता इसी कारण वर्ष 2016-17 में 680 करोड़ रेलवे मंत्रालय द्वारा मंजूर करने के बाद आज तक निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी वैसे भी अगर उक्त रेल लाइन का निर्माण आजादी के समय में हो गया होता तो क्षेत्र का काफी विकास अब तक हो गया होता कई हजार लोगों को जहां प्रतिदिन आवागमन की सुविधा मिलती ती वही रोजी रोजगार का अवसर प्राप्त होता एवं विंध्य के कई जिले देश और प्रदेश से सीधे जुड़ जाते।

### चुनावी मुद्दा बनाकर भूल जाती हैं राजनीतिक पार्टियां

राजनीतिक पार्टियों भी यह मुद्दा एक दो बार सिर्फ चुनाव के समय उठाती है। परंतु चुनाव संपन्न होने के बाद यह महत्वपूर्ण मुद्दा भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है यह मुद्दा काफी दिनों से लोग सुनते सुनते थक से गए हैं और अब इसमुद्दे को लेकर बड़े जन आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं स्थानीय लोगों ने पुनः सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर दीनानाथ केसरवानी,रितेश केसरी, खटखरी राजू गुप्ता दिलीप गुप्ता छोटू हलवाई टिंकल गुप्ता संपत दास गुप्ता सरोज गुप्ता आनंद मिश्रा ने प्रेस के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री मोदी जी रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी इस मुद्दे को केंद्रीय स्तरमें पहल करने की मांग की गई है

### तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे मुकाबला नागपुर में आज दोपहर 1:30 बजे से, प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से चैंपियन ट्रॉफी की तैयारी करेगी टीम इंडिया, रोहित और विराट पर नजरें



**जेएनएन, नागपुर**

भारतीय टीम गुरुवार से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन वनडे मैच की सीरीज में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करना चाहेगा, जिसमें कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर भी नजर रहेगी। भारत ने पिछले साल अगस्त के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे, लेकिन उसमें भी असफलता ही उनके हाथ लगी थी। अब वह उस प्रारूप में वापसी करेंगे, जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था। इन दोनों खिलाड़ियों ने वनडे विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था। कोहली ने जहां इस टूर्नामेंट में 765 रन बनाए थे, वहीं रोहित ने 597 रन का योगदान दिया था। विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद यह दोनों खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज में खेले थे। रोहित ने इस सीरीज में दो अर्धशतक लगाए थे, जबकि कोहली कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इन दोनों का लचर प्रदर्शन टेस्ट क्रिकेट में भी जा रहा, जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलबाजी शुरू हो गई। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज 19 फरवरी से शुरू वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत की अंतिम प्रतियोगिता होगी, जो टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली के करियर के लिए निर्णायक साबित होगी।



**भारत**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रिषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड**

बेन डकेट, फिल साल्ट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जैकेब बेथेल, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, साकिब महमूद

**ओवरऑल रिकॉर्ड**

| | |
|---|---|
| कुल वनडे | 107 |
| भारत जीता | 58 |
| इंग्लैंड जीता | 44 |
| मैच टाई | 02 |
| नतीजा नहीं | 03 |

**भारत में रिकॉर्ड**

| | |
|---|---|
| कुल वनडे | 52 |
| भारत जीता | 34 |
| इंग्लैंड जीता | 17 |
| मैच टाई | 01 |

## विकेटकीपर के तौर पर पंत या राहुल?

भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ही चिंता का विषय नहीं है, उसे इस पर भी काफी माथापच्ची करनी होगी कि रिषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की भूमिका कौन निभाएगा। रोहित और उप कप्तान शुभमन गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नंबर आता है। पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी तथा उन्होंने 452 रन बनाए थे। उनकी उपस्थिति में टीम का अच्छा संतुलन बना, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार स्ट्राइक रोटेट करने में उनकी नाकामी चिंता का विषय होगी। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार है और ऐसे में पंत बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण उसमें विविधता लाते हैं।

## चोट से वापसी कर रहे हैं तेज गेंदबाज शमी, स्पिनर कुलदीप

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव को भी मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। यह दोनों चोट से उबर कर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के कारण स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें यहां वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है। वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल होने का मजबूत दावा पेश कर सकते हैं। टीम प्रबंधन को स्पिन ऑलराउंडर के लिए भी कड़ा फैसला करना होगा। इस स्थान के लिए रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर दावेदार हैं। जडेजा ने वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद इस प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है।

## मेरा ध्यान अभी सिर्फ तीन वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी पर: रोहित

पहले वनडे से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने भविष्य पर कहा कि उनका ध्यान इस समय सिर्फ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी पर है। रोहित ने कहा, यहां पर बैठकर मेरे भविष्य की योजना के बारे में चर्चा करने का क्या औचित्य है? पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की रिपोर्ट्स काफी चर्चा में रही हैं और मैं इन रिपोर्ट्स पर जवाब नहीं देना चाहता। मेरे लिए यह तीन मुकाबले और चैंपियंस ट्रॉफी ज्यादा जरूरी हैं, इसलिए मेरा ध्यान अभी इसी पर केंद्रित है। जब रोहित से उनके मौजूदा फॉर्म के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, यह किस तरह का सवाल है? यह अलग प्रारूप है, अलग समय है। एक क्रिकेटर के तौर पर हम जानते हैं कि हमारे साथ उतार-चढ़ाव का समय आएगा। मैंने अपने करियर में काफी बार यह दौर झेला है इसलिए यह मेरे लिए नया नहीं है। जसप्रीत बुमराह इस वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनित भारतीय दल का हिस्सा हैं, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर रहने वाली है। रोहित ने कहा कि जाहिर तौर पर हम अभी उनके स्कैन रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो कि अगले कुछ दिनों में होने वाला है। एक बार स्कैन रिपोर्ट सामने आ जाने पर हम आपके सामने स्पष्टता देने में सक्षम होंगे।



## अपनी कमजोरी दूर करने मैदान पर उतरेगी इंग्लैंड

इंग्लैंड भी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उचित टीम संयोजन तैयार करने पर ध्यान देगा। उसे आईसीसी टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को जल्द से जल्द दूर करना होगा। उसे इस सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम में जो रूट को छोड़कर अधिकतर वही बल्लेबाज हैं, जिन्हें टी-20 सीरीज में रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। विकेटकीपर जेमी स्मिथ पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले दो वनडे से बाहर रह सकते हैं।

**मैदान से हटकर**

## रोनाल्डो ने जन्मदिन पर कहा- मैं सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर हूं

क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपना 40वां जन्मदिन उसी आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ मना रहे हैं, जिस पर उन्होंने अपने सफल करियर के दौरान हमेशा गर्व किया है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार और अब सऊदी अरब में खेल रहे रोनाल्डो बुधवार को 40 साल के हो गए और उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर कौन है। रोनाल्डो ने स्पेनिश टेलीविजन चैनल ला सेक्स्टा के साथ साक्षात्कार में कहा कि मैं फुटबॉल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हूं। हालांकि मैं बाएं पैर का अधिक इस्तेमाल नहीं करता, लेकिन बाएं पैर से गोल करने के मामले में मैं इतिहास में शीर्ष 10 में हूं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मैं अब तक का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी हूं। उन्होंने कहा कि मैं खेल में अपने दिमाग का अच्छा इस्तेमाल करता हूं। मैं अच्छी फ्री किक लेता हूं। मैं तेज दौड़ लगाता हूं। मैं दमदार हूं। मैं अच्छी कूद लगाता हूं। मैंने कभी भी खुद से बेहतर किसी को नहीं देखा। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक 217 मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम पर 135 गोल दर्ज हैं, जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो ने पहले भी कई बार कहा है कि उन्हें लगता है कि वह फुटबॉल के इतिहास में अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। जब भी उनसे इस चर्चा के बारे में पूछा गया कि उनमें और लियोनेल मेसी में कौन सर्वश्रेष्ठ है, तो उन्होंने हमेशा अर्जेंटीना के खिलाड़ी की प्रशंसा की, लेकिन वह खुद को बेहतर बताने से भी पीछे नहीं हटे। **(जेएनएन)**



## 38 स्थान की छलांग लगाकर टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे अभिषेक

**आईसीसी रैंकिंग**
**शीर्ष 10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय**

**दुबई, जेएनएन।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 38 स्थान की लंबी छलांग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी तीन स्थान चढ़कर गेंदबाजों की टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हो गए हैं। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 में 54 गेंदों में 135 रनों की शतकीय पारी खेली थी। अभिषेक को अपनी शतकीय पारी से 829 रेटिंग अंक मिले और उन्होंने दूसरे स्थान से हमवतन तिलक वर्मा को हटाया। वर्मा अब तीसरे स्थान पर हैं। अभिषेक और वर्मा दोनों पहले स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड (855 अंक) से अधिक दूर नहीं हैं, लेकिन भारत को अब अगस्त से पहले कोई टी-20 नहीं खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के फिल सॉल्ट और भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकमार क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।



### टॉप-10 में वरुण, बिश्नोई और अर्शदीप



गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 14 विकेट चटकाने के बाद तीन स्थान के फायदे से आदिल राशिद के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। स्पिनर रवि बिश्नोई भी चार स्थान आगे बढ़कर छठे पायदान पर हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन एक बार फिर दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। पिछले हफ्ते राशिद उन्हें पछाड़कर दुनिया के शीर्ष गेंदबाज बन गए थे। मुंबई के आखिरी टी-20 में 55 रन देने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चार स्थान नीचे गिरकर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टेस्ट में बुमराह शीर्ष पर

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के बाद नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ 35वें टेस्ट शतक की बदौलत तीन स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा छह स्थान आगे बढ़कर 11वें पायदान पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर चल रहे हैं, जबकि उनके बाद हैरी ब्रूक और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का नंबर आता है। पीठ की जकड़न की समस्या से उबर रहे भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं। बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा एक स्थान के फायदे से दूसरे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस तीसरे स्थान पर हैं।

## अंपायर मेनन का पाक जाने से इनकार, चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**दुबई, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एलीट पैनल के अंपायरों में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि नितिन मेनन ने व्यक्तिगत कारणों से इस महीने पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में अंपायरिंग से बाहर होने का विकल्प चुना है। आईसीसी ने बुधवार को 15 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की, जिसमें तीन मैच रेफरी और 12 अंपायर शामिल हैं, जो 19 फरवरी को कराची में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के अधिकारी होंगे, जिसका फाइनल नौ मार्च को होगा। ऑस्ट्रेलिया के डेविड बून, श्रीलंका के रंजन मदुगले और जिम्बाब्वे के एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट को आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए मैच रेफरी के रूप में नामित किया गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, आईसीसी उन्हें (मेनन) चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में शामिल करना चाहता था। लेकिन उन्होंने निजी कारणों से पाकिस्तान नहीं जाने का फैसला किया। मेनन दुबई में होने वाले मैचों में अंपायर नहीं हो सकते थे, क्योंकि आईसीसी तटस्थ अंपायरों की नियुक्ति की नीति का पालन करता है। आईसीसी ने कहा, 12 अंपायरों का एक प्रतिष्ठित पैनल आठ टीम के इस टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेगा, जिसमें से छह अंपायर 2017 के चरण में शामिल थे, जिनमें रिचर्ड केटलबोरो भी शामिल हैं, जो पिछली चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अंपायरिंग कर चुके हैं।



**अंपायर:** कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी, माइकल गॉ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, अहसान रजा, पॉल रीफेल, शारफुद्दौला इब्ने शाहिद, रॉडनी टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन। **मैच रेफरी:** डेविड बून, रंजन मदुगले, एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट।

## कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना लगभग असंभव, स्मिथ या हेड कर सकते हैं कप्तानी

**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खुलासा किया कि टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस की 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह फिट होने की बहुत कम संभावना है। अगर कमिंस समय पर फिट नहीं होते तो फिर स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड में से किसी को ऑस्ट्रेलिया की कमान सौंपी जा सकती है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका में टेस्ट सीरीज में नहीं खेलने वाले कमिंस टखने की चोट से भी जूझ रहे हैं और उन्होंने अभी तक अभ्यास शुरू नहीं किया है। आईसीसी ने एसईएन रेडियो पर मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा कि कमिंस किसी भी तरह से गेंदबाजी फिर से शुरू करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए उनकी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की संभावना बहुत कम है। इसका मतलब है कि हमें एक कप्तान की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम पैट (कमिंस) के साथ स्वदेश में चैंपियंस ट्रॉफी की टीम को लेकर चर्चा कर रहे थे, तब स्मिथ और हेड दो ऐसे खिलाड़ी थे, जिनसे हम बातचीत कर रहे थे। कप्तानी के लिए हमारी इन दोनों पर नजर है।



## राशिद टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

### पार्ल रॉयल्स को 39 रन से हराकर एमआई केपटाउन पहली बार एसए-20 फाइनल में

**गक्बेरहा, जेएनएन।** अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (633) टी-20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। 26 साल के कलाई के स्पिनर राशिद ने ड्वेन ब्रावो के 631 विकेटों को पीछे छोड़ा। यह सफलता उन्हें मंगलवार को पार्ल रॉयल्स के खिलाफ दुनित वेल्लालगे को बोल्ड करके मिली, जहां वह एमआई केपटाउन के लिए खेल रहे थे। एमआई केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को पहले क्वालिफायर में 39 रन से हराकर पहली बार एसए-20 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल शनिवार को वांडरर्स पर खेला जाएगा, जबकि पार्ल रॉयल्स गुरुवार को दूसरा क्वालिफायर खेलेगी, जिसमें उसका सामना दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जोबर्ग सुपरकिंग्स के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से होगा। एमआई केपटाउन ने रासी वान डेर डुसेन (40) और रियान रिकेलटन (44) की शानदार पारियों के दम पर चार विकेट पर 199 रन बनाए। दोनों ने पावरप्ले के पहले छह ओवर में 66 रन जोड़े। जवाब में रॉयल्स की टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर आउट हो गई। मुंबई की यह लगातार पांचवीं जीत थी, जबकि रॉयल्स की हार की हैट्रिक रही।



**टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज**

| खिलाड़ी | देश | मैच | विकेट |
|---|---|---|---|
| राशिद खान | अफगान | 461 | 633 |
| ड्वेन ब्रावो | वेस्टइंडीज | 582 | 631 |
| सुनील नरेन | वेस्टइंडीज | 536 | 574 |
| इमरान ताहिर | द. अफ्रीका | 428 | 531 |

**खेल एक नजर में**

## गुजरात जाएंट्स की कप्तान बनीं एशले



**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात जॉएंट्स ने 14 फरवरी से शुरू होने वाली डब्ल्यूपीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एशले गार्डनर को कप्तान नियुक्त किया है। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज बेथ मूनी की जगह ली है, जो अब केवल अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करेंगी। डब्ल्यूपीएल का पहला मैच गुजरात जॉएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। गुजरात की टीम पहले दो टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी तथा वह पांचवें और अंतिम स्थान पर रही थी। गार्डनर ऑस्ट्रेलिया की टीम का अहम अंग रही हैं।

## मुंबई और हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल कोलकाता में

मुंबई, जेएनएन। गत चैंपियन मुंबई और हरियाणा के बीच रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच रोहतक के लाहली के बजाय कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। सभी क्वार्टर फाइनल मैच आठ से 12 फरवरी के बीच पांच दिन तक खेले जाएंगे। मुंबई और हरियाणा के बीच मैच के स्थल में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन पता चला है कि उत्तर भारत में सुबह के समय धुंध के कारण खेल प्रभावित हो सकता है और इसलिए यह फैसला किया गया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बताया कि हमें बीसीसीआई से सूचना मिली है कि हरियाणा के खिलाफ हमारा क्वार्टर फाइनल ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। अन्य तीन क्वार्टर फाइनल राजकोट (सौराष्ट्र बनाम गुजरात), नागपुर (विदर्भ बनाम तमिलनाडु) और पुणे (जम्मू कश्मीर बनाम केरल) में खेले जाएंगे।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## नेशनल गेम्स मप्र का स्वर्णिम छक्का, रोइंग में पांच व स्लालोम में जीता एक गोल्ड मेडल

**मप्र शीर्ष 3 में, 17 स्वर्ण सहित जीते 34 पदक**

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 38वें नेशनल गेम्स में 9वें दिन छह स्वर्ण सहित 11 पदक पर कब्जा जमाया। उत्तराखंड में खेले जा रहे गेम्स में मध्यप्रदेश 17 स्वर्ण सहित 34 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसमें ७ रजत व १० कांस्य शामिल हैं। बुधवार को खिलाड़ियों ने रोइंग में पांच स्वर्ण व चार कांस्य और स्लालोम में एक-एक स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किए। मप्र ने सेना की टीम को परास्त कर रोइंग की ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं शूटिंग में 50 मी. थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग में ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने 598/600 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह पक्की की। मुक्केबाजी में दिव्या पवार और हिमांशु श्रीवास ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया।



**इन खिलाड़ियों ने जीते पदक:** लाइट वेट डबल स्कल महिला वर्ग में रुकमणी और पूनम (7:51.9), सिंगल में खुशप्रीत कौर (8:40.3), कोक्स्लेस पेअर पुरुष वर्ग में भीम और मनमोहन, समय - (7:11.4), कोक्स्लेस पेअर दिलजीत कौर और गुरवानी कौर, क्वाड्रपल स्कल में संतोष यादव, खुशप्रीत, पूनम, रुकमणी ने सोने का तमगा हासिल किया। वहीं कोक्स्लेस फोर में सुशील, कौशलेश प्रताप सिंह, राहुल, नितिन देओल, डबल स्कल में सुशील और नितिन, क्वाड्रपल स्कल में भानु प्रताप, अनिल कुमार, अंकुश, संकित और लाइट वेट डबल स्कल में प्रभाकर एंड रोबिन ने कांसा जीता। स्लालोम सी-1 मेन में विशाल केवट ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं के-1 महिला वर्ग में शिखा चौहान ने रजत अर्जित किया।

## हार के साथ 33 साल की सिमोना हालेप ने लिया टेनिस से संन्यास

बुखारेस्ट (रोमानिया), जेएनएन। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने मंगलवार को अपने गृह देश रोमानिया में एक टूर्नामेंट के पहले दौर में हार के बाद 33 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास की घोषणा की। हालेप ने रोमानिया के क्लुज में ट्रांसिल्वेनिया ओपन में लूसिया ब्रॉन्जेटी से 6-1, 6-1 की हार के बाद दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नहीं जानती कि मैं दुख के साथ या खुशी के साथ यह घोषणा कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं दोनों को महसूस कर रही हूं, लेकिन इस फैसले से मुझे शांति मिली है। मैं हमेशा यथार्थवादी रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। भले ही मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन मैं आपके सामने खेलकर टेनिस को अलविदा कहना चाहती थी। हालेप 2017 में पहली बार विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी, लेकिन अभी वह 870वें स्थान पर हैं। उन्हें रोमानिया में इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। अपने करियर में चोटों से जूझने और डोपिंग के कारण निलंबन झेलने वाली हालेप एक समय महिला टेनिस में शीर्ष पर थीं।



### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम स्थगित

रीवा। 6 फरवरी को शाम 4 बजे से आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को आवेदकों की समस्याएं सुनना था । अब अगली तिथि नियत होने पर समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### उद्यान अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

रीवा। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपालन में प्रभारी सहायक संचालक उद्यान रीवा का पदभार बृजराज सिंह सेंगर ने ग्रहण कर लिया है। उनका मोबाइल नम्बर 7999043398 है।


Divisa
पेट सफा टेबलेट्स
एक बार में फ्रैश हो जाओ...
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Dr. Juneja's पेट सफा NATURAL LAXATIVE TABLETS
NO.1 BRAND
पेट सफा... तो हर रोग दफा
Finally Relief
यदि आप कब्ज, एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए
पेट सफा आयुर्वेदिक टेबलेट्स
इसकी आदत भी नहीं पड़ती, और यह पहली रात से असर दिखाती है।


# पल्सर सवार बदमाशों ने युवक को गोली मारकर फैलाई दहशत

**नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बर्रोहा मोड़ के पास सामने आई घटना**

**हाथ और पेट के नीचे लगी गोली, संजय गांधी अस्पताल में घायल का चल रहा उपचार**



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्रोहा गांव के समीप बुधवार की शाम गोली चालन की घटना सामने आई। पल्सर सवार तीन की संख्या में रहे बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दहशत फैलाई। युवक के हाथ और पेट के नीचे गोली लगी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए वहीं घायल ने अपने बड़े भाई को घटना की सूचना दी, जिसके बाद आनन-फानन में परिवार के लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों की मानें तो घायल की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। चर्चा है कि किसी पुरानी रंजिश में युवक के ऊपर जानलेवा हमला किया गया है, लेकिन अब तक घटना के कारण पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सके हैं। नईगढ़ी पुलिस घटना की सूचना के बाद घायल का बयान दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक गोली चालन की घटना में घायल शैलेंद्र सोनी पिता रामायण सोनी 22 वर्ष निवासी भलुआ अपनी बाइक से अकौरी गया हुआ था, जहां से वह अपने गांव भलुआ लौट रहा था। तभी बर्रोहा के पास काली पल्सर में सवार होकर आए तीन की संख्या में बदमाशों ने उसके ऊपर फायर कर दिया। बताया गया कि घायल युवक प्रयागराज में यूपीएससी की तैयारी करता था, वह अपने गांव आया हुआ था। घायल युवक की मानें तो उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, फिलहाल पूरी घटना के बाद अब पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311


# तहसीलदार का रीडर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**ईओडब्लू रीवा की टीम ने बिरसिंहपुर में की कार्रवाई**





आरोपी

**जागरण, रीवा।** ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने सतना जिले के बिरसिंहपुर तहसीलदार के रीडर को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ बुधवार को पकड़ा है। आरोपी रीडर एक कृषक से जमीन के पारिवारिक बटवारा आदेश के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। मामले की शिकायत पीड़ित निलेश कुमार लोधी निवासी ग्राम उज्जैनी तहसील बिरसिंहपुर ने ईओडब्ल्यू रीवा से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने कार्रवाई की। बताया गया कि पीड़ित कृषक ने 3 सितंबर 2024 को बिरसिंहपुर तहसील में बटवारे के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद आरोपी रीडर राकेश त्रिपाठी ने फरियादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग इस एवज में की थी कि तहसीलदार बिरसिंहपुर से आदेश कराना है। परेशान होकर फरियादी कृषक निलेश ने मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू रीवा से की जिसके बाद शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद बुधवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने बिरिसिंहपुर तहसील पहुंची। जैसे ही शिकायतकर्ता ने रीडर को 4 हजार रुपए की रिश्वत हाथ में सौंपी, सिविल ड्रेस में मौजूद ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी रीडर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

**टीम में ये रहे शामिल :** ईओडब्ल्यू रीवा की टीम द्वारा सतना के बिरसिंहपुर तहसील में की गई कार्रवाई के दौरान निरीक्षक मोहित सक्सेना, उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, उपनिरीक्षक भावना सिंह, उप निरीक्षक संतोष पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र पटेल, सत्यनारायण मिश्रा, कुलभूषण द्विवेदी, घनश्याम त्रिपाठी, आरक्षक पूर्णिमा सिंह, धनंजय अग्निहोत्री व चालक संतोष मिश्रा शामिल रहे।

# निगमायुक्त ने पकड़ी ललपा क्षेत्र में शराब की पैकारी, पुलिस को सौंपा मामला

**चिरहुला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान खुली पोल**



**जागरण, रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा शहर भ्रमण के दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते समय अवैध शराब के गोरखधंधे का खुलासा भी हो गया। चिरहुला क्षेत्र अंतर्गत ललपा में सड़क के किनारे पटरी पर अतिक्रमण कर दुकान एवं ठेला की आड़ में अवैध शराब की पैकारी संचालित की जा रही थी। उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान वहां भारी मात्रा में शराब भी बरामद किये जाने पर निगमायुक्त द्वारा पुलिस बुलवा ली गई। पुलिस द्वारा उक्त शराब को जब्त किया गया। इस कार्यवाही से यह भी पता चल गया कि शहर में अवैध शराब की पैकारी का जाल किस तरह फैला हुआ है और यह पुलिस की नजरों से ओझल रहता है। निगमायुक्त की सक्रियता के चलते उक्त पैकारी का खुलासा हो गया। इससे यह तथ्य भी सामने आ गया कि इसी तरह शहर में तमाम जहां अतिक्रमण किया जाता है, वहां कई प्रकार के अवैध धंधों को भी संचालित किया जाता है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि यह सब स्थानीय पुलिस की शह पर चलता है। इसी तरह कोठी कम्पाउंड क्षेत्र में भी कई स्थानों पर दिन भर संदिग्ध लोगों की भीड़ बनी रहती है। उनके चेहरे की भंगिमा साफ तौर पर बताती है वे किसी न किसी नशे के प्रभाव में हैं।

# बस स्टैण्ड में वर्दी का रौब दिखाते आरक्षक का वीडियो वायरल



**जागरण, रीवा।** पुराने बस स्टैंड में बीती रात दो आरक्षकों का वीडियो वायरल हुआ है। आरक्षक नशे की हालत में दिखाई दे रहे हैं, साथ ही वर्दी का रौब दिखाकर जबरन पान सिगरेट की दुकान खुलवाते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में जब दुकानदार ने दुकान खोलने से मना कर दिया तो उससे गाली गलौज कर धमकी दी जा रही है कि उसे बंद कर देंगे। फिलहाल वायरल वीडियो सिविल लाइन थाना में पदस्थ आरक्षकों का बताया जा रहा है, जो बीती रात करीब दो बजे पान की दुकान खुलवाकर सिगरेट लेने पहुंचे थे। जिसके बाद दुकानदार ने उनका वीडियो बना लिया। गौरतलब है कि आरक्षकों की यह हरकत पुलिस की छवि को धूमिल कर रही है, दुकानदारों का कहना है कि एक तरफ सिविल लाइन थाना पुलिस रात्रि 12 बजे दुकान बंद करवाने का काम करती है तो कुछ नशे के शौकीन वर्दीधारी देररात जबरन दुकान खुलवाते हैं और मना करने पर अक्सर गाली गलौज व मारपीट करते हैं। अब देखना यह है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस पर क्या एक्शन लेते हैं।

# युवक ने कमरे के अंदर सुसाइड कर दी जान



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया मोहल्ले में एक 18 वर्षीय युवक का कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। युवक ने सुसाइड किन कारणों से किया, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना के वक्त युवक के परिजन घर से बाहर थे, जब वो वापस लौटे तो युवक उन्हें फंदे में लटकता मिला। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक कृष्ण रावत 18 वर्ष निवासी निपनिया घटना के दिन घर में अकेला था, जबकि घर के सभी लोग बसंत पंचमी का मेला देखने गए थे। शाम तकरीबन 7 बजे जब परिजन घर वापस आए तो कृष्णा फांसी के फंदे पर लटकता मिला, जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची जहा से युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की विवेचना कर रही है, वहीं शव को पीएम के बाद बुधवार को परिजनों को सौप दिया गया है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**फांसी के फंदे से लटकता मिला शव**



**जागरण, रीवा।** मऊगंज थाना क्षेत्र के चोरिहारी गांव में एक नवविवाहिता की फांसी के फंदे से लटकती लाश मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि पति- पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना की जानकारी होने पर परिजन आनन फानन में उसे लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने नवब्याहता को मृत घोषित कर दिया। हालांकि घटना कैसे और क्यों हुई, कारण अभी अज्ञात बना हुआ है, जिसकी जांच मऊगंज पुलिस ने शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मऊगंज पुलिस ने बताया कि मृतिका उजमा खान की शादी चोरिहारी मऊगंज निवासी रफीक खान के साथ हुई थी, जिसकी एक बच्ची भी है। बताया गया कि बीते दिवस दोपहर तकरीबन 2 बजे यह सूचना मिली कि उजमा खान का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा है, जिसे लेकर परिजन रीवा पहुंचे थे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि नवब्याहता की मौत के कारण अभी अज्ञात बने हुए हैं, अभी तक यही बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर घटना से पहले रात में विवाद हुआ था। जिसके बाद नवब्याहता का कमरे के अंदर फांसी से लटकता शव मिला। मऊगंज पुलिस अब मर्ग कायम कर पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मनगवां पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ठेकेदार की सेटरिंग चोरी कर दूसरे व्यक्ति को बेचे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत मनगवां थाना में की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने घटना में शामिल राजेश कुमार साकेत पिता गंगा प्रसाद साकेत 18 वर्ष, रोहित कुमार साकेत पिता बाबूलाल साकेत 20 वर्ष दोनो नि. वार्ड क्रमांक 15 मनगवां व सोनू कुमार साकेत पिता भारतलाल साकेत 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 मनगवां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है, साथ ही अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

# मायके से लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला, नाराज लोगों ने लगाया जाम

**मऊगंज थाना क्षेत्र टड़हर के पास हुआ हादसा**



**जागरण, रीवा।** मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे में टड़हर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में अनियंत्रित ट्रक ने महिला को कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना में बाइक सवार दो तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की मौत के बाद नाराज लोगों ने एनएच में शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे घंटों आवागवन भी बाधित रहा। घटना के संबंध में मऊगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हनुमना थाना क्षेत्र के पांती मिश्रान खोखला टोला निवासी श्रीनिवास केवट अपने पत्नी के साथ बाइक से चाक मोड़ अपनी ससुराल आए हुए थे, बताया गया कि मृतक महिला के भाई के नाती का जन्मदिन था, जिसके बाद दो बाइक में सवार होकर चार लोग वापस अपने गांव आ रहे थे। तभी टड़हर के पास पीछे से आए ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अपने भांजे के साथ बाइक में बैठी महिला चंद्रवती केवट पति श्रीनिवास केवट 47 वर्ष निवासी पांती मिश्रान खोखला टोला की मौत हो गई जबकि घटना में राधिका केवट, राजकुमार केवट व रामदास केवट घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मऊगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे आवागमन घंटों बंद रहा। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया, जिसे हनुमना पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे को जाम कर दिया था, जिसकी सूचना के बाद मऊगंज पुलिस पहुंची और नाराज लोगों को समझाइश देकर महिला के शव को अस्पताल की मर्चुरी में भिजवाया गया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया, वहीं पुलिस मर्ग कायम कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। घटना के संबंध में पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक 4 फरवरी को नाबालिग के परिजनों ने शिकयत दर्ज करवाई की उसकी बेटी बसंत पंचमी का मेला देखने गई थी, जहां उनकी लड़की को आरोपी मनीष मिला और रानीतालाब पार्क घुमाने के बहाने ले गया और और वहां लडकी से छेड़छाड़ करने लगा। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी मनीष कुशवाहा पिता बैजनाथ कुशवाहा निवासी करहिया को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की, जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।


स्कूल बस बेचना है
मॉडल नं.: 2007
गाड़ी नं.: MP17P0219
शीघ्र संपर्क करें
प्रमोद शर्मा
बिरला केबल लिमिटेड
उद्योग विहार चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
7869966273

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996 7771009417 9302496943
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गायेल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू यादव
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

भोपाल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ रीवा में
09 फरवरी रविवार, रीवा में नियमित OPD प्रत्येक रविवार को
समय: सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक
डॉ. पवन कुमार मिश्रा
एमबीबीएस, डीएनबी (आर्थोपेडिक) आर्थोपेडिक सर्जन, चिरायु मेडिकल कालेज भोपाल
ट्रामा, आर्थोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
• घुटने, कूल्हे, कंधे, कमर, गर्दन एवं पीठ का दर्द • सर्वाइकल स्पोंडोलाइटिस • गठियाबात • जोड़ों के घिसने एवं टेढ़ेपन का ईलाज • घुटने व कुल्हे का अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण • घुटने के लिगामेंट इंजुरी का अत्याधुनिक ईलाज • ट्रामा एवं फ्रेक्चर • अर्थराइटिस, हड्डियों की कमजोरी
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

NOVATION INDIA
AUTHORIZED SALES DISTRIBUTOR & SERVICE PARTNER OF TATAPLAY | SYMPHONY | HAVELL WATER RO
HAVELLS Symphony TATA PLAY
आवश्यकता है
1. फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव (Field Sales Executive) अनुभव : इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में 1 वर्ष का — 1 पद
2. फील्ड तकनीशियन (Filed Technician ) आईटीआई एव डिप्लोमा इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर ट्रेड — 5 पद
3. ग्राफिक डिजाइनर (Graphic Designer ) — 1 पद
4. कंप्यूटर ऑपरेटर सह टेलीकॉलर (Computer Operator Cum Telecaller) अनुभव : 1 वर्ष एवं Female Candidate — 1 पद
सैलरी :-योग्यतानुसार , पेट्रोल एवं मोबाइल अतिरिक्त
पता- आजाद नगर बीबीएस स्कूल रोड रीवा (म.प्र.)
मो.: 8602560101, 8602570101, 8602580101
ईमेल:- novationindia@gmail.com

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल , नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श: हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी)
परामर्श समय- प्रतिदिन
DrNB सुपरस्पेशलिटी (ऑन्को सर्जरी), FALS (रोबोटिक और मिनिमल एसेस सर्जरी)
पूर्व सर्जन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (MICC) दिल्ली NCR एवं AIIMS भोपाल
विशेषता
• मुख कैंसर सर्जरी • स्तन कैंसर सर्जरी • थायरॉइड एवं इंडोक्राइन कैंसर सर्जरी • स्त्री रोग कैंसर सर्जरी • प्रोस्टेट एवं यूरोलॉजिक कैंसर सर्जरी • पेट, लीवर एवं पैंक्रियाज कैंसर सर्जरी • मेलोनेमा एवं त्वचा कैंसर सर्जरी • सिर, चेहरा एवं गर्दन कैंसर सर्जरी
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com